RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 287
फरीदाबाद, रविवार, 28 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



डेटा से निर्धारित आकलन बच्चों के सीखने में मदद नहीं कर रहा है

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com


## आपके काम की आवश्यक बात

# एक दिसंबर से होने जा रहे हैं पांच बड़े बदलाव

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नवंबर** महीना खत्म होने में कुछ दिन बचे हैं। अगला महीना यानी दिसंबर अपने साथ कई बदलाव लेकर आएगा। बैंकिंग और ईपीएफओ सहित कई नियमों में एक दिसंबर से बदलाव होने वाले हैं। इनका असर आम आदमी पर पड़ेगा। पायनियर आपको ऐसे ही 5 बदलावों के बारे में बता रहा है।

**आधार यूएएन लिंक न होने पर पीएफ का पैसा रुक जाएगा:** यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को आधार कार्ड से 30 नवंबर तक लिंक करना जरूरी है। ऐसे में अगर आप 30 नवंबर तक ऐसा नहीं कर पाते, तो 1 दिसंबर से आपके खाते में कंपनी की ओर से आने वाला कॉन्ट्रिब्यूशन रोक दिया जाएगा। इसके अलावा आधार कार्ड से लिंक नहीं कराने पर आपको ईपीएफ अकाउंट से पैसा निकालने में भी परेशानी हो सकती है।




**एसबीआई क्रेडिट कार्ड यूजर्स को 99 रुपये चार्ज देना होगा:** अगर आपके पास एसबीआई का क्रेडिट कार्ड है, तो अगले महीने से इसके जरिए खरीदारी करना आपको थोड़ा महंगा पड़ेगा। हर खरीदारी पर 99 रुपये और टैक्स अलग से देना होगा। यह प्रोसेसिंग चार्ज होगा। एसबीआई के अनुसार 1 दिसंबर 2021 से सभी मर्चेंट ईएमआई के लेन-देन पर बतौर प्रोसेसिंग चार्ज 99 रुपये और टैक्स देना होगा। सबसे पहले एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने इसकी शुरुआत की है।




**पंजाब नेशनल बैंक की ब्याज दरों में बदलाव:** देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अकाउंट होल्डर्स को झटका दिया है। बैंक ने सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला किया है। बैंक ने सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दरों को सालाना 2.90 से घटाकर 2.80 फीसद करने का फैसला किया है। नई दरें 1 दिसंबर से लागू होंगी।

### माचिस की कीमत हो जाएगी दोगुनी



माचिस की कीमत 14 साल बाद दोगुनी होने वाली है। एक दिसंबर 2021 से आपको माचिस की एक डिब्बी के लिए 1 रुपये की जगह 2 रुपये खर्च करने होंगे। आखिरी बार 2007 में माचिस के दाम 50 पैसे से बढ़ाकर 1 रुपये किए गए थे। कीमतों में बढ़ोतरी की वजह माचिस को बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के दामों का बढ़ना है।

### कम हो सकते हैं गैस सिलेंडर के दाम



सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर के दाम की समीक्षा करती हैं। अफ्रीका में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट मिलने के बाद कच्चे के दाम में बड़ी गिरावट आई है। ऐसे में उम्मीद है कि एक दिसंबर की समीक्षा में एलपीजी सिलेंडर के दाम कम हो सकते हैं।

# पलवल में पेट्रोल पंप से 2.50 लाख रुपये की लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

पलवल में दो हथियारबंद बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप से 2.50 लाख रुपये लूट लिए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी की, लुटेरे हाथ नहीं आए।

श्रीगणेश आयल फिलिंग स्टेशन पर गांव सोलड़ा का रोहित मैनेजर है। उसने बताया कि रात को पंप पर सुनहरी नंगला निवासी रविंद्र और सोलडा गांव निवासी नितेश ड्यूटी पर थे। उसी दौरान बाइक पर दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आए। उन्होंने ऑफिस का दरवाजा खटखटाकर खुलवाया और पंप कारिंदों पर देसी पिस्तौल तान दी। बदमाश इसके बाद ऑफिस में रखी तिजोरी तोड़कर 2.50 लाख और नितेश का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप पर लूटपाट की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। लुटेरे आपस में एक दूसरे का नाम संदीप व लब्बू पुकार रहे थे। उनके वहां से जाने के बाद कारिंदों ने लूटपाट की जानकारी पंप मैनेजर और पुलिस को दी। चांदहट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग को कब्जे में लेकर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.01°C
न्यूनतम 14.02°C

## क्विक न्यूज

### सर्दी के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने चाहिए: आजाद

**श्रीनगर।** कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि केंद्र को फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करके सर्दी के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराने चाहिए। श्रीनगर से लगभग 75 किमी दूर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के देवसर इलाके में कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा कि सर्दी के अगले चार महीने में चुनाव कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, अगले चार महीने में चुनाव संभव नहीं हैं और अगर वे (केंद्र) चाहें तो भी हम न कहेंगे। हम सभी ने (जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई) सर्वदलीय बैठक में कहा था कि पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और फिर परिसीमन होना चाहिए।

### 'अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं सीएम- डिप्टी सीएम'

**जींद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर सीधे-सीधे संगठित अपराध को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जींद की ऐतिहासिक धरती को गुंडों की धरती बना दिया गया है और यहां किसी की भी जिंदगी सुरक्षित नहीं है। सुरजेवाला ने शनिवार को पुरानी अनाज मंडी में कांग्रेस के धरना व प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि डकैती एवं लूटपाट जींद के मानचित्र का हिस्सा हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिन में श्याम सुंदर बंसल के हत्यारे गिरफ्तार नहीं हुए तो कांग्रेस जनांदोलन छेड़ेगी।

### उपराज्यपाल ने आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने वरिष्ठ अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल का सख्त पालन सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में तैयारी रखने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) सोमवार को होने वाली अपनी बैठक में अंतरराष्ट्रीय विमानों से उतरने वाले यात्रियों की आरटी-पीसीआर जांच कराने और दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, जिम्बाबवे और हांगकांग सहित जिन देशों में कोरोना का नया स्वरूप मिला है, उस देशों से आने वाले यात्रियों को पृथकवास में रखने के संबंध में फैसला कर सकता है।

### हुनर हाट में 12 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में लगे हुनर हाट में करीब दो सप्ताह के दौरान 12 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई और ऑर्डर मिले। व्यापार मेले में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित 33वें हुनर हाट में 30 से अधिक राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों के 550 से ज्यादा दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों ने भाग लिया। हुनर हाट के समापन के अवसर पर नकवी ने संवाददाताओं को बताया कि इस हुनर हाट में लोगों ने 12 करोड़ से अधिक के स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की और दस्तकारों, कारीगरों, शिल्पकारों को ऑर्डर भी दिए।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

## नए कोरोना वैरिएंट से दहशत, इमरजेंसी मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा

# इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू करने के फैसले का रिव्यू करें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दक्षिण** अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के डर से दुनियाभर में प्रतिबंध लगने शुरू हो गए हैं। इसी वैरिएंट पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अफसरों की एक इमरजेंसी बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि नए वैरिएंट को लेकर हमें अभी से अलर्ट होने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्राओं में छूट देने की जो योजनाएं हैं, उनकी फिर से समीक्षा भी की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए वैरिएंट के लिए हमें अभी से तैयारी की जरूरत है। जिन इलाकों में ज्यादा केस आ रहे हैं, वहां पर निगरानी और कंटेनमेंट जैसी सख्ती जारी रखी जाए। लोगों को और ज्यादा सतर्क होने की जरूरत है। मॉस्क और सोशल डिस्टेंसिंग जैसी चीजों का पालन सही तरह से किया जाए। अंतरराष्ट्रीय यात्राओं में छूट देने की योजना की समीक्षा की जाए। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज की कवरेज बढ़ाने पर फोकस करना चाहिए। राज्यों को इस बात पर ध्यान देना होगा कि जिन्हें पहली डोज मिल गई है, उन्हें दूसरी डोज समय पर दे दी जाए। मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक ऐसे समय बुलाई गई है, जब अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर दुनियाभर के देश डर गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफेक्शियस डिजीज ने बताया, देश में इस वैरिएंट के अब तक 22 केस मिले हैं। वैज्ञानिकों ने इसे बी.1.1.529 नाम दिया है। इसे वैरिएंट ऑफ सीरियस कंसर्न बताया है।


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन देशों से फ्लाइट पर रोक लगाने की मांग की है, जो कोरोना के नए वैरिएंट से प्रभावित हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि बड़ी मुश्किल से हमारा देश कोरोना से उबर पाया है। हमें इस नए वैरिएंट को भारत में आने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हॉन्गकॉन्ग, बोत्सवाना और इजराइल से आने वाले यात्रियों की जांच के लिए सभी एयरपोर्ट्स को निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। राज्यों से कहा गया है कि वे दक्षिण अफ्रीका, हॉन्गकॉन्ग, बोत्सवाना और इजराइल से आने वाले यात्रियों की अच्छी तरह से जांच करें। किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे एक लेटर में हेल्थ सेक्रेटरी राजेश भूषण ने कहा, पॉजिटिव पाए जाने वाले सैंपल्स को तुरंत जीनोम सीक्वेंसिंग लैबोरेटरी में भेजा जाए। देश के नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी इस वैरिएंट को लेकर आगाह किया है।



### सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में मिले बी.1.1.529 वैरिएंट के केस

सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में इस (बी.1.1.529) वैरिएंट के केस मिले थे। वहां अब तक इस वैरिएंट से 77 लोग इंफेक्ट हो गए हैं। बोत्सवाना में भी 4 लोग इस वैरिएंट से इंफेक्टेड मिले हैं। चिंता वाली बात ये है कि बोत्सवाना में पूरी तरह वैक्सीनेटेड लोग भी इसकी चपेट में आ गए हैं। साथ ही हॉन्गकॉन्ग में भी इस नए वैरिएंट के 2 केस मिले हैं। फिलहाल दोनों मरीजों को आइसोलेशन में रखा गया है और निगरानी की जा रही है। इजराइल में भी इस वैरिएंट से इंफेक्टेड एक केस की पुष्टि हुई है। इंफेक्टेड व्यक्ति दक्षिण अफ्रीकी देश मलावी से लौटा है। ऐसा माना जा रहा है, चूंकि वैक्सीन को चीन में मिले वायरस के हिसाब से बनाया गया है, लेकिन ये स्ट्रैन उस मूल वायरस से अलग है। हो सकता है कि इस वैरिएंट पर वैक्सीन इफेक्टिव न हो। इफेक्टिव हो भी तो उसकी एफिकेसी कम हो सकती है। हालांकि, इस बारे में अभी कुछ भी पुख्ता जानकारी नहीं है।

### दक्षिण अफ्रीका से कर्नाटक आए दो कोरोना पॉजिटिव



**बेंगलुरू।** कर्नाटक में विदेश से आने वाले यात्रियों में से दक्षिण अफ्रीका से आए दो लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दक्षिण अफ्रीका में सबसे पहले मिले कोरोना वैरिएंट ओमिक्रॉन के खतरे के बीच इस खबर ने कर्नाटक सरकार की नींदें उड़ा दी है। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि दोनों संक्रमितों के सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। उसके बाद कोरोना के वैरिएंट के बारे में कुछ भी कहा जा सकेगा। राज्य मुख्यमंत्री ने बसवराज बोम्मई ने आपात बैठक बुलाई और कोरोना से निपटने के लिए नई गाइडलाइन का एलान कर दिया। कर्नाटक के मंत्री आर अशोक ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से 1000 से ज्यादा लोग आए हैं। उन सभी का परीक्षण किया गया है। जो लोग पहले ही बेंगलुरु या कहीं और आ चुके हैं, उनका 10 दिन बाद एक और टेस्ट किया जाएगा।

### अंसल बंधुओं की सजा निलंबित करने पर आदेश सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने के लिए रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल को सुनाई गई सात साल की जेल की सजा निलंबित की जाए या नहीं, इस पर अपना फैसला शनिवार को तीन दिसंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल अंतिल ने मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा अंसल बंधुओं की दोषसिद्धि और जेल की सजा के खिलाफ दायर उनकी अपील पर शनिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने के अलावा अंसल बंधुओं ने सत्र अदालत से अपील पर फैसला होने तक उनकी जेल की सजा को निलंबित करने का आग्रह किया था।

## किसानों का 29 नवंबर का ट्रैक्टर मार्च स्थगित

# सरकार का रुख देखकर अगली रणनीति बनाएंगे किसान

### लेकिन तब तक दिल्ली बॉर्डर पर डटे रहेंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**किसानों** का 29 नवंबर को होने वाला ट्रैक्टर मार्च स्थगित हो गया है। अब चार दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होगी, जिसमें सरकार के रुख की समीक्षा करके अगली रणनीति बनाई जाएगी। पंजाब के किसान संगठनों ने सरकार के रुख में नरमी बरतते हुए मार्च पर अपना अड़ियल रवैया छोड़ दिया है। सिंघु बॉर्डर पर शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृषि कानूनों की वापसी के एलान और अब उस पर केंद्रीय कैबिनेट की मुहर लगने के बाद भी किसान आंदोलन खत्म फिलहाल जारी है। आंदोलन को एक साल पूरा होने पर शुक्रवार को सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर किसानों की भीड़ ने शक्ति प्रदर्शन किया। 29 नवंबर को शुरू हो रहे संसद सत्र के दौरान सिंघु और टीकरी बॉर्डर से 500-500 ट्रैक्टरों के साथ संसद कूच का एलान पहले से प्रस्तावित था, जिसे टाल दिया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि पंजाब के किसान संगठन सरकार के रवैए के बाद अब थोड़ी नरमी के मूड में है। लंबे समय से चल रहे आंदोलन के कारण अब पंजाब के नेता वापसी पर जोर दे सकते हैं। क्योंकि कानून वापसी के एलान के बाद उन्हें नैतिक तौर पर मिली जीत को वह खोना नहीं चाहते।



वहीं दूसरी तरफ किसान नेताओं का कहना कि संसद में जब तक कानून निरस्त होने की प्रक्रिया पूरी नहीं होती और अन्य मांगों पर कोई फैसला नहीं होता, तब तक वे बॉर्डर पर डटे रहेंगे। किसान आंदोलन को जारी रखने की सबसे बड़ी मांग अब एमएसपी की उठाई जा रही है। इसे आंदोलन की शुरुआत से ही किसान अपनी मुख्य मांगों में शामिल किए हुए हैं। शनिवार को होने वाली बैठक में इन सब मुद्दों पर चर्चा हुई।

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक दोपहर बाद हुई। बैठक किसान नेता बलबीर राजेवाल, गुरनाम चढूनी, जोगिंदर उग्राहां समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहें। वहीं किसान नेता राकेश टिकैत पहले से ही कह रहे हैं कि इस सरकार पर भरोसा नहीं है। इसलिए संसद में कानून के निरस्तीकरण तक इंतजार करने के साथ ही एमएसपी की गारंटी कानून सबसे बड़ी मांग है।

### 'हम भाजपा की लूट वाली नीति को खत्म करेंगे'

**महोबा (यूपी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी ने शनिवार को लड़की हूं, लड़ सकती हूं के नारे के उद्घोष के साथ कहा कि भाजपा की नई खनिज नीति, किसानों की दुर्दशा, पानी की समस्या, बेरोजगारी, महंगाई के चलते बुंदेलखंड का बुरा हाल है। प्रियंका ने दावा किया कि हम भाजपा की लूट वाली नीति को खत्म करेंगे। प्रियंका ने शनिवार को छत्रसाल स्टेडियम में प्रतिज्ञा रैली में वादा किया, यूपी में कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा और महिलाओं को साल में तीन घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, कोरोना काल में आर्थिक तंगी के चलते बिजली बिल न जमा करने वालों का बिजली बिल भी माफ होगा।

# गुरपतवंत पन्नू ने की सवा लाख डॉलर देने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रतिबंधित** संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू एक बार फिर से देश के खिलाफ जहर उगल रहा है और नौजवानों व किसानों को कॉल करके भड़काऊ स्पीच दे रहा है। किसानों के संसद मार्च के चलते बार-बार रिकार्डिड ऑडियो कॉल भेजकर युवाओं को उकसा रहा है। दिन में दो बार कॉल आ रही है।

गुरपतवंत कह रहा है कि 1929 में भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिए पार्लियामेंट में बम फेंका था। तुम 29 नवंबर को ट्रैक्टर का हथियार लेकर खालिस्तान के केसरी झंडे लेकर भारत की संसद पर चढ़ा देना। सिख फॉर जस्टिस सवा लाख डॉलर इनाम देगी। 29 नवंबर को खालिस्तान केसरी चढ़ा दो भारत की संसद पर... पंजाब, किसान, हल खालिस्तान। प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत ने पहले भी कई बार देश के खिलाफ भड़काऊ भाषण दे चुका है। इसका मुख्यालय अमेरिका में है। 15 अगस्त 2020 को खालिस्तानी झंडा लगाने पर अमेरिकी डॉलर इनाम देने की घोषणा की थी। युवाओं को केसरी झंडा किसी भी सार्वजिनक स्थान पर लगाने के आदेश दिए थे। 15 अगस्त 2020 में सिरसा के कालांवाली में चार युवाओं ने खालिस्तानी झंडा गांव सिंघुपरा के बस स्टॉप पर लगा दिया था।

## दक्षिण अफ्रीकी कोरोना वैरियंट ने डराया

# महाराष्ट्र सरकार ने बाहर से आने वालों के लिए जारी की नई गाइडलाइन

**एजेंसी।** मुंबई

**कोरोना** के नए दक्षिण अफ्रीकी वैरिएंट के तेजी से फैलाव को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने शनिवार को नई गाइडलाइन जारी की है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी इंटरनेशनल डेस्टिनेशन से राज्य में आने वाले सभी यात्री हर हाल में भारत सरकार की तरफ से तय नियमों का पालन करेंगे। इसके अलावा राज्य में उन्हीं घरेलू यात्रियों को आने की इजाजत होगी, जो या तो टीके की दोनों खुराक ले चुके हों या उनके पास 72 घंटे पुरानी वैध आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट मौजूद हो।





पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल सिर्फ वही कर सकते हैं, जिन्होंने वैक्सीन की दोनों डोज ली है। यदि दोनों डोज नहीं लेने वाला व्यक्ति, टैक्सी / प्राइवेट ट्रांसपोर्ट, 4-व्हीलर या किसी बस के अंदर पाया जाता है, तो उस पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को बैठाने वाली बस या टैक्सी के ड्राइवर/हेल्पर/कंडक्टर पर भी 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। बसों के मामले में परिवहन एजेंसी के मालिक पर भी 1000 रुपये का जुर्माना लगेगा। कोई भी पब्लिक या सोशल गैदरिंग अगर किसी कवर्ड क्षेत्र यानी किसी सिनेमा हॉल, थिएटर, मैरिज हॉल, कन्वैक्शन हॉल इत्यादि में होती है, तो वहां सिर्फ 50 फीसद कैपेसिटी में ही लोगों को आने दिया जाए। खुले में आयोजित होने वाले समारोह में कुल कैपेसिटी के 25 फीसद लोगों को ही शामिल होने की अनुमति होगी। किसी भी दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान, मॉल, इवेंट्स या अन्य सोशल गैदरिंग में सिर्फ वे ही लोग जा सकते हैं, जिन्होंने वैक्सीन की दोनों डोज ले ली है। किसी भी प्रोग्राम इवेंट और शो में सिर्फ वही लोग शामिल हो सकेंगे, जो पूरी तरह से वैक्सीनेटेड हैं। ऐसे लोग महाराष्ट्र सरकार की आधिकारिक वेबसाइट से अपना वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं या कोविन सर्टिफिकेट दिखा सकते हैं।

### दक्षिण अफ्रीका से आने वालों का होगा कोविड परीक्षण, रहना होगा क्वारेंटाइन

इससे पहले शनिवार को ही मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका से महानगर में आने वाले सभी लोगों का कोरोना परीक्षण किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका से लौटने वाले हर व्यक्ति को मुंबई आने पर क्वारेंटाइन किया जाएगा। साथ ही उनके सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा, मैं हर किसी से यह अनुरोध करती हूं कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे और मॉस्क पहने ताकि इस नई महामारी को रोका जा सके। मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने शनिवार को इन एहतियाती कदमों की जानकारी दी।

### ब्रिटेन के बाद अमेरिका सऊदी अरब और श्रीलंका ने फ्लाइट्स बैन की

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से दुनिया में फैल रहा है। हॉन्गकॉन्ग और बोत्सवाना के बाद इजराइल और बेल्जियम में भी नए वैरिएंट से संक्रमित लोग मिले हैं। इसके बाद ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड ने अफ्रीकी देशों से आनी वाली फ्लाइट्स पर बैन लगा दिया। अब अमेरिका, सऊदी अरब, श्रीलंका, ब्राजील समेत कई देशों ने भी अफ्रीकी देशों की फ्लाइट बैन कर दी है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीकी स्वास्थ्य मंत्री ने इन बैन को अनुचित बताया है। भारत ने अब तक किसी देश की फ्लाइट पर बैन नहीं लगाया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरिशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, इजरायल, हॉन्गकॉन्ग और ब्रिटेन समेत यूरोप के कुछ देशों से आने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, रविवार, 28 नवंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 14.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- साई धाम तिगांव में रोटरी क्लबों के चयनित प्रधानों के सम्मान समारोह : सुबह 11 बजे
- बसंतपुर रूट से शुरू होगी बस सेवा : सुबह 11 बजे
- एनएच-पांच एन ब्लॉक स्थित राम मंदिर में नेत्र जांच और रक्तदान शिविर : सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु

**अधिकांश** कारोबारी क्षेत्र महामारी की दिक्कतों से उभर रहे हैं और इससे आर्थिक गतिविधियों में लगातार सुधार हो रहा है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लोगों को काम पर रखने की गति काफी तेज है। रियल एस्टेट में बड़ा सुधार देखा जा रहा है। कृषि जिंसों की कीमतों में वृद्धि से दूरदराज के इलाकों में अधिक आय प्राप्त होने संभावना बढ़ी है। कुल मिलाकर सभी क्षेत्रों से सकारात्मक समाचारों का प्रवाह बना हुआ है। सकारात्मक संभावनाओं के बीच, हमें तीसरी लहर की किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए।

### यूटीलिटी न्यूज

## संत सूरदास को समर्पित सांस्कृतिक संध्या आज

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा सरकार द्वारा 28 नवंबर को सायं 5 बजे सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में संत सूरदास के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कला एवं संस्कृतिक विभाग की कला एवं संस्कृति अधिकारी (संगीत) डॉ. दीपिका रानी ने बताया कि विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी सुरेश एवं निदेशक प्रतिमा चौधरी के निर्देशानुसार संत सूरदास पर आधारित संगीतमय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पद्मश्री अवॉर्डी संगीता गुहा, पद्मश्री शोभना नारायण व प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार हरविंद्र राणा और अन्य कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुमधुर हंसध्वनि संस्था के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव करेंगे।

### क्विक न्यूज

## जलवायु परिवर्तन पर सेमिनार

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय चेतना शक्ति फाउंडेशन के साथ मिलकर डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय जलवायु परिवर्तन रहा। वर्तमान समय में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण के कारण मौसम और जलवायु में निरंतर आ रहे परिवर्तनों से छात्रों को अवगत कराने के उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस और मानव रचना एजुकेशन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर एनसी वधवा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वधवा जी ने फरीदाबाद जिले में जलवायु से संबंधित समस्याओं की ओर सबका ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने एक नवंबर से 12 नवंबर तक चलने वाले सीओपी 26 सम्मेलन जो कि ग्लास्गो (यू.के.) में हुआ, उससे जुड़ी मुख्य बातों पर प्रकाश डाला और उसमें लिए गए निर्णयों पर चर्चा की।

# पॉलीथिन पर दिखावे के प्रतिबंध से पर्यावरण को हो रहा है नुकसान

### उत्पादन रोकने की बजाए दुकानदारों के चालान काटकर लगा रहे प्रतिबंध

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**पॉलीथिन** बैग के इस्तेमाल की वजह से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि यह शहर में फैली गंदगी के लिए भी जिम्मेदार है। लेकिन नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा पॉलीथिन बैग के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के झूठे दावें किये जा रहे हैं।

सख्ती के अभाव में पॉलीथिन बैग का लोग उत्पादन कर बाजार में बेच रहे हैं। चाहे शहर की सब्जी मंडियां हो या अन्य बाजार हर जगह पॉलीथिन बैग का धड़ल्ले के साथ इस्तेमाल हो रहा है। इसके लिए शहर के आम लोग भी कम जिम्मेदार नहीं है। लोगों ने खरीदारी के लिए बाजार जाते समय परपंरागत कपड़े के थैले का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। ऐसे में ग्राहक की नाराजगी से बचने और ग्राहक के लौटने के डर से दुकानदारों द्वारा पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि शहर में कई सामाजिक संस्थाएं लगातार लोगों को पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रही है। लेकिन इसका असर होता नजर नहीं आ रहा है। लापरवाही से जहां पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं सीवर और नालियां जाम होने की समस्या बढ़ रही है। प्रतिबंध के नाम पर यूनिटों को बंद करवाने की बजाए प्रशासन द्वारा दुकानदारों पर कार्रवाई की जाती है।



डबुआ सब्जी मंडी में पॉलीथिन बैग में सब्जी खरीदकर ले जाते ग्राहक।



डबुआ सब्जी मंडी में सरेआम बेची जा रही पॉलीथिन की थैलियां।

### कार्रवाई के नाम पर दिखावा

**अदालत** या सरकार की तरफ से पाबंदी लगाने का दबाव आने पर नगर निगम के कर्मचारी कुछ दिनों तक पॉलीथिन बैग के खिलाफ अभियान चलाते हुए नजर आते हैं। इस दौरान निगम कर्मी छोटे मोटे सब्जी की रेहड़ी लगाने वालों और दुकानदारों पर जुर्मान लगाकर अपना कर्तव्य पूरा कर लेते हैं। कुछ दिनों के दिखावे के बाद निगम कर्मी अदालत अथवा सरकार के आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल देते है। जिसके बाद फिर से खुलेआम पॉलीथिन की प्रतिबंधित थैलियों का इस्तेमाल शुरू हो जाता है। लेकिन नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अथवा जिला प्रशासन की तरफ से पॉलीथिन बैग का उत्पादन करने वालों और बाजारों में इनकी थोक में बिक्री करने वाले व्यापारियों अथवा सप्लायरों के खिलाफ कभी ठोस कार्रवाई करने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। पॉलीथिन बैग आसानी से बाजार में उपलब्ध होने की वजह से इसका खुलेआम इस्तेमाल हो पा रहा है। इसलिए पॉलीथिन बैग के प्रचलन को रोकने के लिए प्रशासन को सबसे पहले इसके उत्पादन और आपूर्ति पर पूरी तरह पाबंदी लगानी होगी। लेकिन इस ओर जिला प्रशासन द्वारा ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की जाती।

### विकल्प होने के बावजूद इस्तेमाल

**पॉलीथिन** बैग के लगातार इस्तेमाल से सबसे ज्यादा पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है। पॉलीथिन बैग की वजह से ही शहर में सीवर जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। आमतौर पर लोग इन थैलियों का इस्तेमाल करने के बाद इधर उधर फेंक देते है। जो उड़कर सीधा नालियों और सीवर की पाइप लाइनों में जाकर फंस जाती है। पॉलीथिन नष्ट न होने की वजह से यह नालियों और सीवर लाइन को बुरी तरह जाम कर देता है। निकासी न हो पाने के कारण गंदा पानी नालियों और सीवर के मैनहॉल से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। जिससे प्रदूषण का स्तर शहर में तेजी के साथ बढ़ने लगता है। कूड़े में पड़ी पॉलीथिन निगलने से बेसहारा गौवंश भी बुरी तरह बीमार हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि बाजार में पॉलीथिन बैग के विकल्प मौजूद नहीं है। पॉलीथिन बैग से पहले परंपरागत कागज के लिफाफों का प्रचलन था। पॉलीथिन के विकल्प के रूप में लिफाफों का इस्तेमाल एक बार फिर शुरू हो गया है। समस्याओं को देखते हुए बड़े दुकानदारों ने नॉन वोवन कैरी बैग इस्तेमाल करने शुरू किए हैं। यह बैग मिट्टी में गल जाता है।



एनएच एक मार्केट में पॉलीथिन बैग में सामान ले जाते ग्राहक।

### सभी की भागीदारी जरूरी



दीपक मिश्रा

**समाजसेवी** दीपक मिश्रा का कहना है कि वह डबुआ कालोनी की सब्जी मंडी के दुकानदारों को लगातार पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। लेकिन ग्राहक जब थैला लेकर नहीं आते जो उन्हें मजबूरी में पॉलीथिन बैग इस्तेमाल करना पड़ता है। पॉलीथिन बैग पर सिर्फ सरकार अकेले पाबंदी नहीं लगा सकती। इसके लिए सामाजिक संगठनों को भी कदम उठाना होगा। संस्थाओं को पॉलीथिन की थैली के विरोध में आम लोगों को जागरूक करना होगा।

### खोखले प्रयासों से लगा रहे प्रतिबंध

**पॉलीथिन** बैग के इस्तेमाल पर कभी भी जिला प्रशासन अथवा नगर निगम द्वारा गंभीरता के साथ प्रयास नहीं किये गए। जिसके कारण शहर भर में नालियां और सीवर लाइनें जाम होने की समस्या दिन पर दिन गंभीर रूप धारण करती जा रही है। शहर में लगने वाले कूड़े के ढेर में करीब 50 प्रतिशत से ज्यादा पॉलीथिन का कचरा होता है। प्रशासन की तरफ से हाल ही में डबुआ सब्जी मंडी स्थित मार्केट कमेटी के सचिव कार्यालय में पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने के लिए बैठक बुलाई गई थी। जिसमें मंडी के कुछ प्रमुख आढ़तियों को भी बुलाया गया था। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इंद्रजीत कुल्हाड़िया द्वारा दुकानदारों को पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया गया था। मौके पर मौजूद कुछ आढ़तियों ने पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्पादन पर रोक लगाने की सलाह दी थी। इस दौरान मंडी को पॉलीथिन फ्री करने के लिए कुछ समय देने की मांग भी की गई है। वहीं मंडी प्रशासन का दावा है दुकानदारों को पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# निगमायुक्त की अगुवाई में चलाया स्वच्छता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**स्वच्छ** बनेगा फरीदाबाद अभियान को अमलीजामा पहनाने के लिए निगम आयुक्त यशपाल यादव तथा वार्ड-30 के पार्षद सुभाष आहूजा की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता मौजूद थे। स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए मास्टर ट्रेनर रितु अरोड़ा और टीम, इकोग्रीन टीम और वार्ड कमेटी के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा सभी ने मिलकर ओल्ड फरीदाबाद मार्केट और वार्ड-30 में सफाई भी करवाई।

आपको बता दें कि शहर को साफ-सुथरा रखने, लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निगमायुक्त यशपाल यादव ने वार्ड पार्षदों, वार्ड कमेटी मैम्बरों, आरडब्ल्यूए, इको ग्रीन टीम के साथ मिलकर एक मुहिम छेड़ी हुई है। अपनी इसी मुहिम के अंतर्गत वार्ड-30 में ओल्ड फरीदाबाद मार्केट में स्वच्छता अभियान और सफाई के प्रति लोगों को जागरूक कर अभियान चलाया। स्वच्छता ड्राईव की शुरूआत सुबह 9.30 बजे की गई। स्वच्छता अभियान के तहत फुटपाथ, डिवाईडर और सड़क के किनारे पड़ी गंदगी, झाड़-फूस को साफ करके कूड़ा ट्रैक्टर-ट्रालियों और रिक्शे द्वारा उठवाया गया।

निगमायुक्त यशपाल यादव ने लोगों से अपील की है कि वे सभी अपने आस-पास के एरिया को साफ-सुथरा रखें और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग करके इको ग्रीन की गाड़ियों में डलवायें ताकि पर्यावरण की रक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि हरा डस्टबिन में गीला कचरा, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन, अंडे के छिलके आदि को डालना है और नीला डस्टबिन में सूखा कचरा जैसे प्लास्टिक, बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े आदि को डालना है।



ओल्ड फरीदाबाद में स्वच्छता अभियान के तहत हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते निगमायुक्त यशपाल यादव और विधायक नरेंद्र गुप्ता।

# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में गजेंद्र फोगाट ने भरा रंग

### जेसी बोस में मीडिया विद्यार्थियों का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुक्रवार देर सायं रंगारंग समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध हरियाणवी लोक गायक गजेंद्र फोगाट ने शिरकत की तथा अपनी गायकी से खूब समां बांधा। सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की।

गजेंद्र फोगाट, जोकि हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक भी है, ने मीडिया के विद्यार्थियों को हरियाणवी कला एवं संस्कृति के महत्व से अवगत कराया। लंबे समय तक हरियाणा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के रूप कार्य कर चुके फोगाट ने विद्यार्थियों को मीडिया एवं जनसंपर्क से संबंधित भी अहम जानकारियां साझा की। फोगाट ने युवाओं के बीच मंच पर हरियाणवी व हिन्दी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। गजेंद्र फोगाट ने अपने लोकप्रिय गीत 'बहु-काले की' के साथ-साथ देशशक्ति के गीतों से युवाओं में जोश भरा। फोगाट व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से विद्यार्थियों का खूब मनोरंजन किया।



जेसीबोस विश्वविद्यालय मे कार्यक्रम प्रस्तुत करते हरियाणवी गायक गजेंद्र फोगाट।

# कुंदन ग्रीन वैली में जिला स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कुंदन** कॉलोनी स्थित कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में अंडर 17 एवं अंडर 19 स्कूल डिस्ट्रिक्ट गेम शूटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंडर 17 और 19 एआईआर पिस्तोल गेम के लिए स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने मुख्य अतिथि एईओ बुधिराम धनकर, एईईओ स्पोर्ट्स हरवीर अधाना का स्वागत बुके देकर किया।

प्रतियोगिता में फरीदाबाद शहर के अंडर 17 और 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की शूटिंग रेंज में हुआ। स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा और स्कूल की निर्देशक कमल अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और उन्होंने बताया कि मनीष नरवाल जो की खेल रत्न से सम्मानित हुए है। उन्होंने भी यही रेंज में प्रैक्टिस की और देश को ओलिंपिक में गोल्ड जिताया यह कह कर उन्होंने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। जिसमें ऑफिसियल कोच राकेश ठाकुर एवं स्कूल कोच दीपक ठाकुर मौजूद रहे। इसी के साथ स्कूल मे कोविड-19 से सुरक्षा हेतु सभी मापदंडों का पालन किया गया। शूटिंग प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में ही होंगे।



कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में आयोजित शूटिंग स्कूल डिस्टिक्ट गेम प्रतियोगिता में एईईओ हरवीर अधाना का स्वागत करते चेयरमैन भारत भूषण शर्मा।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आरटूएफ** मॉर्शल आर्ट एकेडमी में शनिवार को जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेपलिंग एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान दिवाकर सैनी, जनरल सैक्ट्री दुष्यंत सैनी मौजूद रहे।

एसोसिएशन के प्रधान दिवाकर सैनी ने बताया कि जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रशिक्षण शिविर में 70 किलोग्राम भार वर्ग में देवेंद्र जबकि 75 किलाग्राम भार वर्ग में दीपक कुमार का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि महिला वर्ग में 61 किलोग्राम भार वर्ग में पिंकी, 39 किलोग्राम भार वर्ग में संगीता यादव का चयन किया गया।

वहीं 64 किलोग्राम भार वर्ग में टेकराज अवस्थी, 78 किलोग्राम भार वर्ग में कनक मंडल जबकि 90 किलोग्राम भार वर्ग में अर्पित दुबे और 60 किलोग्राम भार वर्ग में विशाल यादव का चयन किया गया है। ग्रेपलिंग एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान दिवाकर सैनी, जनरल सैक्ट्री दुष्यंत सैनी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ग्रेपलिंग के गुर सिखाएं ताकि सभी खिलाडी खेल का अच्छा प्रदर्शन कर अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता 29 नवम्बर को पानीपत में आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के जनरल सैक्ट्री दुष्यंत सैनी ने बताया कि ग्रेपलिंग एक ऐसा खेल है, जो लगातार बढ़ रहा है, इसमें मॉशर्ल ऑर्ट की तकनीक से प्रतिद्वंदी को हराया जाता है। इस तकनीक का प्रयोग खेल और आत्मरक्षा के लिए किया जाता है।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ग्रेपलिंग प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनीत खिलाड़ी।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**डरायेगा किसी दिन झूठ का ये जाप तुमको भी**
**समझ में आयेगा है पुण्य क्या और पाप तुमको भी**
**भले मानो नहीं मानो किसी दिन तो सतायेगी**
**लुटेरी पूंजीवादी नीतियों की ताप तुमको भी**

# दुर्घटनास्थल का मुआयना करेंगे डीसीपी व एसीपी

### नई पहल : सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सड़क** दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने एक नई पहल की है।

पुलिस आयुक्त कार्यालय में डीसीपी, एसीपी व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में पुलिस आयुक्त ने कहा कि फरीदाबाद हरियाणा का सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला है। यहां कम क्षेत्रफल में अधिक लोग निवास करते हैं। कारखानों की संख्या अधिक होने के परिणाम स्वरूप फरीदाबाद में वाहनों की संख्या भी अधिक है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाऐं भी अधिक होती हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सबसे पहले दुर्घटना घटित होने के पीछे के कारणों का पता लगाना अति आवश्यक है। यदि दुर्घटना के कारण का सही से निरीक्षण किया जाए तो उस कारण को खत्म करके उस स्थान पर होने वाली दुर्घटना से नागरिकों को बचाया जा सकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ने एक योजना तैयार की है। जिसके बेहतर तरीके से निस्तारण के लिए ट्रैफिक डीसीपी एसीपी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस योजना के तहत दुर्घटना संभावित क्षेत्र जिस स्थान पर भी गंभीर दुर्घटना घटित होती है वहां पर डीसीपी व एसीपी ट्रैफिक स्वयं मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे और दुर्घटना के कारणों की एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसमें उस स्थान पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों का विवरण होगा। इस रिपोर्ट के अनुसार ही संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके निर्धारित स्थान पर यातायात सुरक्षा सदृढ़ की जाएगी। यातायात दुर्घटना के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें से चौराहों पर रेड लाइट, सड़क पर सचेतात्मक निर्देश, स्पीड ब्रेकर तथा रिफ्लेक्टर की कमी होना तथा तेज गति व गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क पर बहुत अधिक गड्ढे होना, आवारा जानवरों का एकदम से सड़क पर आ जाना आदि मुख्य कारण है। इन कारणों से निपटने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिह्नित किया जाना अति आवश्यक है। जिन स्थानों पर रेड लाइट, सचेतात्मक निर्देश या रिफ्लेक्टर की कमी के कारण दुर्घटना घटित होती है वहां पर संबंधित प्रशासनिक विभाग से संपर्क करके जल्द से जल्द वहां पर इन सबको उपलब्ध कराया जाए। तेज गति के कारण घटित होने वाली दुर्घटनाओं वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाएं रेड लाइट की व्यवथा सुनिश्चित करवाए जाएं। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर यात्रा के दौरान नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में अधिकरियों को संबोधित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

# जनहित सेवा संस्था ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से गांव डींग में मंदिर वाली वाटिका में सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर के समाजसेवी दीपक डागर ने किया और कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि संस्था समय-समय पर आपसी सहयोग से जनहित कार्य करती रहती है। जरूरतमंदों की सहायता करती है। नर सेवा नारायण सेवा है। संस्था के महासचिव व शिविर के मुख्य संयोजक सुभाष गहलोत ने बताया कि शिविर में 250 लोगों की निशुल्क जांच कर उन्हें दवाइयां भी सर्वोदय अस्पताल की तरफ से मुफ्त में दी गई। सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से संस्था भविष्य में भी आपसी सहयोग से इस तरह के जनहित कार्य करती रहेगी। शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग, घुटनों के रोग, सामान्य जांच, शुगर, बीपी ईसीजी की जांच कर दवाई मुफ्त में दी गई। शिविर में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर, संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, सचिव देवी चरण, विक्रम नम्बरदार, चरणसिहं, प्रेम नम्बरदार, भजनलाल अन्य गांव के गणमान्य लोग व जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद की टीम विशेष रूप से मौजूद थी।



गांव डीग में जनहित सेवा संस्था द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का रबन काटकर शुभारंभ करते दीपक डागर।

# हाईरिस्क गर्भवती ने दिया तीन बच्चों को जन्म

## सिविल अस्पताल के चिकित्सकों की मेहनत से जच्चा और बच्चा स्वस्थ्य

## साढ़े आठ माह की गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर कराई डिलीवरी : डॉ. रजनी

कविता। फरीदाबाद



पैदा हुए नवजात बच्चों के संग डॉ. रजनी, डॉ. दीपिका, डॉ. विष्णु व अन्य स्टाफ



मंजू।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में शनिवार को एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। तीनों लड़के और महिला स्वस्थ हैं। हालांकि तीनों बच्चों को एहतियातन नर्सरी में रखा गया है। अस्पताल की गायनोलॉजिस्ट डॉ. रजनी ने बताया कि साढ़े आठ माह की गर्भवती महिला की डिलीवरी करानी पड़ी। महिला को 24 घंटे तक यहां से वहां चक्कर काटने पड़े, जिसके बाद वह अस्पताल में पहुंची। जांच में पाया गया कि डिलीवरी कराना अत्यंत आवश्यक है। जिस पर ओटी में तुरंत टीम के साथ डिलीवरी कराने के बाद जच्चा-बच्चा और चारों की जान बचाई गई।

राजवती ने बताया कि उसकी बेटी मंजू गर्भवती थी। उसके पति दीपू ने उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि उसके गर्भ में तीन बच्चे पल रहे हैं। जिस पर उसका ध्यान रखते हुए सभी जांच करा रहे थे। शुक्रवार को उसे तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। यहां वहां दिखाने पर सभी ने उसकी डिलीवरी करने से मना कर दिया। वह शनिवार की सुबह उसे लेकर बीके अस्पताल पहुंचे। वहां उसकी डिलीवरी सिजेरियन की गई। महिला चिकित्सक डॉ. रजनी ने अल्ट्रासाउंड व रिपोर्ट देखने के बाद इलाज शुरू कर दिया। राजवती ने बताया कि मंजू और दीपू के पहले भी सात साल का बेटा और चार साल की बेटी है। एक संतान और चाहते थे, लेकिन भगवान ने एक साथ तीन बेटे और दे दिए।

### तुरंत सिजेरियन डिलीवरी

**गायनोलॉजिस्ट** डॉ. रजनी ने बताया कि गर्भवती मंजू को शुक्रवार से प्रसव पीड़ा हो रही थी। यहां वहां अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद शनिवार को गर्भवती को परिजन यहां लेकर आए। जांच के बाद उसकी तुरंत ऑपरेशन के माध्यम से डिलीवरी करानी पड़ी। पूरी टीम (जिसमें उनके अलावा बच्चों के चिकित्सक डॉ. विष्णु, एनेथिसिया चिकित्सक डॉ. दीपिका, स्टाफ बलजीत और रमन, संजय, बालकिशन) की कड़ी मेहनत के बाद मंजू की डिलीवरी की गई। फिलहाल जच्चा और बच्चा पूरी तरह से ठीक है। लेकिन बच्चों को नर्सरी में रखा है, क्योंकि महिला की डिलीवरी प्रीटर्म हुई है। बच्चों का वजन ठीक है, जिसमें एक बच्चा दो किलो, दूसरा बच्चा एक किलो 700 ग्राम और तीसरा बच्चा एक किलो 800 ग्राम का है।

# एमएसएमई लक्ष्यों की 50 प्रतिशत उपलब्धि की चिंताजनक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव की अध्यक्षता में सितंबर 2021 तिमाही के लिए फरीदाबाद जिले की डीएलआरसी, डीसीसी बैठक में एजीएम आरबीआई योगेश अग्रवाल, एजीएम नाबार्ड विनय त्रिपाठी, जिला अधिकारी खादी बोर्ड अनिल दलाल और एलबीओ द्वारा मंच पर और मंच से बाहर सभी लाइन विभागों के स्वागत के साथ हुई। बैठक में उपस्थित एलडीसीएम फरीदाबाद आरएस सिंह ने सभी बैंकों के लिए जिला फरीदाबाद के लक्ष्यों की उपलब्धियों के बारे में सदन को सूचित किया। सभी सरकारी प्रायोजित योजनाओं जैसे पीएमएसवनिधि, पीकेसीसी, स्टैंडअप इंडिया और अन्य एमएसएमई योजनाओं और एसएचजी योजनाओं पर चर्चा हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती पर विधायकों को सौंपा ज्ञापन



विधायक सीमा त्रिखा को ज्ञापन देते डॉ. राजेश श्योकंद और डॉ. मान सिंह।

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य विभाग में सीधे एसएमओ की भर्ती निकालने के विरोध में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन और जिला एसोसिएशन के जनरल सैकेट्रियों के द्वारा विधायकों को सीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में उन्होंने लोगों को बचाने के लिए अपनी जान तक दाव पर लगा दी थी, लेकिन इसके बावजूद सरकार उन्हें पदोन्नत करने के बजाय नए लोगों को सीधे एसएमओं की पोस्ट पर भर्ती कर रही है। विरोध कर रहे चिकित्सकों ने कहा कि अगर एसएमओ की सीधी भर्ती होती है, तो सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नजि से वंचित रह जाएंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के जनरल सेकेट्री डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि आगामी पांच दिसंबर को करनाल में एक बैठक की जाएगी, जिसमें पूरे हरियाणा के डॉक्टर एकत्रित होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल के डॉ. दिनेश रंगा मेडिकल ऑफिसर के पद से ही रिटायर्ड हो गए। जोकि काफी गलत है। वहीं जिला एचसीएसएमएस के जनरल सेकेट्री डॉ. मान सिंह ने बताया कि विभाग ने पहले भी इस तरह का निर्णय लिया था, लेकिन विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया था। अब फिर से विभाग ने एसएमओ की सीधी भर्ती निकाली हैं, जोकि गलत है। ऐसे में सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे।

## बसंतपुर रूट पर आज शुरू होगी शुभगमन बस सेवा

**फरीदाबाद।** एफएमडीए द्वारा रविवार को शहर के सराय ख्वाजा से बसंतपुर रूट पर शुभगमन बस सेवा के नए रूट की शुरुआत की जाएगी। इस बस सेवा को बसंतपुर से प्रात: 11-00 बजे केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## सीडीई का किया आयोजन



सुधा रस्तोगी डेंटल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं।

**फरीदाबाद।** सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा नवोदित दंत चिकित्सकों के लिए बेसिक डेंटल इंप्लांटोलॉजी के परिचय पर एक सीडीई का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में, प्रत्येक छात्र को दंत प्रत्यारोपण लगाने की प्रक्रिया और उपकरण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। इसमें डेंटल इम्प्लांटोलॉजी का संपूर्ण प्रोस्थेटिक चरण भी शामिल था। सभी प्रतिभागियों में बहुत उत्साह था और उन्होंने पूरे मनोयोग से भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल पावा, प्रोफेसर डॉ. अमित गुप्ता, रीडर डॉ. चेतन पाठक और विभाग के अन्य संकाय सदस्यों के कुशल नेतृत्व में पाठ्यक्रम बहुत सुनियोजित और व्यवस्थित था।

## साइकिल यात्रा का किया भव्य स्वागत



बल्लभगढ़ कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के प्रांगण में हरियाणा महिला पुलिस यात्रा का स्वागत करते जनहित सेवा सामाजिक संस्था के सदस्य।

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ के प्रांगण में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद और सोच के सहयोग से हरियाणा महिला पुलिस की साइकिल यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त जय वीर राठी बल्लभगढ़ और विशिष्ट अतिथि पुलिस सह उपायुक्त महिला सैफुद्दीन का विद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा व जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सेंट्रल महिला थाना प्रभारी गीता, बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी नेहा राठी, साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रही निरीक्षक माया व उनकी पूरी टीम का विद्यालय की निदेशक कमल अरोड़ा ने फूल मालाओं से सभी महिला अधिकारी व उनकी पूरी टीम का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में साइकिल यात्रा की अगुवाई कर रही निरीक्षक माया ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में इस तरह की महिलाओं को जागरूक करने की साइकिल यात्रा पुलिस महा निरीक्षक के निर्देशानुसार पहली बार हरियाणा में हो रही है। इस साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे कुंदन स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने कहा कि आज के समय में नारी किसी से कम नहीं है। साइकिल यात्रा से समाज में एक अच्छी जागरूकता आएगी। एक बहुत अच्छी पहल है। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहां की साइकिल यात्रा की टीम पर हमें गर्व है। उन्होंने बहुत ही अच्छी पहल की है। पूरे हरियाणा में प्रत्येक जिले में जाकर यह टीम महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी। पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ जयवीर राठी ने भी अपने संबोधन में कहा कि पुलिस महा निरीक्षक ने ऐसी साइकिल यात्रा को शुरू करके बहुत ही अच्छा कार्य किया है। इससे हमारे समाज में जागरुकता पैदा होगी।

# उपायुक्त ने किया कोरोना अस्पताल का दौरा, मिली कई खामियां

## डेनमार्क की एजेंसी के सहयोग से तैयार अस्पताल में मिली डीसी को खामिया

## डीसी को मिली, वहीं खामियां जो पायनियर ने 23 नवंबर को खबर प्रकाशित की थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



96 बेड के कोरोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल के दौरे के दौरान डीसी, सीएमओ और पीएमओ



खामियों पर ध्यान दिए बिना बीके में अस्थाई अस्पताल शुरू

23 नवंबर छपी अस्पताल में व्याप्त खामियों की खबर

**बीके** अस्पताल में तैयार किए गए 96 बेड के करोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल का जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में डीसी को वहीं खामियां मिली, जो गत 23 नवंबर को पायनियर समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी। जिन्हें पूरा करने के लिए उन्होंने चार दिन का समय दिया है। इस मौके पर डीसी ने कहा कि कहा सीएम इसका शुभारंभ करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी कमियां रह गई है उन्हें तुरंत पूरा किया जाए। अस्पताल को सीएसआर के तहत बनाया गया है। इस 96 बेड के अस्पताल में प्रत्येक कंटेनर में 6 बेड लगाए गए हैं और 2 एसी व चार पंखों की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन पॉइंट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने अस्पताल का दौरा करते हुए प्रत्येक व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर में हम व्यवस्थाओं की कमी झेल चुके हैं। ऐसे में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने इसके पश्चात बीके अस्पताल में अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उनके साथ सीएमओ डॉ विनय गुप्ता और पीएमओ डॉ. सविता यादव सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल में डेनमार्क एजेंसी के सहयोग से तैयार किए गए 96 बेड के करोना प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल का सीएम को इसका उद्घाटन करना है, जिसके लिए चीफ मिनिस्टर के आफिस में पत्र भेजा गया है। समय निर्धारित होते ही सीएम इस अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। जिसे देखते हुए निरीक्षण करने फरीदाबाद के डीसी जितेंद्र यादव पहुंचे और तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने कहा कि उद्घाटन का पत्थर अस्पताल के राइट साइड में बनवाने के साथ ही अस्पताल में बाथरूम और गेटों की समस्याओं को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अस्पताल के आसपास लाईट की व्यवस्था करने के साथ ही वहां आसपास पौधारोपण के भी निर्देश दिए। जो पौधे लगे हुए थे, उन्होंने कहा कि वह घटिया किस्म के है, जिस पर सीएमओ ने उन्हें कहा कि वह इन पौधों को बदलवा देंगे। वहीं पीएमओ डॉ. सविता यादव ने जिला उपायुक्त को बताया कि ट्रायल के लिए अस्पताल में कुछ मरीजों को भर्ती किया गया है। ताकि कमियों का पता चल सके। कोविड के मरीजों की संख्या बढ़ने से पहले ही कमियों को दूर किया जा सके। डीसी ने अंत में सभी कमियों को पूरा करने के लिए दो से चार दिन का समय दिया है।

# पेट्रोल डालकर जलाए युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

## ससुराल वालों ने पेट्रोल डाल कर युवक को जलाया था



मलेरना रोड पर शव को रख जाम लगते मृतक के परिजन।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की दौलत कॉलोनी में 18 नवंबर को अपनी ससुराल आए एक युवक पर उसके साले ने पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। इस दौरान युवक ने पुलिस को बयान देकर आरोपी के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया था। बीती रात इलाज के दौरान युवक ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार की शाम को मृतक के परिजनों ने शव सड़क पर रखकर मोहना रोड पर जाम लगा दिया। परिजन साले के साथ अन्य ससुराल वालों को भी नामजद करने की मांग कर रहे थे। पुलिस के आश्वासन देने पर परिजनों ने जाम खोल दिया।

थाने में दर्ज मामले के अनुसार ऊंचा गांव निवासी 30 वर्षीय बबलू ने पुलिस को दिये बयान में कहा था कि उसका विवाह करीब तीन साल पहले दौलत कॉलोनी निवासी ज्योति के साथ हुआ था। करीब एक सप्ताह पहले ज्योति अपने मायके आ गई थी। वह 18 नवंबर की शाम को अपने दोस्त सोनू को साथ लेकर बाइक से ससुराल आया था। आरोप है कि घर में आते ही बबलू के साले मनीष ने उसके साथ गाली गलोंच शुरू कर दी। विरोध करने पर मनीष ने बबलू पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। लोगों ने आकर बबलू के शरीर में लगी आग को बुझा दिया। आग बुझने के बाद बबलू का दोस्त सोनू उसे बाइक पर बैठाकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंच गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद बबलू की हालत गंभीर देख उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां बीती रात बबलू ने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर बल्लभगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने अन्य ससुराल वालों को नामजद करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर शाम चार बजे जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर एसीपी मनीष सहगल ने मौके पर पहुंच कर अन्य लोगों को नामजद करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने जाम खोल दिया।

# कराटे के खिलाड़ियों ने बेलारूस में दिखाया दम



बुडोकान क्लब के संचालक गणेश राजपूत बेलारूस में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतकर आए खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए

**फरीदाबाद।** बेलारूस में आयोजित कराटे चैम्पियनशिप में बुडोकान कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने ब्रान्ज मेडल जीत देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर वापिस भारत पहुंचे खिलाड़ियों का यहां भव्य स्वागत किया गया।

बुडोकान क्लब के संचालक गणेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में बुडोकान डोजो सेक्टर-17 में लगातार छह माह से ट्रेनिंग ले रहे खिलाड़ियों का बेलारूस में आयोजित कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जिसके बाद बुडोकान क्लब के नितिन राणा, वैभव कुमार एवं रीतिका रावत ने सभी खिलाड़ियों को कड़ी ट्रेनिंग करवाई थी। बेलारूस में फरीदाबाद और दिल्ली के डोजो में बुडोकान के चैतन्य राठौर ने अरावली इंटर स्कूल ब्रान्ज मेडल, सारा सेद द श्रीराम मिलेनियम स्कूल नोएड़ा ब्रान्ज मेडल, शिवांक पंजनी डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के ब्रान्ज, समय राजपूत डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के दो ब्रान्ज मेडल और किन्शुक भटनागर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के ब्रान्ज मेडल जीते। इन सब खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपने भारत देश, हरियाणा व दिल्ली राज्यों के अलावा स्कूल, माता-पिता और अपने प्रशिक्षकों का नाम रोशन किया।

# परिवार उत्थान योजना मेला को लेकर बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से 29 व 30 नवंबर को सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त जितेंद्र यादव शनिवार को कैंप कार्यालय में मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन शहरी लाभार्थियों के लिए किया जा रहा है। इसे पांच जोन में विभाजित किया गया है। इनमें जोन-1 में एनआईटी शहरी, जोन-2 में बड़खल शहरी, जोन-3 में फरीदाबाद शहरी, जोन-4 में बल्लभगढ़ शहरी और जोन-5 में तिगांव शहरी को शामिल किया गया है। इसके साथ ही 17 विभिन्न विभाग यहां अपने-अपने स्टाल लगाएंगे। उन्होंने बताया कि दो दिन के इस मेले के लिए अब तक 728 लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

# चौकीदार को बंधक बना कंपनी में लूटपाट करने वाला गिरोह गिरफ्तार

## मुख्यारोपी बंटी ने रची थी साजिश, इससे पहले फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी कर चुका था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कापर वायर लूटने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

**पांच दिन** पहले सेक्टर 59 स्थित कॉपर वायर फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर 30 लाख रुपये की कॉपर वायर लूट के मामले में क्राइम ब्रांच 65 ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें लूट का सामान खरीदने वाला कबाड़ी भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिरीश उर्फ बंटी उर्फ मोहित, पंकज, जितेंद्र, रामनरेश, संजय तथा कबाड़ी आरिफ का नाम शामिल है।

पुलिस थाना सेक्टर 58 में दी अपनी शिकायत में फैक्ट्री के मालिक सेक्टर 9 निवासी हिमांशु ने बताया कि उसकी सेक्टर 59 में राजपूत केबल के नाम से बिजली की तार बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री के फॉरमैन हीरालाल सुबह 4:00 बजे जब फैक्ट्री में पहुंचे तो वहां पर उसे फैक्ट्री का चौकीदार हाथ पैर बंधे पड़ा हुआ दिखाई दिया। फोरमैन ने तुरंत चौकीदार के हाथ पांव खोलें तो चौकीदार ने बताया कि चार पांच बदमाश रात को पिकअप गाड़ी लेकर फैक्ट्री में घुस गए और उसके हाथ पैर बांधकर जमीन पर पटक दिया। जब चौकीदार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके मुंह पर घुसा मारकर उसे घायल कर दिया। बदमाश फैक्ट्री से कॉपर तार की 90 रील लूटकर ले गए जिनकी कीमत 30 लाख रुपये से अधिक थी। जाते वक्त बदमाश फैक्ट्री से डीवीआर सहित सीसीटीवी कैमरा भी लूट कर ले गए। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट व डकैती की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए जिसके तहत कार्रवाई करते हुए क्राइमब्रांच 65 प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र की टीम ने गुप्त सूत्रों से मामले में 5 आरोपियों को एसजीएम नगर से गिरफ्तार किया।

# मीडिया विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेबी बोस विश्व विद्यालय में मीडिया के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते टीवी पत्रकार पराक्रम सिंह शेखावत।

**जेसी** बोस विवि के कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा मीडिया विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता डॉ. भुवन लाल, टीवी पत्रकार एवं संसद टीवी के एंकर पराक्रम सिंह शेखावत, जी मीडिया के प्रोड्यूसर जोगिन्दर सिंह, डीएवी कॉलेज की प्रधानचार्य डॉ. सविता भगत, प्रसिद्ध उद्यमी और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे एके नेहरा मुख्य वक्ता रहे तथा विद्यार्थियों को मीडिया, फिल्म एवं अकादमिक क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और अवसरों की जानकारी दी।

फिल्म निर्माता डॉ. भुवन लाल ने फिल्म व मनोरंजन उद्योग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों से साझा की। उन्होंने बताया कि मनोरंजन उद्योग में काम पाने के लिए विद्यार्थियों को कंटेंट एवं तकनीकी रूप से बहुत काम करने की जरूरत है ताकि उन्हें काम पाने के लिए समझौता न करना पड़े।

टीवी एंकर पराक्रम सिंह ने मीडिया विद्यार्थियों को टीवी पत्रकारिता से जुड़ी अहम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि पत्रकार का काम भावनाओं में बहना नहीं है बल्कि सही तथ्यों को जनता के सामने लाना है। इसलिए, पत्रकार को समाचार के प्रत्येक पहलू पर काम करके ही इसे दर्शकों के सामने रखना चाहिए। उद्यमी एके नेहरा ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये और उन्हें उद्यमशीलता के लिए प्रेरित किया। डीएवी कॉलेज की प्रधानचार्य डॉ. सविता भगत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता आम आदमी की समस्याओं को समझते हुए उनमें आत्म विश्वास बढ़ाता है ताकि वह परिस्थितियों का सामना बेहतर ढंग से कर सके। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में करियर संभावनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व तथा संविधान में निहित प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए जी मीडिया के प्रोड्यूसर जोगिन्दर सिंह ने मीडिया के विद्यार्थियों को वीडियो स्क्रिप्ट से संबंधित उपयोगी टिप्स दिये।

कार्यक्रम में कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के एलुमनाई मानसी अरोड़ा, नमृता और सिमरन सिंधु ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया तथा मीडिया एवं जनसम्पर्क के क्षेत्र में काम करने के उपयोगी टिप्स दिये। कार्यक्रम अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नॉलजी के डीन एवं अध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार मिश्रा की देख-रेख में किया गया।

# एनसीसी दिवस पर कैडेट्स ने चलाया स्वछता अभियान



बल्लभगढ़ के सरकारी स्कूल में एनसीसी दिवस स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते एनसीसी के केडेट्स।

**बल्लभगढ़।** राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में शुक्रवार को एनसीसी दिवस पर केडेट्स द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया।

यह आयोजन पांच हरियाणा बटालियन गुरुग्राम के कमांडिग आफिसर कर्नल अजय कुमार के निर्देशन में एन सी सी प्रभारी फर्स्ट आफिसर अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता के प्रति जागरूक कराने के लिए चलाया गया। कैडेट्स को स्वच्छता की जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही वैश्विक महामारी से बचने का उपाय है। प्लास्टिक के अपशिष्टों को एकत्रित कर उसका उचित निस्तान्तरन कर पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एनसीसी केडेट्स ने स्कूल परिसर में स्लोगन, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग कर स्वच्छता का संदेश देते हुए स्कूल व उसके आसपास बिखरे हुए प्लास्टिक के अपशिष्ट को एकत्रित किया। सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जागरुकता रैली निकाली। विद्यालय के प्राचार्य धर्मवीर सिंह ने केडेट्स को स्वच्छता को घर- घर, गली गली तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, रामचंद्र आदि उपस्थित रहे।

HARYANA TOURISM
Come, holiday with us !
HOTEL RAJHANS
Surajkund, Faridabad-121009 (Haryana)
Tel. +91 129 2512843

e-Tender Notice

Haryana Tourism intends to grant license for running & operation of the existing **"Health Club, Spa, Gymnasium and room for indoor games"** from 07.12.2021 to 06.12.2023 with a provision of two extensions of one year each and **Swimming Pool** from 07.12.2022 to 06.12.2023 at Hotel Rajhans, Surajkund, Faridabad (Haryana) with a provision of two extensions of one year each to a professional agency on 'as is where is basis'.
The details terms & conditions can be obtained from our website: https://etenders.hry.nic.in or from Hotel Rajhans.
The last date of submission of online e-tender is Friday, the 03rd December, 2021 on or before 5.00 PM. A hard copy of technical bid is also required to be submitted physically at Hotel Rajhans, Surajkund latest by Friday, the 03rd December, 2021 on or before 07.00 pm. The tender will be opened on Saturday, the 04th December, 2021 at 11.30 AM at Hotel Rajhans, Surajkund.
Interested bidders may visit site on any day between 10.00 AM – 5.00 PM. For further queries, contact Hotel Rajhans on +91-9618522873, 0129-2512843

# त्रिदेव को पढ़ाया बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का पाठ

## गुरुग्राम में आयोजित की गई त्रिदेव कार्यशाला

## विधायक सुधीर सिंगला के संयोजन में हुई कार्यशाला


गुरुग्राम में भाजपा के त्रिदेव की कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत करते विधायक सुधीर सिंगला।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**शनिवार** को गुरुग्राम विधानसभा की त्रिदेव कार्यशाला का यहां पुराना दिल्ली रोड स्थित अमित महल में आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूर्व सांसद एवं बीजेपी कोर कमेटी की सदस्य सुधा यादव, राई से विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ोली, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला और विस्तारक सुनील महता ने शिरकत की और त्रिदेवों को पार्टी हित में काम करने को प्रेरित किया।

### पीएम ने किया देश को मजबूत: सुधा यादव

**त्रिदेव** को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने खूब तरक्की है। हर क्षेत्र में उन्होंने देश को मजबूत किया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में भारतीय जनता पार्टी का अहम योगदान है। लोगों में इस बात का संदेश जाना चाहिए कि देशहित, समाजहित में सिर्फ भाजपा ही काम करती है। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक देश व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए।

### देश-प्रदेश तरक्की की राह पर : सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भाजपा को मजबूत बनाए रखना है, ताकि भविष्य में भी देश और प्रदेश का लाभ होता रहे। उन्होंने कहा कि त्रिदेव कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाएं। अंतिम व्यक्ति को अपने साथ जोड़ें।

### हर स्तर पर मजबूत हुआ है देश : सतीश खोला

**भाजपा** सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार का लंबे समय तक बना रहना बहुत जरूरी है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर स्तर पर मजबूती पाई है।

### पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना : जीएल शर्मा

**भाजपा** प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि हमें पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम पूरी शिद्दत से करना है। पार्टी को मजबूती देकर हम अपने को पार्टी में श्रेष्ठ साबित कर सकते हैं। त्रिदेव के कंधों पर बूथ स्तर को मजबूत करने की जिम्मेदारी है।

### पार्टी की मजबूती को त्रिदेव दें अहम योगदान : मोहन लाल

**राई** से विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ोली ने त्रिदेव के रूप में कार्यकर्ता ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में इनकी अहम भूमिका रहेगी। आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम भी त्रिदेव मजबूती के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता भाजपा की योजनाओं से संतुष्ट है। सभी को निर्धारित नियमों के अनुसार लाभ मिल रहा है। फिर भी जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाकर पार्टी को मजबूती देने में त्रिदेव अपना भरपूर योगदान दें।

# जेवर एयरपोर्ट को लेकर सांसद डॉ. महेश शर्मा का किया धन्यवाद


जेयर एयरपोर्ट के लिए सांसद डॉ. महेश शर्मा को धन्यवाद देते भाजपा के युवा नेता, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह और जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज।

## भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह व आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने किया धन्यवाद

**गुरुग्राम।** जेवर के पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह के आवास पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास पर खुशी जाहिर की गई। साथ ही गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा को जेवर एयरपोर्ट के लिए धन्यवाद किया।

क्षेत्र के सभी लोगों ने यह कहा कि जो व्यक्ति जातिवाद क्षेत्रवाद गरीबों मजदूरों किसानों को एक साथ लेकर चलता हो वही क्षेत्र का विकास कर सकता है जिस प्रकार से पूर्वविधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह की कार्यशैली रही है, उन्हीं को आदर्श मानने वाले डॉ. महेश शर्मा सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार क्षेत्र में विकास कर रहे हैं। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में डॉ. महेश शर्मा विमानन उड्डयन राज्यमंत्री ना होते तो एयरपोर्ट का रास्ता साफ नहीं हो पाता। नागरिक उड्डयन मंत्री होने के साथ साथ पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए डॉ. महेश शर्मा ने क्षेत्र के लिए एयरपोर्ट का रास्ता साफ कर दिया। जल्द ही क्षेत्र के सम्मानित लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल जाकर डॉ. महेश शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करेगा।

बैठक के बाद जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह एवं जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज ने सांसद डॉ. महेश शर्मा का धन्यवाद किया। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख लोगों में ठाकुर करनेश सिंह समाजसेवी भाजपा नेता सुरेश चंद शर्मा, गांव दयानतपुर के प्रधान गजेंद्र चौधरी, अशोक छोकर, ओमवीर सिंह, आस वीर, ठाकुर किशोर सिंह, सचिन चौहान, प्रमोद कुमार सिंह, यतीश कुमार, पुष्पेंद्र ठाकुर, यशपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा, दूसरे की हालत गंभीर

**होडल।** नेशनल हाइवे बावरी मोड के निकट सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। गांव नगला शिवकरण जिला मैनपुरी यूपी निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई हरिओम 25 अक्टूबर को अपने साथी सोमबीर के साथ बाइक पर गुड़गांव ड्यूटी के लिए जा रहा था। उसने बताया कि वह नेशनल हाइवे बावरी मोड के निकट पहुंचा तो पीछे से स्पीड में आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने इन दोनों घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने इनकी हालत को गंभीर देख आगे अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया जबकि सोमबीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने जितेंद्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सविधान दिवस समारोह में नियमों की शपथ लेते विधार्थी



**होडल।** पुन्हाना मोड स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में सविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार औझा ने की। इस सविधान दिवस समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। समारोह में प्राचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को भारतीय सविधान के विषय में बताते हुए उन्हें भविष्य में सविधान के नियमों के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्याथियों ने सविधान के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों को सवैधानिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। समारोह में महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने सविधान के नियमों के पालन के लिए शपथ ली। समारोह में हरबीर सिंह ने मंच संचालन करने हुए सविधान के नियमों की बिस्तार से जानकार दी। कविता, गुयनाम सिंह, डॉ. रामकिशोर के अलावा महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

### अदालत के आदेश पर पीड़ित सुष्मिता को घर में मिला प्रवेश



**गुरुग्राम।** ससुरालियों की प्रताड़ना का शिकार हुई बहु सुष्मिता को आखिरकार घर में प्रवेश देने को ससुरालीजन मजबूत हो गये। अदालत के आदेशों पर उन्होंने सुष्मिता को घर में प्रवेश दिया। सुष्मिता के साथ हुई ज्यादगी तो प्रमुखता से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने के लिए उसके परिजनों ने मीडिया का भी धन्यवाद किया है। गुरुग्राम के गांव तिघरा में सुष्मिता की ससुराल है। ससुरालियों द्वारा सुष्मिता को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। बीते दिनों ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया और बच्चों को अंदर ही रख लिया। इस मामले में उसके ससुर ज्ञानेंद्र सिंह तो उसे घर में रखने को तैयार थे, लेकिन सुष्मिता की सास ओमलता, दादा ससुर फतेह सिंह और पति अमित खिलाफ थे। उन सबने ही सुष्मिता को घर से निकाला था। बीती 24 नवम्बर 2021 को सुष्मिता को घर से बाहर निकाल दिया गया और कुछ कपड़ों के बैग भी बाहर डाल दिए गए। पीड़िता ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस भी बुलाई थी। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे घर में प्रवेश दिलाया था, लेकिन ससुरालियों ने फिर से उसे बाहर निकाल दिया। इस घटना से पहले सुष्मिता की ओर से पुलिस आयुक्त को भी शिकायत दी गई थी। यहां तक कि पूर्व विधायक तेजपाल तंवर के नेतृत्व में पंचायत भी इस मामले में हो चुकी थी। ससुराल पक्ष की ओर से पंचायत का भी मान नहीं रखा गया और उसकी प्रताड़ना जारी रखी। सुष्मिता की ओर से इस मामले में कानूनी कार्यवाही करने में कदम बढ़ाया गया। रात भर घर के बाहर ठंड में रही सुष्मिता को प्रशासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी (वन स्टॉप सोल्युशन) सेंटर में भेज दिया था। अब अदालत के आदेश पर सुष्मिता को महिला थाना पुलिस ने ससुराल के घर में प्रवेश दिलाया है। साथ ही भविष्य में किसी तरह की घरेलू हिंसा उसके साथ नहीं करने को कहा है। प्रोटेक्शन ऑफिसर मीना कुमारी ने बताया न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते तुरंत प्रभाव से आदेश जारी कर पीड़िता को राहत देने का कार्य किया है। सुष्मिता को न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन की मदद से पीड़िता को सकुशल उसके घर में प्रवेश करवा दिया गया है।

### छत पर 1100 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आई बच्ची

**फर्रूखनगर।** यहां वार्ड-8 मेंचार वर्षीय नर्सरी की छात्रा यशिका घर की छत के पास से गुजर रही 1100 किलोवाट बिजली की लाइन की चपेट में आ गई। इस हादसे में वह बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बच्ची के साथ हुई इस दुर्घटना से पूरी बस्ती में बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 1100 केवी की बिजली की तारों को हटाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। अगर बिजली की वायर घरों के पास से हटा दी जाती तो यह दुर्घटना नहीं घटती।

# गुरुजल सोसायटी, ह्युंडई करेंगे 3 तालाबों को रिस्टोर



गुरुग्राम में तालाबों को रीस्टोर करने के लिए समझौता करते अधिकारी।

## गुरुजल सोसायटी के गठजोड़ से सोहना, पटौदी और फरूखनगर में 3 तालाबों को किया जाएगा रीस्टोर

**गुरुग्राम।** ह्युंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने शनिवार को तीन तालाबों को रीस्टोर करने का एलान किया है। इनमें गुरुग्राम में सोहना के हरियाहेड़ा, पटौदी के पलासोली और फरूखनगर के ताजनगर के एक-एक तालाब शामिल हैं। यह कदम गुरुजल सोसायटी के सहयोग से किया जाएगा। गुरुजल एक मल्टी-स्टेकहोल्डर इकाई है, जिसकी अध्यक्षता गुरुग्राम के उपायुक्त कर रहे हैं। इसका उद्देश्य गुरुग्राम में पानी की कमी को दूर करना, भूजल स्तर को सही करना, बाढ़ एवं जलजमाव की समस्या का समाधान करना है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत पर फाउंडेशन के एमडी व सीईओ एसएस किम ने कहा कि देश में पानी सबसे तेजी से घट रहा संसाधन है। बेहतर भविष्य के लिए जल संरक्षण की दिशा में साझा प्रयास की जरूरत है। अपने ग्लोबल विजन प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी को अपनी हर पहल के केंद्र में रखते हुए और मोबिलिटी से आगे (बियॉन्ड मोबिलिटी) बढ़ते हुए ह्युंडई ने गुरुजल सोसायटी के साथ साझेदारी की है। जो समाज की बेहतरी और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

शहरीकरण के कारण कंक्रीट से ढंकती जमीन, कम होते पेड़, खत्म होते प्राकृतिक जल गीत और भूजल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रीचार्ज) कम होने के कारण क्षेत्र में भूजल स्तर नीचे जा रहा है। 3 तालाबों से 9.3 करोड़ लीटर भूजल पुनर्भरण में मदद मिलेगी, साथ ही 22.7 करोड़ लीटर वाटर ट्रीटमेंट हो सकेगा, जिससे सालाना करीब 8000 निवासियों को फायदा होगा। 1500 से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, जिससे सालाना 2500 टन कार्बन अवशोषण होगा और 84 टन ऑक्सीजन उत्पादन होगा, जिससे क्षेत्र का पर्यावरण समृद्ध होगा। तीनों तालाबों के लिए कम्युनिटी मोबिलाइजेशन और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का काम पूरा हो चुका है। तालाबों की डीवाटरिंग, डिस्टलिंग, आसपास की सफाई और तालाब के आसपास की लैंड स्केपिंग का काम अगले कुछ महीने में पूरा हो जाएगा।

# 150 श्रमिकों व परिवारजनों की सेहत जांची

## मानेसर सेक्टर-6 में लगाया जांच शिविर


श्रमिकों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**गुरुग्राम।** जन साहस संस्था और आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने संयुक्त रूप से श्रमिकों और उनके परिवारजनों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान श्रमिकों, बच्चों, महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। करीब 150 लोगों का चेकअप किया गया। आईएमटी मानेसर सेक्टर-6 नाहरपुर में आंगनबाड़ी केंद्र में यह शिविर लगाया गया।

शिविर में डॉ. मनीष नेहरा, डॉ. पूनम ने चेकअप किया। जन साहस संस्था की ओर से जिला कोआर्डिनेटर नेहा बहुगुणा, सेंटर कोआर्डिनेटर शंकी, रेखा, सब्बीर अली, आशा, नैन्सी, सोना, जयपाल, प्रवेश आदि का सहयोग रहा। दवाइयां भी वितरित की गई। मौसमी बीमारियों से बचने को। कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर, महिलाओं को दवाएं व सेनेटरी पैड्स नि:शुल्क दिए गए। नेहा बहुगुणा ने कहा कि जनहित के कार्यों में जन साहस संस्था सदैव काम करती है। उन्होंने कहा कि वंचितों को लाभ दिलवाना संस्था का काम है। उन्होंने कहा कि हम सबको ऐसे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, जो लोग वंचित हैं। आमजन संस्था से संपर्क करके यह काम कर सकती है। उन्होंने बताया कि जन साहस संस्था की हेल्पलाइन-1800-2000-211 पर भी कॉल करके जानकारी दे सकते हैं।

## मुकदमा वापस लेने के लिए दी फोन पर धमकी

**होडल।** मुकदमा वापस न लेने पर महिला व उसके पति को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

होडल थाना प्रभारी अनूप सिंह ने जानकारी में बताया कि होडल निवासी महिला कविता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पति जोगेंद्र कुमार ने कुछ लोगों के खिलाफ से लूट कर जाने से मारने के प्रयास के तहत पलवल अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि पिछले कई दिनों से उसके पति व उसके फोन पर उस मामला वापस लेने के लिए धमकी भरे फोन आ रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

## दो स्थानों से बाइक और स्कूटी चोरी

**होडल।** होडल में इन दिनों बाइक चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन बाइक चोर किसी ना किसी की बाइक चुराकर ले जाते हैं। पीड़ितों ने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी है।

रोहता पट्टी निवासी चंदन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपनी स्कूटी को लेकर बिछोर रोड खेतों पर किसी कार्य से गया था। अपनी स्कूटी रोड पर खड़ा कर खेतों में चला गया और जब वह लौटा तो स्कूटी गायब थी। दूसरी शिकायत में आदर्श कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र ने बताया कि घर में खड़ी बाइक रात के समय चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक औ स्कूटी चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# डेढ़ वर्ष बाद भी अधूरा है विश्राम गृह का निर्माण कार्य

**एन रोहिल्ला।** सोहना।


सोहना में अंबेडकर बाईपास चौक के समीप बना सिंचाई विभाग का विश्राम गृह।

**शहर** के अंबेडकर बाईपास चौक पर सिंचाई विभाग परिसर में निर्माणाधीन विश्राम गृह का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। विश्राम गृह का निर्माण कार्य करीब दो-डेढ़ वर्ष में भी पूरा नहीं हो सका है। सिंचाई विभाग के जेई से लेकर एक्सइएन निर्माण कार्य धीमा होने के कारणों को बताने के लिए तैयार नहीं हैं।

सिंचाई विभाग के परिसर में प्रदेश सरकार के आदेश पर दो मंजिला आठ कमरे वाले विश्राम गृह का करीब डेढ़ वर्ष पहले निर्माण कार्य शुरू किया गया था। विश्राम गृह का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है। निर्माण कार्य में देरी होने के कारणों की जानकारी देने में सिंचाई विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिसके चलते इस बात का खुलासा नहीं हो पा रहा है कि विश्राम गृह कब तक बनकर तैयार होगा। अभी 15 से 20 फीसदी निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

इस संबंध में जेई से लेकर एसडीओ और एक्सइएन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। जिनसे मोबाइल पर सम्पर्क किए जाने पर भी जवाब नहीं मिलता है।

### खल रही विश्राम गृह की कमी

**सोहना** शहर जिला नूंह, रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद जाने वाले मार्गो से संबंध रखता है। इसके अलावा एनसीआर सीमा पर बसा है। जहां से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जाने वाले नेता देर-सवेर रुककर विश्राम करते हैं, लेकिन यहां का विश्राम गृह होते हुए भी सुविधाएं नहीं मिल पाने से परेशानी और बढ़ जाती है। रात के समय तो दूसरे जिले या राज्य से आने वाला अधिकारी नेतागण या आम नागरिक विश्राम गृह को ही अपना आश्रय बनाना चाहते हैं।

# प्रदेश सरकार का पराली पर निर्णय किसानों को देगा राहत: नवीन गोयल

## अब पराली जलाने पर किसी किसान के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**पर्यावरण** को लेकर पूर्व में किसानों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए पराली जलाने पर रोक लगाने के निर्णय को सरकार ने निरस्त कर दिया है। अब पराली जलाने को अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। यह हरियाणा, पंजाब, यूपी के किसानों के लिए बड़ी राहत है। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कही।

नवीन गोयल ने कहा कि चावल की खेती के बचे अवशेष पराली कहलाते हैं। इसे जलाने पर काफी धुआं उठता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। सरकार ने दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य क्षेत्रों में पराली से प्रदूषित होने वाले पर्यावरण को रोकने के लिए किसानों ने पहले भी अपील की हैं और अब भी की जा रही है। पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना लगाने का भी पूर्व में प्रावधान किया गया था, जिसे अब सरकार ने रद्द कर दिया है। यानी अब पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह घोषणा की।

नवीन गोयल ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है। किसानों की मांग पर तीन कृषि कानून रद्द करना सरकार का बहुत बड़ा कदम है। सरकार ने किसानों के हित में ऐसा कार्य किया है। इसी तरह पराली जलाने में कानूनी कार्रवाई नहीं करने की भी किसानों की मांग थी। जिसे सरकार ने मानते हुए अब उस नियम को खत्म कर दिया है। नवीन गोयल ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 10 दिसंबर 2015 को फसल अवशेषों पर जलाने का प्रतिबंध लगा दिया था। पराली जलाने पर कानूनी तौर पर कार्रवाई भी की जाती थी। पराली जलाते पकड़े जाने पर दो एकड़ भूमि तक 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ भूमि तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से ज्यादा भूमि पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता था।

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**कैलाश मंगला।** होडल



**होडल** सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुन्हाना मोड से तीन एटीएम कार्ड बदलकर नगदी निकालने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा व दो कारतूस के अलावा अन्य बैंक उपभोक्ताओं के पांच एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं।

होडल सीआइए इंचार्ज जंगशेर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पुन्हाना मोड पर नाका लगाकर वाहनों की तलाश शुरू कर दी। जैसे ही तीनों युवक पुलिस नाके के पास पहुंचे तो उन्होंने नाका देख बाइक वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बाइक का पीछा कर उन्हें कुछ दूरी पर ही दबोच लिया। सीआइए इंचार्ज ने बताया कि युवकों ने अपना नाम गांव पालडी जिला भरतपुर निवासी मुनफेद, सब्बीर और गांव घघवाला जिला भरतपुर निवासी जलीस बताया। पुलिस ने जब उन तीनों की तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतुस और पांच एटीएम कार्ड बरामद किए जो कि अन्य बैंक उपभोक्ताओं के हैं। सीआइए इंचार्ज ने बताया कि पकड़े गए आरोपी उपभोक्ताओं के एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम से नगदी निकालने वाले गिरोह के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपियों से अन्य वारदातों को खुलासा होने की उम्मीद है।

# प्रारंभिक निदान ओएबी के बेहतर प्रबंधन में मदद कर सकता है : डॉ. शैलेंद्र गोयल, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट मैक्स हेल्थकेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**ओवर** एक्टिव ब्लैडर ओएबी एक ऐसी स्थिति है जो असुविधाजनक, शर्मनाक और संभावित रूप से दुर्बल करने वाली है। अच्छी खबर यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसे प्रबंधित किया जा सकता है। यद्यपि इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है लेकिन अधिकांश रोगी उपचार को तलाशते या डॉक्टरों से परामर्श नहीं करते हैं। ओएबी को एक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है जो पेशाब करने के लिए अचानक और बिना रुके आवश्यकता का कारण बनता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो ओएबी दैनिक गतिविधियों जैसे काम, सामाजिक गतिविधियों, व्यायाम और नींद में हस्तक्षेप करके जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। ओएबी के लक्षणों की संख्या उम्र के साथ बढ़ जाती है। वृद्ध रोगियों में अपने चिकित्सक के साथ अपने ओएबी लक्षणों पर चर्चा करने की संभावना कम होती है और इलाज न किए जाने या कम इलाज की संभावना अधिक होती है।

डॉ. शैलेंद्र गोयल, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट, मैक्स हेल्थकेयर ने कहा पुरुषों और महिलाओं दोनों को ओएबी हो सकता है। यह हमारे देश में एक कम दर्ज की गई समस्या है। इसलिएए मामलों की सही संख्या ज्ञात नहीं है। हालांकि, प्रतिशत के संदर्भ में, कुछ अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि लगभग 14 प्रतिशत पुरुष ओएबी से पीड़ित हैं जबकि लगभग 12 प्रतिशत महिलाओं में किसी न किसी प्रकार की मूत्र असंयम की समस्या है। डॉ. शैलेंद्र गोयल ने कहा वृद्ध महिलाएं जो रजोनिवृत्ति से गुजर चुकी हैं और जिन पुरुषों को प्रोस्टेट की समस्या है, उनमें ओएबी होने की संभावना अधिक होती है। मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी, तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली बीमारियों जैसे स्ट्रोक और मल्टीपल स्केलेरोसिस वाले लोगों को भी ओएबी होता है। उम्र बढ़ना एक कारक है, लेकिन सभी लोगों को उम्र के साथ ओएबी नहीं मिलता है। इसलिएए इसे उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि शुरू में हल्के, लक्षण समय के साथ खराब हो जाते हैं और विशेष रूप से गंभीर निशाचर, जो बुरी तरह से नींद और शारीरिक और मानसिक कामकाज में बाधा डालते हैं, के रूप में परेशान करने वाले हो जाते हैं और पीड़ित व्यक्ति को शौचालय तक पहुंचने से पहले पेशाब करने और पेशाब के रिसाव को स्थगित करने या स्थगित करने में असमर्थता महसूस होती है।

ओएबी के प्रबंधन में एस्केलेटरी या स्टैपिंग अप द लैडर अपरोच शामिल है। मूल और महत्वपूर्ण कदम व्यवहार और जीवन शैली में परिवर्तन द्वारा स्व.प्रबंधन के इर्द-गिर्द घूमता है। अगले स्तर हैं. गोलियां या मौखिक दवाएं, बलैडर वाल में इंजेक्शनए मूत्राशय से संबंधित नसों की विद्युत उत्तेजना और अंत में, लेकिन बहुत कम ही, सर्जरी का उपाय शामिल है। ओएबी को प्रबंधित करने के लिएए पहला कदम जीवनशैली में बदलाव करना है। कभी-कभी इन परिवर्तनों को बेहेवीयरल थिरेपी कहा जाता है। लोग अपनी जीवनशैली और दैनिक दिनचर्या में बदलाव करके बड़े सुधार देख सकते हैं।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात को दी करोड़ों रुपये की सौगात

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मेवात की धरती को बताया शहीदों की धरती

### ढाई सौ करोड़ रुपये की नई कई परियोजनाओं की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के मंहू चौपड़ा पर हरियाणा प्रगति रैली को संबोधित किया। उन्होंने प्रगति रैली में मेवात के वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीद-ए-जमीं मेवात की धरती को सलाम करता हूं। यह धरती शहीदों की धरती है। बाहरी आक्रमणकारियों ने जब भी देश पर आक्रमण किया तब-तब मेवातियों ने देश को सर्वोच्च रखा। उन्होंने वीर सपूत शहीद हसन खां मेवाती का जिक्र करते हुए कहा कि हसन खां मेवाती ने देश के लिए अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए 12 हजार मेवातियों के साथ विदेशी आक्रमणकारियों से मुकाबला किया और देश की आजादी के लिए शहादत दी।

मेवात के विकास के लिए पिटारा खोल दिया। उन्होंने मंच से मेवात के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग ढाई सौ करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा पिछले पांच साल के कार्यकाल में हमारी सरकार ने मेवात के विकास के लिए 1300 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने पूर्व की योजनाओं का जिक्र करते हुए नई घोषणाओं को भी मंजूरी देने का ऐलान किया। इससे पूर्व प्रगति रैली के आयोजक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद ने सीएम के सामने करीब 50 से अधिक मांगों को रखा। जिस पर मुख्यमंत्री ने लगभग सभी मांगों को पूरा करने का ऐलान मंच से किया। मुख्यमंत्री ने नूंह में 30 करोड़ की लागत से जिला स्तरीय खेल स्टेडियम बनाने की स्वीकृति प्रदान की। इसी तरह नूंह खंड में फल उत्पादन के लिए ढाई करोड़ रुपये, पुन्हाना में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, तिगांव पीएचसी का दर्जा बढ़ाकर सामान्य अस्पताल बनाने, अगोन में नई पीएचसी निर्माण के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। इसी तरह उन्होंने फिरोजपुर झिरका में तिजारा रोड से शिवमंदिर तक स्ट्रीट लाइट, तिजारा मार्ग से सिधरावट तक बाइपास निकालने की मंजूरी प्रदान की। मंहू में दसवीं का स्कूल अपग्रेड कर उसे 12वीं तक करने की मंजूरी, पुन्हाना में ढाई करोड़ की लागत से सामुदायिक पार्क की मंजूरी, पुन्हाना के घीड़ा में विश्राम गृह और खेल स्टेडियम को मंजूरी देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने नूंह जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों का ख्याल रखते हुए उनके लिए घोषणाएं की। उन्होंने पुन्हाना के खंड पिनगवां में सामुदायिक भवन, पुन्हाना और फिरोजपुर झिरका में 11 करोड़ की लागत से सडकों का निर्माण व सुधारीकरण, नगीना में लाइब्रेरी निर्माण, बडकली चौक से नगीना तक स्ट्रीट लाइट, बहुचर्चित गुरुग्राम-अलवर हाईवे को जल्द ही फोरलेन करने की घोषणा करने का ऐलान भी मुख्यमंत्री ने रैली में किया।

सीएम ने कहा ग्रामीण विकास के लिए सरकार ने ग्राम दर्शन पार्टल बनाया है इसी तर्ज पर अब शहरों में भी विकास कार्यो को लेकर नगर दर्शन पोर्टल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा ग्राम दर्शन पार्टल पर मेवात की सभी 96 मांगों को भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा पूर्व विधायक नसीम अहमद ने जिन मांगों को रखा है उन्हें पूरा करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा मौके पर 70 से 75 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होने वाली मांगों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा शिवधाम योजना के तहत प्रदेश के सभी शमशान और कब्रिस्तानों में पानी की व्यवस्था और रास्ते के लिए राशि स्वीकृति की जाएगी।

### पुलिस अफसरों-कर्मियों का आज ही होगा तबादला

**हरियाणा** प्रगति रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नूंह जिले में पिछले 5 साल से जो पुलिस अधिकारी व कर्मचारी जमे हुए हैं, उनका आज ही शनिवार को तबादला कर दिया जाएगा। जैसे ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने मुख से यह बात कहीं तो हजारों की भीड़ ने उनका तालियां बजाकर स्वागत किया।

आपको बता दें कि हरियाणा प्रगति रैली को महू चोपड़ा में संबोधित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को पहुंचे थे।

रैली के संयोजक पूर्व विधायक व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद ने मंच से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने पुलिस विभाग में दीमक की तरह फैले भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग में फैले भ्रष्टाचार को भी उनके सम्मुख रखा था। जब मंच पर बोलने के लिए प्रदेश के सीएम मनोहर लाल खट्टर आए तो उन्होंने मेवात जिले की आवाम की इस आवाज को उनकी खुशी में बदल दिया। लेकिन वहां तैनात मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगे सैकड़ों पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का मुंह लटक गया। रैली के संयोजक पूर्व विधायक नसीम अहमद ने जैसे ही मंच से पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रखा तो मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रदेश के सीआईडी प्रमुख आलोक मित्तल को मंच पर ही बुला लिया। इसके अलावा मंच पर आईजी रेवाड़ी रेंज व पुलिस कप्तान वरुण सिंगला नूंह को मंच पर ही बुला लिया। इसके अलावा उपायुक्त शक्ति सिंह से भी कुछ देर तक इस बारे में मंत्रणा की। रैली समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आवाम ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का तहे दिल से आभार जताया, लेकिन ड्यूटी पर तैनात जवानों की हालत देखने लायक थी। आपको बता दें कि नूंह जिले में बहुत सालों से कुछ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी जमे हुए हैं, या कुछ दिन के लिए दूसरे जिलों में तबादला करा कर फिर वापस नूंह जिले में ही आ जाते हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग लोगों पर नाजायज मुकदमे दर्ज करने तथा नाम काटने के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार करता है। जिसे लेकर इलाके की आवाम ही नहीं बल्कि नेता भी पूरी तरह से गंभीर दिखे और क्षेत्र की विकास परियोजनाओं के साथ-साथ इस मांग को भी प्रमुखता से रखा। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया।

## सरकारी कालेज में बीएड की कक्षाएं लगाने की घोषणा की

**सीएम** ने नूंह में शैक्षिक दायरे को बढ़ाने के मकसद से यहां किसी भी सरकारी कालेज में बीएड की कक्षाएं लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा हम मेवात की तहजीब और यहां की बोली भाषा को जानते हैं इसके लिए यहां उर्दू को बढ़ावा देने के लिए अगले वर्ष तक 100 टीचरों को भर्ती व रिक्त स्थानों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा मेवात में रोजगार के साधन बढ़ाने के लिए क्रेशर प्लांट लाइसेंस बनाए जाएंगे।

सीएम ने टीकाकरण में पिछड़े मेवात को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे अपना टीकाकरण जल्द करा लें। उन्होंने कहा मेवात कैनाल से आने वाले पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए इसे 100 क्यूसक से 150 क्यूसेक किया जाएगा। सीएम ने कहा कोटला झील निर्माण और इससे जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न तरह के प्रयास कर रही है। सरकार ने विचार किया है कि वर्तमान में 100 एकड़ में बनी कोटला झील को 250 एकड़ में बनाया जाए। इसके लिए किसानों को निर्धारित यानी कलेक्टर रेट पर जमीन देनी होगी। यदि कोई किसान कोटला झील के लिए जमीन देता है तो उसे जमीन के बदले जमीन भी दी जा सकती है। उन्होंने पूर्व विधायक नसीम अहमद की मांग पर ड्राइविंग लाइसेंस का मुद्दा भी हल करने की बात कही। उन्होंने कहा ड्राइविंग के क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए छपेडा गांव में ड्राइविंग स्कूल खोला जा रहा है। इसके अतिरिक्त हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा चलाए जा रहे ड्राइविंग स्कूल में आवश्यकता अनुसार सीटें बढाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा जल्द ही नगीना तिजारा मार्ग का निर्माण छह माह में पूरा कर दिया जाएगा। रैली के संयोजक नसीम अहमद द्वारा पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों की गई शिकायत के बाद सीएम ने कहा कि मेवात में पांच साल से अधिक कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से बदला जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा आज प्रदेश में आजादी का महोत्सव मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर मेवात के वीरों को याद करना भी जरुरी है। उन्होंने कहा देश की आजादी में मेवात के 10 हजार लोगों ने कुर्बानी दी। ये भारत के इतिहास गौरवांवित करने वाला विषय है।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, विधायक कुंवर संजय सिंह, समय सिंह भाटी, नरेंद्र पटेल, सुरेंद्र आर्य, नौक्षम चौधरी, भानीराम मंगला, मनीष जैन, खुर्शीद राजाका, आलम मुंडल, ताहिरा अजमत, एजाज अहमद, अख्तर हुसैन, शिवकुमार बंटी, जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, एसपी वरुण सिंगला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हसनपुर में आज होंगे प्रो कबड्डी लीग मेवात के 8 मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**जिले** में खेली जा रही पांचवी प्रो कबड्डी लीग मेवात प्रतियोगिता के आठ मैच रविवार को तावडू हसनपुर में खेले जाएंगे। यह प्रतियोगिता एबीएस फाउंडेशन और एओवी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है, द्वारा आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता के कार्यक्रम निदेशक नवीन लाठर ने बताया कि नूंह जिले के फिरोजपुर नमक से गत 21 नवंबर को पांचवी प्रो कबड्डी लीग मेवात प्रतियोगिता की शुरुआत हुई थी। जिसमें 23 टीम पुरुष वर्ग और 3 महिला वर्ग से सहित कुल 27 टीम है। उन्होंने बताया कि सभी टीमों में अंडर 70 भार वर्ग के स्कूली छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के दौरान ही खेलों में रुचि बढ़े। वहीं उनमें शारीरिक विकास भी साथ-साथ हो।

इसके अलावा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सही मौका देकर उनकी प्रतिभा को खोजना है। रविवार को प्रतियोगिता के आठ मैच तावडू उपमंडल के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर में खेले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में पुत्रवधू घर से लापता, केस दर्ज

**तावडू ।** उपमंडल के गांव सुनारी से संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का घर से लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के ससुर के बयान पर सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनारी निवासी कल्लू ने बताया कि उनके बेटे फारुक की मृत्यु हो चुकी है। जिनके पांच बच्चे हैं। 24 नवंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी पुत्रवधू अचानक घर से लापता हो गई, वह अपने स्तर पर अब तक पुत्रवधू की खोजबीन में जुटा हुआ था। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गठबंधन सरकार असल में है घोटालों की सरकारः अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव व ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा-जेजेपी गठबंधन सरकार में हर दूसरे दिन कोई न कोई घोटाला उजागर हो रहा है। अब प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नाम पर एक और घोटाला सामने आया है। इस घोटाले में लगभग 2 हजार 900 फर्जी महिलाओं की एंट्री दिखा कर एक करोड़ 40 हजार से अधिक के घोटाले को अंजाम दिया। शनिवार को चंडीगढ़ से जारी एक बयान में अभय ने कहा, यह तय है कि कोई भी घोटाला बगैर सरकार के संरक्षण के संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान गठबंधन सरकार ने प्रदेश को जमकर लूटा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नाम पर उजागर हुआ यह घोटाला इसका ताजा उदाहरण है। कोरोना महामारी के दौरान जब प्रदेश के सभी लोग इस बीमारी से जूझ रहे थे तब गठबंधन सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत फर्जी महिलाओं की एंट्री कर 5 हजार रुपये प्रति महिला एंट्री के खाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इसकी रकम करोड़ों में बनती है। दरअसल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र गर्भवती महिलाओं को एक बच्चे के लिए सिर्फ एक बार 5 हजार रुपये सहायता के रूप में दिए जाते हैं। अभय ने कहा, बड़े शर्म की बात है कि जो राशि बच्चे के लिए दी जाती है गठबंधन सरकार की शह पर उसमें भी घोटाला कर दिया। गठबंधन सरकार के सात साल के कार्यकाल में प्रदेश को ऐसे लूटा है, जैसे लुटेरे गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा था। अभय चौटाला ने कहा कि मंत्री से लेकर संतरी तक सभी भ्रष्टाचार करने और जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल बना दिया गया है। प्रदेश के लोगों को अब इस बात का अहसास हो गया है कि विकास के नाम पर वोट लेने के बदले में भाजपा गठबंधन सरकार ने सिर्फ विनाश दिया है। भाजपा गठबंधन सरकार असल में घोटालों की सरकार है।

### पिछड़ा वर्ग को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होना ही होगा



**भिवानी।** पिछड़ा वर्ग अपने अधिकारों के लिए महान समाज सुधारक और शिक्षा के लिए अलख जगाने वाले ज्योतिबा फुले की पुण्य तिथि पर रोहतक से चंडीगढ़ तक ओबीसी अधिकार पद यात्रा कर रहा है, जो प्रदेश के विभिन्न जिलों, शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी। योगी ने बताया कि ओबीसी पद यात्रा 28 नवम्बर को भीमराव आंबेडकर चौक रोहतक से शुरू होकर 8 दिसम्बर को पंचकूला अम्बेडकर भवन पहुंचेगी। 9 दिसम्बर को राज्यपाल को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपकर यात्रा का समापन होगा। इस यात्रा का उद्देश्य सदियों से राजनीतिक रूप से वंचित एवं हर तरह से शोषित तबके को जागरूक कर एकजुट करने के साथ साथ अपनी विभिन्न मांगों जिनमें जातिगत जनगणना, संख्यानुपातिक पंचायत से संसद तक राजनीतिक हिस्सेदारी, सभी प्रकार की सरकारी व गैर सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण व मंडल आयोग की पूरी रिपोर्ट लागू करवाना, बैकलॉग की भर्ती करवाना एवं प्रदेश द्वारा जारी किया गया असंवैधानिक क्रीमीलेयर नोटिफिकेशन को रद्द करवाना शामिल हैं। यह जानकारी देते हुए ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय सचिव व नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केश कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन योगेंद्र योगी ने बताया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है तभी से तरह तरह के हथकंडे एवं षड्यंत्र रच कर ओबीसी के हकों पर कुठाराघात कर रही है। सब को मालूम है आज भाजपा केवल और केवल पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक से सत्ता पर काबिज है। मिट्टी एवं केश कला बोर्ड से एक भी व्यक्ति लाभांवित नहीं हुआप्रदेश में अति पिछड़ों के लिए कांग्रेस सरकार में बने दो बोर्ड जिनका उद्देश्य इस हाशिये पर खड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी के साथ साथ इस समाज के लोगों को कलात्मक प्रशिक्षण करने का था। लेकिन करोड़ों रुपये खर्च कर के आज भी दोनों मिट्टी एवं केश कला बोर्ड से किसी एक व्यक्ति को भी फायदा नहीं हुआ है। अब दोनों बोर्डों में कोई भी नियुक्तियां नहीं हैं, जो सीधे तौर पर इनकी गैर समानता की भावना को दिखा रहा है। प्रदेश में पिछड़ा वर्ग आयोग पिछले कई वर्षों से निष्क्रिय उसमें भी कोई नियुक्ति नहीं हुई है।

### नव जन चेतना मंच ने 5वां स्थापना दिवस मनाया

**गुरुग्राम।** नव जन चेतना मंच के कार्यालय पर मंच का पांचवा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मौजूद मंच के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने मंच की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष डॉक्टर सर्वदानंद आर्य ने कहा कि देश में महामारी आने के बाद बहुत कुछ बदल गया है। हमारे मंच ने महामारी से बचाव के लिए लगातार कार्य किया है और आगे भी कर रहा है। मंच का उद्देश्य जनसेवा करना तथा जनता को न्याय दिलाना है। हम हरियाणा में हो रहे अन्याय व अत्याचार की लड़ाई लड़ रहे हैं। सभी कार्यकारिणी के सदस्यों ने मंच के उद्देश्यों को प्रदेश के हर तबके तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर उन्होंने नव जन चेतना मंच के पांचवा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मंच के संयोजक वशिष्ठ कुमार गोयल ने कहा कि नव जन चेतना मंच आज जो कुछ भी है कार्यकारिणी के सदस्यों की बदौलत है। हमारा मंच लगातार समाज की बुराइयों को दूर करने की लड़ाई लड़ रहा है साथ ही समाज के लोगों को न्याय मिले इसलिए मुखर होकर समाज की आवाज उठाने का कायज़ भी कर रहा है।

## पायनियर क्लासीफाइड

मैं, अरविंद कश्यप पुत्र सर्विस नंबर 256778जी एसजीटी स्व. जयपाल शर्मा निवासी 671/6, पटेल नगर, थानेसर जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) ने अपना नाम अरविंद कश्यप से बदलकर अरविंद शर्मा रख लिया है।

◆ नाम परिवर्तन ◆

I,Ravindra Gupta (रविन्द्र गुप्ता) and Ravindra Kumar Gupta (रविन्द्र कुमार गुप्ता) F/o Ms. Divya Gupta R/o H.No. 607, Sector-2, Ballabgarh, Faridabad HR have changed my name to Ravindra Kumar (रविन्द्र कुमार ).

I, Ravi S/o Khushal Singh R/o 100/11, Pushp Vihar, M.B Road, Saket, Sector-1, Malviya Nagar, South Delhi have changed my name to Ravi Singh.

**सूचना**

में हसनबसरी पत्नी पप्पू पुत्र निवासी एस. जी.एम. नगर, एन.आई.टी. फरीदाबाद, व साबरा पत्नी मजीद निवासी 54 नंगला, जारजाबाद, जिला पलवल की है। हम जमाबन्दी वर्ष 2018-19 अराजी मुस्ततील न. 105 कीला न. 21- रकबा 8 कनाल का 6/160 भाग रकबा 6 मरला (180 वर्गगज) गांधीनगर, तावडू जिला नूंह की समान भाग में मालिक काबिज है। जिसे हमने ताज मोहम्मद निवासी जफराबाद तावडू से खरीद था। जिसकी प्रॉपर्टी आईडी नंबर 051518377/7/02 है। जो हमारे नाम पर दज नहीं है। जिसे हम तावडू नगर पालिका असेसमेंट रजिस्टर में नगरपालिका दर्ज कराना चाहते हैं। यदि इस पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह 7 दिन के अंतर्गत अपना एतराज नगरपालिका कार्यालय तावडू में दर्ज करा सकता है

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## तावडू अमेजॉन वेयरहाउस से सवा लाख रुपये के मोबाइल चोरी

### चोरी सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के बिलासपुर मार्ग पर अमेजॉन कंपनी के वेयरहाउस से लगभग सवा लाख रुपये के मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की यह घटना कैद हो गई। मामले में सदर थाना पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विक्रम विहार, लाजपत नगर दिल्ली निवासी व अमेजॉन वेयरहाउस मैं कंपनी के प्रतिनिधि आदित्य सिंह ने बताया कि सिलानी गुरुग्राम निवासी सचिन महिपाल कंपनी वेयरहाउस कार्यरत था। बीते 21 नवंबर को कम्पनी परिसर में आईफोन इलेवन का एक खाली डिब्बा मिला। इसके बाद वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई तो पाया गया कि कर्मचारी सचिन महिपाल गत 16 नवंबर को दो आई फोन और एक वनप्लस कंपनी के मोबाइलों को अपनी जेब में डाल रहा था। कम्पनी टीम ने मामले में गहनता से छानबीन और जांच की तो पता चला कि तीनों चोरी किए गए मोबाइलों की कीमत एक लाख 34 हजार 799 रुपये है। जिन्हें सचिन महिपाल ने ही चोरी किया था। आदित्य सिंह ने बताया कि 20 नवंबर के बाद सचिन महिपाल कंपनी में काम पर नहीं लौटा।

## कंटेनमेंट जोन क्षेत्र को किया डीनोटिफाई

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की एडवाईजरी के अनुसार जिले में बनाए गए कंटेनमेंट जोन को कोरोना केसों की रिकवरी के बाद डी-नोटिफाई किया जा रहा है। एडवाइजरी के अनुसार जिले में वशिष्ठ कॉलोनी मोहन नगर में एक स्थान पर बनाए गए कंटेनमेंट व बफर जोन क्षेत्र से निजात दे दी गई है। प्रशासन द्वारा निर्धारित दिनों के अनुसार समय अवधि समाप्त होने पर कंटेनमेंट तथा बफर जोन को हटा दिया है, लेकिन कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को अभी भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी और सोशल डिस्टेंस, मास्क लगाने के नियमों की पालना करनी होगी।

## गुरुग्राम नमाज प्रकरण का समाधान जिला प्रशासन करेगा: सीएम

### मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री के संज्ञान में पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



**गुरुग्राम** में नमाज प्रकरण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वह वहां का स्थानीय मामला है। इस मामले में जिला प्रशासन के अधिकारी सभी पक्षों से बातचीत करेंगे और समस्या का समाधान किया जाएगा।

आपको बता दें कि गुरुग्राम में खुले में नमाज को लेकर तथा कुछ युवकों के विरोध की वजह से काफी दिनों से गुरुग्राम में तनाव का माहौल है। जिसे देखते हुए प्रदेश के मुस्लिम समाज के लोग लगातार अधिकारियों व सरकार के नुमाइंदों से मुलाकात कर रहे हैं।

मुस्लिम समाज नमाज के लिए चिन्हित स्थानों पर नमाज अदायगी की बात कह रहा है, तो कुछ हिंदू समाज के लोग खुले में नमाज का लगातार विरोध कर रहे हैं, जिसे लेकर पिछले काफी दिनों से गुरुग्राम का नाम दूर तक खराब हो रहा है। आपसी भाईचारे को भी इस तरह की घटना से कहीं ना कहीं गहरा धक्का लग रहा है।

मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संज्ञान तक पहले ही पहुंच चुका है, लेकिन उन्होंने हरियाणा प्रगति रैली महू चोपड़ा के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए दो टूक कहा कि नमाज प्रकरण स्थानीय मामला है, जिला प्रशासन के अधिकारी सभी पक्षों से बात कर रहे हैं मामले को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।

# जिला नूंह की बड़ी मांगों पर सीएम ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

## लोगों ने सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय की मांग को उठाया था मजबूती से

### जनता की थीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मरोड़ा गांव में कट, ट्रौमा सेंटर, रेल समेत कई मांगें

**रिजवान कासिम।** मेवात

**हरियाणा** प्रगति रैली महू चोपड़ा से इलाके के लोगों को बड़ी उम्मीदें थी। नूंह जिले को विश्वविद्यालय, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर मरोड़ा गांव में कट, ट्रामा सेंटर, रेल सहित कई बड़ी मांगों में से कुछ मांगों पर शनिवार को हरी झंडी मिलने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन जिले की सभी बड़ी मांगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दरकिनार कर दिया। उन्होंने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। सीएम ने वैसे तो इलाके के विकास के लिए करोड़ों रुपये की सौगात दी, लेकिन जिस तरह क्षेत्र की जनता हरियाणा प्रगति रैली महू चोपड़ा में उमड़ी और जोश के साथ सीएम मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ का स्वागत किया। जनता के प्यार से जिस तरह मुख्यमंत्री मनोहर लाल गदगद नजर आए, उस तरह की घोषणा रैली में नहीं हुई।

इलाके के लोगों ने सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय की मांग को मजबूती से उठाया। इसके अलावा मंच पर भी रैली के संयोजक पूर्व विधायक नसीम अहमद एवं अन्य नेताओं ने मांग रखी, परंतु इन बड़ी मांगों पर सीएम ने एक शब्द तक नहीं कहा जब पत्रकार वार्ता में पत्रकारों ने इन पड़ी मांगों पर सवाल किया तो सीएम ने कहा कि जितनी भी मांगें हरियाणा



प्रगति रैली में रखी गई हैं। उन सभी मांगों पर गौर विचार किया जाएगा, जो मांगे इनमें से पूरी हो सकती हैं। उनको हर कीमत पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेवात को किसी भी मामले में पिछड़ने नहीं दिया जाएगा। उनकी सरकार के कार्यकाल में नूंह जिले को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली है।

जिनमें दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के अलावा नूंह अलवर चार मार्गीय सड़क सहित बहुत ही बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। कुल मिलाकर क्षेत्र की आवाम में जिस उत्साह व उल्लास के साथ हरियाणा प्रगति रैली में शिरकत करने गई थी, उन्हें उस तरह की खुशी नहीं मिली। लेकिन इतना जरूर है कि पुलिस महकमे के अलावा बिजली महकमे में फैले भ्रष्टाचार को रैली के संयोजक नसीम अहमद ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सम्मुख रख कम से कम एक समस्या का समाधान तो करा दिया। जिससे रैली के संयोजक व आवाम में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे उड़नखटोले उतारने के आ रहा काम

**दिल्ली-मुंबई** एक्सप्रेस वे इन दिनों उड़न खटोले उतारने के खूब काम आ रहा है। भाजपा गठबंधन सरकार पिछले कुछ महीने में देश के जाने माने इस हाईवे पर दो बार अपने उड़न खटोले मेवात जिले की सीमा में उतार चुकी है। हेलीकॉप्टर तो दूर अब तो भाजपा के नेता इस हाईवे पर प्लेन उतारने तक की बात कह रहे हैं। आपको बता दें कि महू चोपड़ा में हरियाणा प्रगति रैली में शिरकत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल उड़न खटोले से आए और रैली स्थल के नजदीक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर उनका उड़न खटोला उतरा। इस मार्ग की मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ही नहीं बल्कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने भी जमकर सराहना की।आपको बता दें कि दिल्ली से मुंबई को जोड़ने वाला यह मार्ग लगभग 1300 किलोमीटर लंबा है। इस पर तकरीबन 90000 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। मेवात जिले के 84 गांव में से यह हाईवे गुजर रहा है। इस हाइवे को मेवात के विकास में मील का पत्थर माना जा रहा है।

### तारीफ खुर्शीद ने कांग्रेस छोड़ कमल थामा

**पुन्हाना** विधानसभा क्षेत्र में जिला पार्षद एवं कई दशक से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे युवा नेता तारीफ खुर्शीद ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए हरियाणा प्रगति रैली महू चोपड़ा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ की मौजूदगी में भाजपा का पटका पहन लिया। पुनहाना विधानसभा से भाजपा नेत्री नोक्षम चौधरी ने तारीफ खुर्शीद को कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में लाने की जी तोड़ मेहनत की, जिसकी बदौलत कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## बेहतर हो स्वास्थ्य सेवा

**एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि देशभर के शहरों में सरकार के अपने निर्धारित नियमों से भी लगभग 40 फीसदी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है।**

देश के ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों की बड़ी कमी है, लेकिन शहरी क्षेत्र में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि देशभर के शहरों में सरकार के अपने निर्धारित नियमों से भी लगभग 40 फीसदी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता है और दस गुने से भी अधिक खर्च कर निजी अस्पतालों में उपचार कराना पड़ता है।




शहरों में जो सरकारी अस्पताल हैं, उनमें से अधिकतर गरीब बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ी वाले जगहों से दूर बने हुए हैं। इससे भी गरीब आबादी को असुविधा होती है। इस अध्ययन में पाया गया है कि सबसे अधिक गरीब लोग भी गर्भस्थ शिशु के जन्म के लिए निजी अस्पतालों का रुख करते हैं। अनेक शोध इंगित कर चुके हैं कि हमारे देश में स्वास्थ्य के मद में सार्वजनिक खर्च बहुत कम होने के कारण उपचार का भार लोगों की जेब पर पड़ता है। आकलनों की मानें, तो 70 फीसदी से अधिक खर्च लोगों को करना पड़ता है। भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा निम्न आय वर्ग और निर्धन तबके से है। निजी अस्पतालों की महंगी चिकित्सा की वजह से लाखों लोग हर साल गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहरों में भी गरीब लोग अक्सर रोगों के शुरुआती लक्षणों को या अनदेखा कर देते हैं या फिर किसी नीम हकीम या झाड़-फूंक करनेवालों के चक्कर में फंस जाते हैं।

ऐसा करने से बीमारी बाद में कई बार गंभीर रूप धारण कर लेती है। सुविधाहीन बस्तियों में रहने, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने तथा पर्याप्त पोषण नहीं मिलने से बीमारियों के पनपने जैसी स्थितियां बनती हैं। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के इस शोध में यह भी रेखांकित किया गया है कि शहरी क्षेत्र के सबसे धनी लोगों की तुलना में गरीब पुरुषों और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा भी क्रमश: 9.1 और 6.3 साल कम है। संतोष की बात है कि केंद्र सरकार ने आगामी कुछ वर्षों में स्वास्थ्य पर सार्वजनिक खर्च को लगभग दोगुना बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पादन का 2.5 फीसदी तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। स्वच्छ जल की आपूर्ति, शौचालयों की व्यवस्था, उचित पोषण मुहैया कराने जैसे काम भी तेजी से चल रह रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था भी है।

इसके अलावा, बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं ताकि डॉक्टरों, नर्सों आदि की कमी को पूरा किया जा सके। सस्ती दरों पर दवा मुहैया कराने की योजना भी चलायी गयी है। राज्य सरकारें भी प्रयासरत हैं। उम्मीद है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति और मिशन के जरिये आगामी वर्षों में स्थिति में बहुत सुधार हो सकेगा। इस संबंध में सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि स्वास्थ्य केंद्र गरीबों की बस्तियों के करीब हों।

# कामगारों के पंजीकरण की बढ़े गति

**समुचित आंकड़े उपलब्ध होने से सरकार को नीतियां बनाने में सुविधा होगी और श्रमिक संगठन भी कामगारों के हितों के लिए मांगें प्रभावी ढंग से रख सकेंगे।**



विनय कुमार सिन्हा
(लेखक)



असंगठित क्षेत्र के कामगारों के पंजीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया ई-श्रम पोर्टल एक सराहनीय पहल है। हाल ही में हम सभी ने देखा कि महामारी के दौरान ऐसे कामगार बहुत अधिक प्रभावित हुए। सरकार के पास अभी तक कोई ठोस आंकड़ा नहीं है, जिससे असंगठित कामगारों की सही संख्या की जानकारी मिल सके। इस कारण उनके लिए सरकारी व्यवस्था करने, नीति-निर्धारण करने तथा समुचित प्रावधान करने में अड़चनें आती हैं. ऐसे में आंकड़ा जुटाने की बड़ी आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में हस्तक्षेप किया था। पहली बार किसी सरकार ने असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 93-94 प्रतिशत कामगारों की की ओर ध्यान दिया है। अभी तक संगठित क्षेत्र के पांच-सात फीसदी कामगारों को ध्यान में रखकर ही नीतियां बनती रही हैं। इस लिहाज से श्रम पोर्टल एक अहम कदम है। अगर हमारे पास समुचित आंकड़े उपलब्ध हो जाते हैं, तो सरकार के लिए नीतियां बनाने में सुविधा होगी और श्रमिक संगठन भी कामगारों के हितों के लिए ठोस मांगें सरकार के सामने प्रभावी ढंग से रख सकेंगे। सभी श्रमिक संगठनों ने डाटाबेस बनाने की इस कोशिश का स्वागत किया है।

इस पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया की गति को बढ़ाया जाना चाहिए। रिपोर्टों के अनुसार, अब तक तीन महीने की अवधि में लगभग साढ़े आठ करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। आकलनों की मानें, तो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 38 करोड़ श्रमिकों का डाटाबेस तैयार करना है। यह सरकार का आंकड़ा है, जो 2011 की जनगणना पर आधारित है, लेकिन हमारे हिसाब से देश में 54 करोड़ असंगठित कामगार हैं। जिस गति से पंजीकरण हो रहा है, मुझे लगता है कि सभी कामगारों को पंजीकृत करने में पांच वर्ष से अधिक समय लग सकता है। इसलिए इसकी गति तेज करने की जरूरत है। सरकार की पहल निश्चित रूप से अच्छी है, किंतु इसे अमल में लाने का जिम्मा अधिकारियों का है। उल्लेखनीय है कि अप्रवासी कामगार कानून, 1979 की व्यवस्था है, लेकिन महामारी के दौरान श्रमिकों की भारी दुर्दशा हुई, क्योंकि इस कानून को लागू नहीं किया गया। जो भी सरकार होती है, वह संसद के माध्यम से कानून तो बना देती है, किंतु उसे व्यवहार में लाने का उत्तरदायित्व जिस नौकरशाही को है, उसे इसमें दिलचस्पी नहीं है। इस रवैये में सुधार लाना होगा।

ऐसी पहलों को सफल बनाने के लिए सरकार को जिस स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों पर ध्यान देना चाहिए, वैसा नहीं हो रहा है। इस प्रयास में श्रमिक संगठनों की भागीदारी नहीं है। मेरी राय में सरकार श्रमिक संगठनों को नकारात्मक दृष्टि से और अवरोध की तरह देखती है। जब तक आप इन संगठनों को साथ नहीं लेंगे तथा त्रिस्तरीय व्यवस्था को लागू नहीं करेंगे, तब तक किसी भी नीति या कार्यक्रम को ठीक से लागू नहीं किया जा सकता है। सरकार स्वैच्छिक संस्थाओं और सरकारी तंत्र पर भरोसा करती है, लेकिन सरकारी तंत्र को इस संबंध में समुचित रुचि ही नहीं है। ई-श्रम पोर्टल के संबंध में केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को बीस रुपये प्रति पंजीकरण की दर से आवंटन किया है। इस पहल में साझा सेवा केंद्रों के माध्यम से सभी श्रमिकों को मुफ्त पंजीकरण कर कार्ड देने की व्यवस्था है, लेकिन आप देश में कहीं भी चले जाएं, मजदूरों को पंजीकरण के लिए दो सौ से लेकर पांच सौ रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है।

**पहली बार किसी सरकार ने असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 93-94 प्रतिशत कामगारों की की ओर ध्यान दिया है। अभी तक संगठित क्षेत्र के पांच-सात फीसदी कामगारों को ध्यान में रखकर ही नीतियां बनती रही हैं। इस लिहाज से श्रम पोर्टल एक अहम कदम है। अगर हमारे पास समुचित आंकड़े उपलब्ध हो जाते हैं, तो सरकार के लिए नीतियां बनाने में सुविधा होगी और श्रमिक संगठन भी कामगारों के हितों के लिए ठोस मांगें सरकार के सामने प्रभावी ढंग से रख सकेंगे।**

सरकार ने तो अच्छी व्यवस्था की कि श्रमिकों का मुफ्त पंजीकरण होगा और सेवा केंद्रों को प्रति कामगार बीस रुपये की दर से दिया जायेगा, जिससे उन्हें भी रोजगार मिले, पर लचर सरकारी नियंत्रण की वजह से बिचौलिये कमाई कर रहे हैं। पंजीकरण की गति धीमी होने की यह बड़ी वजह है, क्योंकि जिसके पास पैसे होंगे, वही इन केंद्रों की सेवा ले सकेगा। समाज और सेहत के लिए नुकसानदेह चीजों का विज्ञापन बहुत से सिलेब्रिटी करते हैं। अगर सरकार इस पोर्टल को लेकर गंभीर है, तो उसे किसी सिलेब्रिटी से इसका प्रचार कराना चाहिए। स्वैच्छिक संस्थाओं और सरकारी मशीनरी की तुलना में कामगारों के मामले में अधिक अनुभव और समझ श्रमिक संगठनों के पास है। जब यह पोर्टल बीते 26 अगस्त को शुरू हो रहा था, तब केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा था कि कुछ समय के अनुभव के बाद केंद्र और राज्यों के स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा, जिसमें सभी संबद्ध पक्षों को शामिल किया जाएगा।

लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है। पिछले सात साल से भारतीय श्रम सम्मेलन की एक भी बैठक नहीं बुलाई गई है। इससे श्रमिक संगठनों के प्रति सरकार के नजरिए का अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर ई-पोर्टल पहल को सफल बनाना है, तो श्रमिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी क्योंकि उनकी पहुंच सीधे कामगारों तक है। पंजीकरण के लिए निर्धारित उम्र की सीमा को 15 से 65 साल या उससे अधिक करना चाहिए, जैसा कई सरकारी नौकरियों में है। अन्य क्षेत्रों में सरकार निगरानी करती है और जरूरत पड़ने पर छापेमारी जैसी कार्रवाई भी होती है। वैसी ही व्यवस्था पंजीकरण केंद्रों के संबंध में भी होनी चाहिए। पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों से जुड़े नियमों को भी सरल बनाया जाना चाहिए। अभी बैंक खाते और आधार कार्ड के साथ वह मोबाइल नंबर भी देना होता है, जो आधार संख्या से जुड़ा होता है। अक्सर ऐसा होता है कि सस्ती कॉलिंग दर की वजह से मजदूर सिम कार्ड और नंबर बदलते रहते हैं। ऐसे में पंजीकरण में समस्या आ रही है।

अब मजदूरों को आधार के साथ नए नंबर को जोड़ना पड़ रहा है। इससे उनका समय भी बर्बाद होता है और पंजीकरण केंद्रों को पैसे भी देने होते हैं। इस स्थिति में काम और मजदूरी छोड़ कर दिनभर पंजीकरण के लिए लिए दे पाना संभव नहीं है। चुनाव आयोग पहचान के लिए कई दस्तावेजों को मान्यता देता है। उन्हें इस पंजीकरण के लिए भी स्वीकार किया जाना चाहिए। बहुत से कामगार अभी इतनी मुश्किल उठाने के लिए इसलिए भी तैयार नहीं हैं, क्योंकि इस पंजीकरण के बाद मिलनेवाली सामाजिक सुरक्षा के बारे कोई घोषणा सरकार की ओर से नहीं की गई है। अभी तो केवल आश्वासन दिये जा रहे हैं। सरकार को ई-श्रम पोर्टल जैसी जरूरी पहल को ठीक से और कम समय में लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा जागरूकता प्रसार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# मछुआरों के हित खतरे में

डॉ अश्विनी महाजन
(लेखक)



**कुछ** समय से विश्व व्यापार संगठन में चल रहे वार्ताओं के एक दौर में कथित रूप से अविकसित तरीके से, गैर-रिपोर्टेड और अनियमित मछली पकड़ने पर अंकुश लगाने हेतु सब्सिडी समाप्त करने पर समझौता होना है। हालांकि इस वार्ता को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का हिस्सा बताया जा रहा है, लेकिन यदि यह समझौता हो जाता है, तो उससे भारत और अन्य विकासशील और अल्प विकसित देशों में छोटे मछुआरों की जीविका पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। यह सही है कि समुद्र में मत्स्ययन बढ़ता ही जा रहा है, जिससे भविष्य में समुद्र में मछली की उपलब्धता ही समाप्त हो सकती है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र की सोच उचित है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि समुद्र से अधिक मात्रा में मछली पकड़ने के लिए जिम्मेदार कौन है? कम से कम भारत या अन्य विकासशील देशों के अत्यधिक कम मत्स्ययन की क्षमता रखनेवाले छोटे मछुआरे तो इसके लिए कतई दोषी नहीं हैं।

मछली पकड़ने का कार्य दो प्रकार से किया जाता है। एक, छोटे मछुआरों द्वारा, जो अपनी नाव में जाकर मछली पकड़ते हैं और दूसरे, बड़ी कंपनियों के ट्रॉलरों एवं बड़े जहाजों के द्वारा। पिछले कुछ दशकों से बड़ी कंपनियों द्वारा मशीनी तरीके से मछली पकड़ने का काम काफी बढ़ गया है। भारत में छोटे मछुआरे वर्षा ऋतु में मछली नहीं पकड़ते, क्योंकि वह मछलियों के प्रजनन का काल होता है, लेकिन बड़े ट्रॉलर ऐसा नहीं करते। यदि छोटे मछुआरों को अनियमित माना जाएगा, तो सरकारों द्वारा दी जाने वाली सहायता तो समाप्त हो जाएगी, पर बड़े ट्रॉलर और जहाज मछली पकड़ने के हकदार बने रहेंगे और वे सरकारी सहायता भी ले सकेंगे। तब छोटे मछुआरों की जीविका प्रभावित होगी, जबकि बड़ी कंपनियों को लाभ होगा, लेकिन खेद का विषय यह है कि विश्व व्यापार संगठन में बड़े और अमीर मुल्कों एवं कॉरपोरेट के दबाव में समझौता करने की कवायद जारी है।

गौरतलब है कि 1990 के दशक के प्रारंभ में भारत में बड़े ट्रॉलरों को लाइसेंस दिए जाने के बाद उनके द्वारा अत्यधिक मात्रा में मत्स्ययन करने के कारण समुद्र से मछली की उपलब्धता ही समाप्त हो रही थी, जिससे छोटे मछुआरों की जीविका पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा था। उस समय स्वदेशी जागरण मंच और थॉमस कोचिरी के नेतृत्व समेत कई बड़े आंदोलन हुए थे तथा तत्कालीन सरकार



को ट्रॉलरों के लाइसेंसों का नवीनीकरण रोकना पड़ा था। बाद में फिर से ट्रॉलरों को अनुमति मिलने लगी। एक बार फिर पर्यावरणविदों द्वारा ट्रॉलरों को प्रतिबंधित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। भारत सरकार की एक समिति ट्रॉलरों को विनियमित करने की दिशा में कार्य कर रही है। पर्यावरणविदों का कहना है कि इन ट्रॉलरों पर क्रमिक प्रतिबंध ही मत्स्ययन के अतिरेक का सही समाधान है। केरल और ओडिशा सहित कई राज्यों में परंपरागत मछुआरों की मांग पर मॉनसून (वर्षा ऋतु) में ट्रॉलरों पर प्रतिबंध लगाया जाता रहा है, ताकि मछलियों का प्रजनन प्रभावित न हो। कहा जा रहा है कि मत्स्ययन सब्सिडी पर समझौते से मछली की उपलब्धता एवं समुद्री संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चत की जा सकेगी। इस संबंध में नियम बनाने की कवायद 2001 से ही चल रही है, लेकिन दिलचस्प यह है कि जिस दोहा विकास चक्र के तहत यह कवायद शुरू हुई, उसके शेष सभी प्रावधान विकसित देशों ने सिरे से नकार दिया है, तो प्रश्न उठता है कि मत्स्ययन सब्सिडी समाप्त करने की ही कवायद क्यों चल रही है? यह सही है कि आज 34 प्रतिशत अतिरिक्त मत्स्ययन हो रहा है, जबकि 1974 में यह मात्र 10 प्रतिशत ही था। आज दुनिया में लगभग चार करोड़ लोग मत्स्ययन व्यवसाय पर निर्भर हैं, इसलिए उनके जीवन की सुरक्षा समुद्री संसाधनों की सुरक्षा के साथ जुड़ी हुई है। भारत समेत विकासशील देशों का मानना है कि मत्स्ययन पर सब्सिडी समाप्त होने से उनके छोटे मछुआरों की जीविका और उनके अधिकार संकट में पड़ सकते हैं।

**यदि विश्व व्यापार संगठन में मत्स्ययन समझौता हो जाता है, तो उससे विकासशील और अल्प विकसित देशों में छोटे मछुआरों की जीविका पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।**

ऐसे छोटे मुल्कों, जिनके मिशन जेनेवा में नहीं हैं, के विचारों को इस दस्तावेज में ठीक से समाहित नहीं किया जा सका है। इससे भी विकासशील देशों में रोष है। हाल ही में जब विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशिका भारत आयी थीं, तो भारत ने साफ-साफ शब्दों में अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी तथा कहा था कि इस संदर्भ में भारत के सुझावों को शामिल किए जाने से ही यह समझौता संतुलित हो सकता है। भारत की मांग है कि विकसित देश अपने प्राकृतिक भौगोलिक सीमाओं से परे किए जाने वाले मत्स्ययन पर सब्सिडी देना बंद करें। वे देश यह मानने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत चाहता है कि उसके गरीब एवं छोटे मछुआरों के हितों की सुरक्षा हेतु सब्सिडी देने का प्रावधान जारी रहना चाहिए। भारत में कोई गैरकानूनी मत्स्ययन नहीं होता। भारत का कहना है कि विश्व व्यापार संगठन के निर्माण के समय से विकसित देशों को खास रियायतें मिलीं और उनके द्वारा दी जाने वाली कृषि सब्सिडी बिना रोक-टोक चलती रही, जबकि विकासशील देशों के अधिकारों को सीमित कर दिया गया। मत्स्ययन सब्सिडी पर समझौते में उस गलती को दोहराया नहीं जाना चाहिए। आज समय की मांग है कि भारत और अन्य विकासशील एवं अल्पविकसित देश विकसित देशों की दादागिरी का डट कर सामना करें, ताकि कोई असंतुलित एवं तर्कहीन समझौता न हो सके और हम छोटे एवं गरीब मछुआरों की हितों की सुरक्षा कर सकें।

## कर्ज का फर्जीवाड़ा

वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए या किसी मजबूरी में कर्ज लेना स्वाभाविक है। बैंकों और अन्य संस्थाओं से निर्धारित ब्याज दर पर धन मुहैया कराया जाता है, लेकिन नियमों की वजह से बहुत से लोग इस सुविधा का फायदा नहीं उठा पाते हैं। उन्हें सूदखोरों से भारी ब्याज पर कर्ज लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। डिजिटल तकनीक की आमद ने एक ओर जहां बैंकिंग व्यवस्था को सरल और सुलभ बनाया है, तो दूसरी ओर इसके जरिये फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी भी खूब हो रही है।

रिजर्व बैंक द्वारा गठित एक समिति ने पाया है कि ऐंड्रॉयड फोन पर उपलब्ध पर्सनल लोन के 11 सौ एप में आधे से अधिक अवैध हैं, जो बिना किसी पंजीकरण या अनुमति के चल रहे हैं। इस गैरकानूनी कारोबार के फैलाव का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि अवैध एप 80 एप स्टोर पर उपलब्ध हैं। ये एप सस्ते दरों पर तुरंत कर्ज देने का वादा करते हैं। किसी तरह कर्ज हासिल करने की बेताबी के चक्कर में लोग इन्हें अपने खाते,




आधार कार्ड, आय से जुड़े दस्तावेज आदि दे देते हैं, जिनके दुरुपयोग की आशंका रहती है। एक बार कर्ज की राशि देने के बाद मनमाने ढंग से ब्याज वसूली का दौर शुरू होता है और लेनदार से अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। ऐसे मामले भी सामने आये हैं, जहां खाते से पैसे उड़ा लिये गये हैं। कोरोना काल में नौकरियां छूटने और कारोबार बंद होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने ऐसे एप के जरिये कर्ज उठाया है।


**रिजर्व बैंक की एक समिति ने पाया है कि ऐंड्रॉयड फोन पर उपलब्ध पर्सनल लोन के 11 सौ एप में आधे से अधिक अवैध हैं।**

बड़ी संख्या में शिकायतें आने के बाद रिजर्व बैंक ने इस साल जनवरी में समिति का गठन किया था। अब इसकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हो रही है। ऐंड्रॉयड सेवाएं देने वाली कंपनी गूगल से अवैध एप की जानकारी मांगी गई है। ऐसे संकेत मिले हैं कि अवैध लेनदेन के कारोबार में विदेशों में स्थित कंपनियां शामिल हैं। ऐसे में यह वित्तीय नियमन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न भी है। इसकी गंभीरता को देखते हुए रिजर्व बैंक ने सरकार से डिजिटल माध्यम से कर्ज लेने और देने के बारे में अलग से कानून बनाने के संबंध में विचार करने का आग्रह किया है। ऐसे कारोबार में लगे भारतीय उद्यमों को भी विशेष नियम बनाने को कहा गया है। इस मसले पर ठोस पहल के लिए सभी संबद्ध पक्षों से इस साल के अंत तक अपनी राय देने का आग्रह भी किया गया है।

यह भी उल्लेखनीय है कि अधिकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं और निजी बैंकों द्वारा दिए गए डिजिटल ऋण की मात्रा में कुछ समय से तेज बढ़ोतरी हुई है। अर्थव्यवस्था में सुधार और तकनीकी बेहतरी के साथ इसमें लगातार बढ़त की उम्मीद भी है। ऐसे में अवैध कारोबारियों की सेंधमारी से कारोबार और लोगों को बचाना जरूरी है। लोगों को भी पंजीकृत संस्थाओं से ही कर्ज लेना चाहिए, अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं।


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"लोगों को अधिक सतर्क रहने तथा मॉस्क पहनने व उचित दूरी सहित बचाव के सभी अन्य उपायों का पालन करने की जरूरत है।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां विधायिका द्वारा पारित कानूनों और न्यायपालिका द्वारा दिए गए फैसलों को लागू करना मुश्किल हो।

**- किरेन रिजिजू**
केंद्रीय कानून मंत्री



कोविड का नया स्वरूप गंभीर खतरा है। इस समय यह बहुत जरूरी है कि भारत सरकार हमारे देशवासियों को टीके की सुरक्षा प्रदान करने के लिए गंभीर हो जाए।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता"

# नवोन्वेषण करने वाले बीस स्कूलों को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

## शिक्षा के क्षेत्र में नए सुधार करने पर संचालक बीडी गाबा को किया सम्मानित

### मंथन स्कूल लीडर्स समिट का आयोजन हुआ अम्बाला के बीपीएस प्लाइटोरियम में

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य बीडी गाबा को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। साथ खड़े हैं अन्य लोग।

**नेशनल** इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस व फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल्ज वेलफेयर हरियाणा के तत्वावधान में मंथन स्कूल लीडर्स समिट का आयोजन अम्बाला के बीपीएस प्लाइटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम के तहत पूरे हरियाणा में ऐसे बीस स्कूलों को चिह्नित एवं पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में छोटे-छोटे नवीनीकरण यानी कि नवोन्वेषण करके बड़े सुधारों की शुरूआत की है। इस अवसर पर फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल्ज के सम्माननीय मेंबर एवं कुरुक्षेत्र के विशिष्ट कॉलोनी स्थित नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य बी.डी गाबा को भी समान्नित किया गया। प्रधानाचार्य गाबा को यह सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व आनन्द कुमार द्वारा दिया गया। यह सम्मान हरियाणा के लगभग बीस लोगों को दिया गया। कार्यक्रम डॉक्टर कुलभूषण शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। शर्मा ने बताया कि नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास करने का पुरजोर प्रयास किया जाता है।

विद्यालय में बच्चों में संस्कार और मानव जाति के कल्याण स्वरूप भावनाओं को विकसित करने की दूरदर्शिता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गाबा ने कहा कि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को संस्कारों की प्रेरणा देने के बहुत अच्छे परिणाम सामने आए हैं जिससे न सिर्फ बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़ रहे हैं, बल्कि घरों के वातावरण में भी बहुत बदलाव आया है।

## फव्वारों ने शहर के सौंदर्यीकरण में लगाए चार चांद: विधायक

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि रेलवे रोड और पिपली गीता द्वार पर फव्वारों के चलने से शहर के सौंदर्यीकरण में चार चांद लग गए है। इस शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर विशेष फोकस रखकर कार्य किया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान को गीता महोत्सव के बाद भी निरंतर जारी रखा जाएगा। इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वार्ड वाइज सफाई कर्मचारियों की कमेटियों ने भी कमान संभाल ली है। विधायक सुभाष सुधा ने शनिवार को नप अधिकारियों से शहर की सफाई व्यवस्था की फीडबैक लेने के उपरांत कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 का आगाज 2 दिसंबर से होने जा रहा है और इस महोत्सव के कार्यक्रम 19 दिसंबर तक जारी रहेंगे। इस महोत्सव में देश और विदेश से लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। इसलिए दूर-दराज से आने वाले पर्यटक धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से एक अच्छा एहसास लेकर जाए, इसके लिए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी प्रशासनिक अधिकारी भी पूरे फोकस के साथ अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों में जुटे हुए है।





## गरीब और असहायों को ठिठुरने से बचाएगी नेकी की दीवार

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने अपने कार्यालय पर शुरू की नेकी की दीवार

**कोई** भी असहाय या गरीब व्यक्ति ठंड से न ठिठुरे, इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उनके कार्यालय पर नेकी की दीवार स्थापित की है। यहां पर कोई भी व्यक्ति अपने पुराने गर्म वस्त्र रख सकता है ताकि कोई जरूरतमंद गरीब व्यक्ति अपनी जरूरत के हिसाब से यहां से कपड़े ले सकें।

उल्लेखनीय है कि ठंड निरंतर बढ़ती जा रही है। ऐसे में ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जो जिनके पास गर्म कपड़े खरीदने के लिए पैसे नहीं होते हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ऐसे असहाय व गरीब लोगों की मदद के लिए हर वर्ष नेकी की दीवार स्थापित की जाती है, ताकि ऐसे लोग यहां से गर्म कपड़े ले सकें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार हुड्डा ने बताया कि अक्सर लोगों के पास ऐसे कपड़े होते हैं, जो पहनने के लायक होते हैं। लेकिन उनको पहनते-पहनते भी मन भर जाता है। ऐसे कपड़ों को हम नेकी की दीवार पर रख सकते हैं ताकि जरूरतमंद लोग उन कपड़ों को यहां से ले सकें।

इससे असहाय लोगों को काफी मदद मिलती है और वे ठंड से अपने आप को बचा पाते हैं। रेडक्रॉस सचिव हुड्डा ने लोगों से नेकी की दीवार पर अधिक से अधिक कपड़े दान करने का आह्वान किया है ताकि लोगों की मदद हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त



संकीर्तन में मौजूद श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरूक्षेत्र द्वारा गांव सिरसमा में 303वां श्रीश्याम संकीर्तन किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि मुख्य यजमान रामनिवास प्रजापत परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान कैथल के गायक बहादुर सैनी ने श्याम जी के मधुर भजन सुनाए जिनमें सांवरे सलोने का कोई ना जवाब, तू है लाजवाब - बाबा तू है लाजवाब ..., विनती सुन लो सांवरे दुखिया गरीब की..., दे दे बाबा चरण चाकरी..., म्हारा खाटू श्याम लहरावे मोरछड़ी...... और तस्वीर हो गया तस्वीर देखकर...... इत्यादि भजन सराहे गए। संकीर्तन के दौरान श्याम की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात भंडारा दिया गया। श्याम आरती में दिनेश गोयल, सुरेन्द्र काठपाल, हरविंदर सिंह, रीटा गोयल, सोनिया गुप्ता व स्वीटी मित्तल व सहित गांववासी शामिल रहे।

### देव भाषा संस्कृत को जन भाषा बनाने की आवश्यकता



**भिवानी।** संस्कृत देव भाषा है। प्राचीन काल में यह जन भाषा भी रही है, इसे फिर से जन भाषा बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसके लिए सभी संस्कृत प्रेमियों को कार्य करना पड़ेगा। यह विचार जन जागरण शिक्षा समिति द्वारा खाकी बाबा मंदिर में आयोजित रामचरितमानस: आज के समय में सार्थकता विषय पर आयोजित कार्यक्रम में महंत राम कृपाल दास ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में रामचरितमानस की सार्थकता बहुत अधिक बढ़ गई है। हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को समझने में रामचरितमानस का अध्ययन विशेष कारगर साबित होता है। आज कलयुग मे राम नाम से ही उधार हो सकता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री आचार्य रमेश मिश्र ने कहा कि रामचरितमानस में आज के जीवन के सभी संदर्भों का उल्लेख प्राप्त होता है। तुलसीदास की समन्वय भावना बहुत ही विख्यात है। समारोह के आयोजक जन जागरण शिक्षा समिति के प्रधान मंडन मिश्र एडवोकेट ने कहा कि आज संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से ही युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति का परिचय मिलेगा।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भगवती ने पाया प्रथम स्थान



**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय हैल्थ जांच कैंप के साथ रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी विभाग के चेयरपर्सन डाक्टर नितिन बंसल थे। कार्यक्रम में डीन फार्मास्यूटिकल्स प्रो.संजीव कुमार एवं डीन शैक्षणिक प्रो. राधेश्याम की गरीमामयी उपस्थिति रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भगवती ने प्रथम विशाल ने द्वितीय, कोमल एवं कशिश ने तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंकिता एवं प्रियंका ने प्रथम, किरण एवं संदीप ने द्वितीय, कोमल एवं कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये दोनों प्रतियोगिताओं की संयोजक नीलम एवं नीरज थीं। निर्णायक की भूमिका में डीन डाक्टर सुनिता भरतवाल एवं डाक्टर पार्वती शर्मा थीं।

### केंद्र की तर्ज पर हरियाणा में भी की जाए क्रीमीलेयर

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा है कि हरियाणा सरकार भी केंद्र सरकार की तर्ज पर क्रीमी लेयर बनाये। आरक्षित वर्गों के लिए केंद्र द्वारा 8 लाख रुपये वार्षिक आय क्रीमी लेयर तय की गई है, जबकि हरियाणा सरकार द्वारा यह क्रीमी लेयर 6 लाख रुपये वार्षिक है। इतना ही नहीं अब तो प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों की तनख्वाह भी इसी में जोड़ दी गई है। ऐसे में तो कोई भी आरक्षित वर्ग का कर्मचारी फायदा नहीं उठा सकेगा। रामकुमार रम्बा ने मांग की कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा 8 लाख रुपये वार्षिक क्रीमी लेयर तय की गई है उसी तर्ज पर ही हरियाणा में भी 8 लाख रुपये वार्षिक क्रीमी लेयर तय की जाए ताकि सभी आरक्षित वर्गों को फायदा मिल सके। कर्मचारियों की तनख्वाह को व अन्य इन्कम को इसमें न जोड़ा जाए। रामकुमार रम्बा ने कहा कि सरकार द्वारा आरक्षित वर्गों के लाभों को काटा जा रहा है जोकि सरासर गलत है। इसलिए सरकार को चाहिए कि आरक्षित वर्गों को ज्यादा से ज्यादा फायदा दिया जाए ताकि इनका स्तर भी ऊंचा हो सके।

## मनुष्य को विपरित परिस्थितियों में भी भगवान का स्मरण करना चाहिए : अनिल शास्त्री

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**गो** गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-3 के भागवत कथा पंडाल में भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने राजा परीक्षित के बारे में भक्तों को बताया कि पांडवों के महाप्रयाण के पश्चात श्रेष्ठ ब्राह्मणों के आदेशानुसार महाराज परीक्षित पृथ्वी पर शासन करने लगे। एक बार राजा परीक्षित को पता चला की। उनके राज्य की सीमा के भीतर कलियुग का प्रवेश हो रहा है।

उन्होंने दिग्विजय करते समय देखा की एक राजवेषधारी शूद्र, एक गाय तथा बैल को डंडे से पीट रहा है। जैसे उनका कोई स्वामी न हो। श्वेत कमल पुष्प जैसा बैल, शूद्र से अत्यधिक भयभीत था, गाय भी अत्यंत दीन हो रही थी। उसके पावों पर पर वह शूद्र प्रहार कर रहा था।

कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि राजा परीक्षित गंभीर वाणी से बोले तुम हो कौन, जो बलवान प्रतीत होते हुए भी मेरे राज्य में दुर्बल प्राणियों को बलपूर्वक मार रहे हो, वेष से राजा परन्तु कार्यों से क्षत्रियों के सिद्धांतों का उल्लंघन कर रहे हो, चूंकि तुम इस निर्दोष को एकांत स्थान में मार रहे हो अत- तुम अपराधी हो तथा वध के योग्य हो। महाराज परीक्षित ने धर्म रुपी बैल तथा पृथ्वी रूपी गाय को सांत्वना दी तथा अधर्म के कारणरूप कलियुग को मारने के लिए तलवार निकाली।

## युवक की पत्नी और दो बच्चे घर से गायब, मामला दर्ज

**भिवानी।** खनन नगरी खानक में क्रेशर पर काम कर रहे उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी निवासी एक युवक की पत्नी दो बच्चों सहित घर से गायब हो गई। पीड़ित युवक ने पत्नी तथा बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को दी है शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी गांव मंडावली निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले करीब 6 महीने से वह गांव खानक में एक स्टोन क्रेशर पर मजदूरी का कार्य कर रहा है। वह अपने दो बच्चों व पत्नी सहित क्रेशर पर ही रहता है। गत 24 नवंबर को वह क्रेशर पर काम करने गया हुआ था। दोपहर उसकी पत्नी व उसके दो बच्चे बिना बताए कहीं चले गए। जिनकी उसने हरसंभव जगह पर तलाश की। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।

## बाल दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद साथ खड़े अतिथिगण।

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय शिक्षक क्लब के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रगतिशील और आधुनिक बनने के दौड़ में हम अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। खेल का महत्व जैसे हम भूलते जा रहे हैं। आज के बच्चे मोबाइल, लैपटॉप और वीडियो गेम्स में ही खेल खेलते हैं। परंतु खेल का महत्व बच्चों की बढ़ती ग्रोथ के साथ जानना आवश्यक है। वही राष्ट्र विकसित या सामर्थ्यवान बन पाता है।

वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक क्लब द्वारा आयोजित बालदिवस प्रतियोगिता में विजेताआ को पुरस्कृत करते हुए बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। शिक्षक क्लब के प्रधान डॉ. सोमवीर जाखड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक क्लब द्वारा ऐसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करके कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक क्लब ने एक सराहनीय पहल की है। इससे शिक्षकों, उनके परिवार के सदस्यों व विश्वविद्यालय परिसर में खेल के प्रति एक जागरूकता का भाव भी पैदा होगा। क्लब के सचिव डॉ. चंद्रकांत ने कहा कि कहा कि खेल हमें अनुशासित बनाता है।

## विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सदुपयोग देश और समाज के उत्थान में करें: छतवाल

### गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 53वां स्थापना दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



गुरु चरणों में अरदास करते विद्यार्थी और अतिथिगण।

**गुरु** नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 53वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर विद्यार्थियों ने गुरबाणी शब्द गायन कर समां बांध दिया। श्रीगुरू ग्रंथ साहिब महाराज के श्रीअखंड पाठ के समापन पर ग्रंथी ने विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणामों और सरबत के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की।

स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान जसवंत सिंह छतवाल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सदुपयोग देश व समाज के उत्थान में करें, ताकि बेहतर राष्ट्र का निर्माण हो सके। मैनेजर परमिंद्र सिंह ने गुरु साहिबान द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान, नारी शिक्षा और सुरक्षा का उल्लेख किया। एजुकेशन सोसायटी के प्रधान तेजिंदर पाल सिंह ढिल्लो ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। जूनियर व सीनियर विंग विद्यार्थियों ने शब्द गायन किया।

पांचवीं कक्षा के छात्र जसप्रीत सिंह ने तबला वादन से श्रोताओं को दांतो तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। गुरलीन कौर व साथियों द्वारा ऐसे गुरु को बल बल जाए, जसप्रीत सिंह व साथियों द्वारा हे गोबिंद, हे गोपाल शब्द की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार तान्या सिंह ग्रुप, जूनियर विंग में अवनीत कौर ग्रुप व हरगुन ने शब्द प्रस्तुत किए। प्रिंसीपल मुख्तयार सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट और उपलब्धियों से अवगत कराया। मंच का संचालन टीचर रमनदीप कौर ने किया।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करके खाते से निकाले 68 हजार रुपये

**भिवानी।** गांव रिवासा निवासी एक युवक के खाते से ऑनलाइन धोखाधड़ी करके किसी अज्ञात ने 68 हजार रुपये निकाल लिए, जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने पुलिस को दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

गांव रिवासा निवासी जितेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 नवंबर को उसके पास फोन आया और फोन करने वाले ने उसके पिता का परिचित बनकर कहा कि वह आपके बैंक खाते में 5 रुपये भेज रहा हूं। । उसके बाद वह कहने लगा कि वह पूरी राशि 20 हजार रुपये उसके खाते में भेज रहा है। जैसे ही जितेश ने बारकोड स्कैन किया तो उसके खाते से 40 हजार रुपये निकल गए। आरोपी ने कहा कि यह रुपये गलती से निकल गए हैं। आपको वापस आपके पैसे भेज रहा हूं। दोबारा बारकोड स्कैन किया तो खाते में बचे हुए 28 हजार रुपये भी निकाल लिए गए।

## इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**भगवान** परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के वालीबॉल के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वालीबॉल चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज का मान बढ़ाया। 23 से 25 नवंबर तक चले पुरुष वर्ग के वालीबॉल स्पर्धा में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि वॉलीबॉल खेल में परशुराम कॉलेज के खिलाड़ी पिछले 20 सालों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। महाविद्यालय के खिलाड़ी अमन कुमार ने इस साल अंडर 19 वॉलीबॉल विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर कॉलेज तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य ने खेल प्रतियोगिता में टीम के अच्छा प्रदर्शन करने पर स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक तथा टीम इंचार्ज डॉ. सौरभ त्रिखा तथा डॉ. दिलबाग सिंह को बधाई दी। खेलों के क्षेत्र में हमेशा से ही खेल विभाग का मार्गदर्शन करने वाले प्रोफेसर शीश पाल ने खिलाड़ियों तथा खेल विभाग की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की वॉलीबॉल की तरह ही अन्य खेलों में भी महाविद्यालय के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## मोबाइल, चार हजार रुपये छीनकर बाइक सवार फरार

**भिवानी।** तोशाम के दुर्गा माता मंदिर के नजदीक एक युवती के हाथ में से बाइक सवार तीन युवक मोबाइल फोन व 4 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए। पीड़ित युवती ने इसकी शिकायत पुलिस को देखकर पुलिस से कानूनी कार्रवाई के तहत आरोपियों को पकड़कर उसका फोन तथा पैसे वापस लौटाने की गुहार लगाई है। तोशाम निवासी युवती सिमरन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन युवक बाइक पर सवार होकर आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

सपनों की डोर से उसे ना बांधू तो बांधू किसको,
रब से उसे न मांगू तो मांगू किसको,
मेरे नसीब में लिखा है अगर सपनों का बिखरना,
तो बिखरे हुए को न सवारूँ तो सवारूं किसको।

## राजपूत समाज ने विधायक सुधा पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



पत्रकारों से बातचीत करते तिलकराज राणा।

**क्षत्रिय** सभा की सदस्यता खुलवाने को लेकर यदि कुरुक्षेत्र में राजपूत समाज रक्तरंजित होता है तो इसकी जिम्मेवारी थानेसर विधायक सुभाष सुधा की होगी। ये बातें महाराणा प्रताप सभा भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान तिलकराज राणा सुढपुर ने कही। प्रेस वार्ता में राजपूत समाज के लोगों ने थानेसर विधायक सुभाष सुधा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्हें राजपूत समाज के लोगों को धोखा देने वाला विधायक करार दिया है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए क्षत्रिय संघर्ष समिति के संयोजक मोहन सिंह राणा चन्नालहेडी ने कहा कि विधायक सुभाष सुधा ने राजपूत समाज के साथ ठीक नहीं किया है। उन्होंने राजपूत समाज से झूठ बोलकर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जिसे राजपूत समाज कभी माफ नहीं करेगा। सुभाष सुधा की वादाखिलाफी के खिलाफ अब प्रदेशभर का राजपूत समाज एकत्रित होकर विधायक के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा। मंगलवार से राजपूत समाज विधायक की कोठी के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएगा और विधायक सुभाष सुधा की वादाखिलाफी और समाज के लोगों से बोले गए झूठ का खूब प्रचार ताकि आगे से कोई भी व्यक्ति जनता के चुने गए प्रतिनिधि विधायक सुभाष सुधा के झूठ का शिकार न होने पाए। संयोजक मोहन सिंह राणा ने कहा कि क्षत्रिय सभा की सदस्यता खुलवाने को लेकर क्षत्रिय संघर्ष समिति के बैनर तले राजपूत समाज के लोग 3 जून से आंदोलन शुरू करते हुए धरने पर बैठ गए थे।

एक्सट्रामार्क्स-द लर्निंग ऐप के साथ इंटिग्रेटेड डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में

## एक्स्ट्रामार्क्स ने अपनी मौजूदगी को मजबूत बनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारत के एडुटेक क्षेत्र की सबसे भरोसेमंद दिग्गज कंपनी, एक्सट्रामार्क्स ने अपना नया लोगो, विजुअल पहचान और कैटेगरी में अपनी पोजीशन के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी की ब्राडिंग के मूल तत्व नए विजुअल एसेट्स बन गए हैं, जिसमें तरोताजगी से भरपूर कंपनी का लोगो और वन-स्टॉप लर्निंग ऐप सोल्यूशन शामिल है। द लर्निंग ऐप का लेटेस्ट वर्जन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस के यूजर्स के लिए उपलब्ध है।

कंपनी ने फ्लैगशिप प्रॉडक्ट एक्सट्रामार्क्स- द लर्निंग ऐप में प्रयोगात्मक रूप से पूरी तरह बदलाव किया है। एक्सट्रामार्क्स में 12वीं कक्षा तक के लर्नर्स, जेईई, नीट सेग्मेंट्स को ऐप में एकीकृत किया गया है। इसके अलावा ऐप में स्कूल बेस्ड सोल्यूशंस जैसे असेसमेंट सेंटर और लाइव क्लास प्लेटफॉर्म को शामिल किया गया है। इससे यह ऐप सभी श्रेणियों के लर्नर्स के लिए वन स्टॉप लर्निंग डेस्टिनेशन बन गई है और लर्न-प्रैक्टिस-टेस्ट की कसौटी पर परखी जा चुकी हुई शिक्षा प्रणाली का लाभ उठाती है, जो लर्नर्स को संपूर्ण रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसमें लर्नर्स को शिक्षा प्रदान करने के लिए मीडिया-रिच मॉड्यूल, लाइव क्लासेज, रेकार्डेड लेक्चर का प्रबंध है। साथ ही यूजर्स को इसमें अपने प्राइवेट स्कोर को ब?ाने की क्षमता भी निखरती है। इसमें महत्वपूर्ण सवालों पर ध्यान दिया जाता है। लर्नर्स की विषय से संबंधित किसी भी समस्या को सुलझाने के लिए इसमें अनगिनत डाउट सॉल्विंग सेशन भी है। इस ऐप से लर्नर्स के अनुकूल टेस्ट भी लिए जा सकते हैं। इसके अलावा इस ऐप में लर्नर्स को सीखने का संपूर्ण रूप से अनुभव हासिल करने के लिए कई दूसरे आकर्षक फीचर्स तक पहुंच उपलब्ध कराई गई है।

इस मौके पर एक्सट्रामार्क्स के सीईओ ऋत्विक कुलश्रेष्ठ ने कहा, महामारी का प्रकोप फैलने के बाद पूरी शिक्षा प्रणाली में काफी बदलाव हुआ है और नए जमाने के स्टूडेंट्स को डिजिटल शिक्षा प्रणाली ने अपनी ओर आकर्षित किया है। इसने हमें समय के साथ आगे बढने का मौका दिया है। इससे एक्सट्रामार्क्स की समावेशी, सहज और पूरी तरह से तकनीक से लैस लर्निंग सोल्यूशंस प्रदान करने की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि हुई है।

# पंजाब में चन्नी के खिलाफ अध्यापकों और एनएचएम कर्मियों का प्रदर्शन

## पंजाब की पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई प्रदर्शनकारियों की पगड़ियां उतरीं

### सीएम बोले पर टंकियों पर चढ़ने से हल नहीं होते मसले

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**पंजाब** के बरनाला में बेरोजगार अध्यापकों और एनएचएम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने जब हाईवे रोका तो पुलिस ने उनपर लाठीचार्ज कर दिया। जिससे हुई धक्का-मुक्की में प्रदर्शनकारियों की पगड़ियां भी उतर गई।

चरणजीत सिंह चन्नी शनिवार को बरनाला पहुंचे। पंजाब में मांगों को लेकर अलग-अलग महकमों के मुलाजिमों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए थे। इसके बावजूद बेरोजगार अध्यापक और एनएचएम के कर्मचारियों ने तीनों ही जगह चन्नी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बरनाला में बेरोजगार अध्यापक, एनएचएम और दूसरे महकमों के कर्मचारी बठिंडा-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों के हाईवे पर बैठकर पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक डाइवर्ट करना पड़ा। कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री व अन्यों को वहां से निकाला गया।

**पानी की टंकी पर धरना देते अध्यापकों से मिलने पहुंचे केजरीवाल**

**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब में पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। पंजाब के मोहाली में पानी की टंकी पर चढ़े बेरोजगार पीटीआई अध्यापकों से मुलाकात करने पहुंचे केजरीवाल ने यहां तक बोल दिया कि वह उनके छोटे भाई हैं। एक मौका उन्हें देकर देखें अगर काम नहीं किया तो लात मारकर भगा देना। केजरीवाल आंदोलनकारी अध्यापकों को मिलने के लिए शनिवार सुबह दिल्ली से विशेष तौर पर मोहाली पहुंचे थे। केजरीवाल पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के समक्ष 165 दिन से धरने पर बैठे कच्चे अध्यापकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। अध्यापकों को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चन्नी सरकार ने जगह-जगह 36 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के बोर्ड तो जरूर लगाए हुए हैं लेकिन न तो अध्यापकों को पक्का किया और न ही सैंकड़ों हजारों सफाई व अन्य विभागों के कच्चे और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पक्का किया गया। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री चन्नी पर तंज कसा, कि जो ऐलान किए जाते हैं उन पर अमल भी होना चाहिए।इसके बाद अरविंद केजरीवाल पानी की टंकी पर 47 दिन से धरने पर बैठे बेरोजगार पीटीआई अध्यापकों से मुलाकात की और धरनाकारियों से टंकी से नीचे उतरने की अपील की।

केजरीवाल ने एक नई विवाहिता बेरुजगार अध्यापिका समेत 47 दिनों से टैंकी पर चढ़े अध्यापकों को उनकी जान का वासता देते हुए नीचे उतरने की अपील की व कहा कि मौजूदा बहरी सरकार के लिए वह अपनी जान खतरे में न डालें। शिक्षा मंत्री परगट सिंह द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को इन धरनाकारी अध्यापकों की मांगों के संबंध में लिखी चिट्ठी का हवाला देते हुए अरविंद केजरीवाल ने पूछा कि अब परगट सिंह इन अध्यापकों की मांगें क्यों नहीं मानते।

# केंद्र के फैसले के बाद हरियाणा में बदलेंगे समीकरण

### अब तक सामने आ चुके हैं सात हजार पराली जलाने के केस

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात में दी पराली पर रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्र** सरकार द्वारा पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ मामले दर्ज नहीं किए जाने के फैसले के बाद हरियाणा के जहां राजनीतिक समीकरण बदलेंगे, वहीं हजारों किसानों को राहत मिलेगी। केंद्र सरकार के ऐलान के बाद प्रदेश सरकार ने सभी जिलों से इस संबंध में रिपोर्ट मांग ली है। माना जा रहा है कि राज्य सरकार अगले सप्ताह के दौरान किसान आंदोलन में दर्ज हुई एफआईआर तथा पराली जलाने को लेकर हुई कार्रवाई के संबंध में बड़ा फैसला ले सकती है। हरियाणा में पराली को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हर साल पराली जलाने के कारण न केवल प्रदूषण फैलता है बल्कि सरकार द्वारा किसानों को जुर्माना भी किया जाता है। किसान जुर्माना करने तथा पराली के मुद्दे पर सरकार को घेर रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी गत दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात में हरियाणा में किसानों द्वारा पराली जलाने तथा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में चर्चा की थी। शनिवार को केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि पराली जलाने के आरोप में किसानों पर मामला दर्ज नहीं करने के आदेश जारी किए हैं।

हरियाणा कृषि विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में इस सीजन के दौरान कुल 6995 स्थानों पर पराली जलाई गई है। 2719 स्थानों पर विभागीय टीमों ने दौरा किया लेकिन वहां आगजनी की कोई घटना नहीं मिली। इस सीजन के दौरान पराली जलाने के आरोप में किसानों को कुल 71 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। कुल 3346 किसानों के चालान किए गए हैं।

इस सीजन में विभागीय टीमों द्वारा 94 किसानों के खिलाफ मामले दर्ज करवाने की कार्रवाई की गई है। इस सीजन में सबसे अधिक पराली जलाने के 1517 केस फतेहाबाद जिले में आए हैं। दूसरे नंबर पर 1215 मामलों के साथ कैथल है। केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी किए जाने के बाद हरियाणा सरकार भी पराली जलाने को लेकर दर्ज हुए मामलों पर फैसला करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरा अकाली दल

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल शनिवार को पंजाब सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन किया। गिरफ्तारी देने के लिए शिअद कोर कमेटी के सदस्य सीएम आवास की तरफ कूच किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें सीएम आवास के निकट ही रोक दिया। बाद में सुखबीर बादल सहित प्रेम सिंह चंदूमाजरा, डॉ. दलजीत सिंह चीमा, एसजीपीसी की प्रधान बीबी जागीर कौर, पूर्व मंत्री गुलजार सिंह राणीके, हीरा सिंह गाबडिया़ आदि को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल का कहना है कि पंजाब सरकार ने बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ झूठा ड्रग्स मामले का केस दर्ज करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, नवजोत सिंह सिद्धू, गृह मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा और डीजीपी इकबाल प्रीत सिंह सहोता के एक बैठक हुई है। जिसमें चन्नी और सिद्धू ने डीजीपी को हिदायत दी है कि वह मजीठिया के खिलाफ ड्रग्स मामले में एफआईआर दर्ज करें। सुखबीर बादल ने मुख्यमंत्री को चुनौती दी कि अगर हिम्मत है तो मजीठिया ही नहीं बल्कि पूरी शिरोमणि अकाली दल के खिलाफ पर्चा दर्ज कर लें। पार्टी डरने वाली है।सुखबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री में अगर हिम्मत है तो शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी पर पर्चा दर्ज करके उन्हें जेल में डाल दे। उन्होंने कहा कि असली लड़ाई चन्नी और सिद्धू के बीच में है। सिद्धू कहते हैं कि अगर मजीठिया पर पर्चा दर्ज नहीं किया गया तो वह मरणव्रत पर बैठेंगे।

### कैबिनेट ने विधायी कार्यों के लिए सीएम को दिए अधिकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधानसभा में पेश होने वाले विधायी कार्यों पर फैसला लेने के अधिकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को दिए गए हैं। हरियाणा मंत्रिमंडल ने बिजनेस तय करने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 17 दिसंबर से शुरू होगा। सत्र के दौरान सरकार कुछ नये विधेयकों के अलावा कुछ कानूनों में बदलाव के लिए संशोधन विधेयक पेश करेगी। सीएमओ द्वारा इसका मसौदा तैयार किया जा रहा है। वहीं विधानसभा सचिवालय की ओर से शीतकालीन सत्र को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी विधायकों को शीतकालीन सत्र में उठाए जाने वाले सवाल भेजने के साथ-साथ ध्यानाकर्षण व काम रोको प्रस्ताव आदि भेजने को कहा गया है। पूर्व की तरह इस बार भी प्रश्नकाल में उठाए जाने वाले सवालों का चयन ड्रा के जरिये होगा। स्पीकर ज्ञानंचद गुप्ता सभी दलों के विधायकों की मौजूदगी में यह ड्रा करवाएंगे। सत्र की सिटिंग के हिसाब से सवालों का चयन होगा।

# हल्ला बोल प्रदर्शन में भागीदारी के लिए बर्खास्त पीटीआई ने कसी कमर

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**अपनी** बहाली की मांग को लेकर बर्खास्त पीटीआई लगभग दो वर्षों से लगातार संघर्षरत है, लेकिन इस दौरान प्रदेश सरकार उनकी मांग सुनने की बजाए लगातार वादा खिलाफी करने में लगी हुई हैं। सरकार की वादा खिलाफी से परेशान होकर बर्खास्त पीटीआई ने सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले 12 दिसंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर किए जाने वाले हल्ला बोल प्रदर्शन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

जिसके बाद हल्ला बोल प्रदर्शन के लिए प्रदेश भर के बर्खास्त पीटीआई लामबंद हो जाएं। हल्ला बोल प्रदर्शन के माध्यम से सरकार के झूठे वायदों की पोल खोली जाएगी। यह बात लघु सचिवालय के समक्ष जारी बर्खास्त पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मा. सुखदर्शन सरोहा ने कही। बहाली की मांग को लेकर बर्खास्त पीटीआई का धरना शनिवार को 530वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए सुखदर्शन सरोहा ने कहा कि भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार ने रोजगार देने की बजाए कर्मचारियों को हर स्तर पर परेशान किया है।

इसी प्रकार आउटसोर्सिंग पर लगे स्वास्थ्य विभाग के काफी कर्मियों को नौकरी से हटाया गया है। पीटीआई, ड्राइंग व ग्रुप डी के बर्खास्त कर्मचारियों के समायोजन के बारे में वादा खिलाफी की गई है। सरकार की नीयत में खोट है, जो रोजगार देने की बजाए छीनने में लगी है। इसीलिए अब सर्व कर्मचारी संघ ने निर्णायक आंदोलन की ओर बढ़ते हुए 12 दिसंबर को प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर हल्ला बोल प्रदर्शन का ऐलान किया है।

# झज्जर में होगी जननायक जनता पार्टी की विशाल रैली: शीला भयान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जननायक** जनता पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भयान व राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लीतानी ने कहा है कि झज्जर में होने वाली जजपा की रैली विशाल रैली होगी। इस रैली में महिलाओं की भी पूरी भागीदारी रहेगी। वे सर्किट हाउस में महिलाओं की बैठक को संबोधित कर रही थीं। महिला जिलाध्यक्ष सीता देवी ने बैठक का संचालन किया।

इस मौके पर उनके साथ जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप मुल्तानी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मायाराम चंद्रभानपुरा, युवा जिलाध्यक्ष डा. जसविंदर खैहरा, महिला जिलाध्यक्ष सीता देवी, जोगध्यान लाडवा, जगबीर मोहडी व संगीता सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में रैली को सफल बनाने के लिए महिला कार्यकताओं की ड्यूटियां भी लगाई गई। प्रदेश अध्यक्ष शील भयान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की झज्जर में होने वाली रैली में सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें। रैली में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। अपने प्रिय नेता को सुनने के लिए हरियाणा भर से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता रैली में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि आज जननायक जनता पार्टी के नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की युवा सोच के कारण प्रदेश बुलंदियों पर जा रहा है। अनेकों ऐसे फैसले लिये जा रहे हैं जिसके कारण प्रदेश के बेरोजगार युवाओं, महिलाओं व अन्य सभी वर्गों को फायदा मिल रहा है। ऐसे में प्रदेश का हर वर्ग आज सरकार से खुश है। जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, मायाराम चंद्रभानपुरा व डा. जसविंद्र खैहरा ने भी सभी से बढ़ चढ़कर रैली में भाग लेने का आह्वान किया।



**महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला भयान व राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी के साथ जेजेपी कार्यकर्ता।**

### आपका रक्तदान दे सकता है किसी को जीवन : रक्तवीर

**भिवानी।** रक्तदान किसी के लिए भी बेहद सामान्य बात हो सकती है, लेकिन जरूरतमंद के लिए यह जिंदगी और मौत का सवाल होता है। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने बताया की रक्त की जरूरत कभी भी किसी को भी पड़ सकती है।

लिहाजा हर किसी को इसकी अहमियत समझनी चाहिए। हर किसी का रक्तदान किसी न किसी को नई जिंदगी देता है। आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी, जबकि ऐसा नहीं है। शहर और गांवों में डेंगू तेजी से अपने पैर पसार चुका है। जिसके चलते दिन प्रतिदिन रक्त की मांग बढ़ती जा रही है। रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं हो सकता केवल रक्तदान से ही रक्त की पूर्ति हो सकती है। इसलिए रक्तदान जरूरी है। भिवानी में आज दो निजी अस्पताल में दाखिल मरीजो के लिए ब्लड की जरूरत पड़ी तो गर्भवती महिला के बी-नेगिटिव व डेंगू मरीज के लिए ब्लड ओ-पॉजिटिव की दो यूनिट की आवश्यकता पड़ी। यह सूचना फोन के माध्यम से मिली तो बामला निवासी विष्णु व भिवानी निवासी भंवर सिंह व सोनू कुमार भिवानी फ्रीडम ब्लड बैंक में पहुंच ब्लड डोनेट किया।

# महिला सशक्तीकरण के लिए हरियाणा पुलिस की 'जागृति यात्रा'



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ

**हरियाणा** पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई साइकिल रैली-जागृति यात्रा के अच्छे नतीजे आ रहे हैं। इस अभियान की शुरूआत के बाद 10 दिनों में विभिन्न जिलों में हुए कार्यक्रमों में दो हजार से अधिक महिलाओं व बेटियों ने भागेदारी की। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। कानून में महिलाओं को दिए गए अधिकारों के बारे में अवगत कराया।

डीजीपी पीके अग्रवाल ने 15 नवंबर को पंचकूला से झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया था। जागृति यात्रा अभी तक अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम व फरीदाबाद जिलों में पहुंच चुकी है। साइकिल यात्रा के जरिये कुल 440 किमी की दूरी तय की है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि अभियान में भाग लेने वाली 16 पुलिस महिला साइकिल चालकों का इन जिलों में आयोजित विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं और लड़कियों द्वारा स्वागत किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिला साइकिल चालकों द्वारा महिला अधिकार एवं उनके खिलाफ अपराध की रोकथाम, अपराध की सूचना पुलिस को देने के बारे में जागरूक करते हुए दोषियों के खिलाफ विभिन्न एजेंसियों की भूमिका के बारे में भी बताया गया।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 की गीता मैराथन में आज दौड़ेंगे युवा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव-2021 में मैराथन का आयोजन 28 नवंबर को आज होगा। इस मैराथन में जिले के युवा दौड़ेंगे। इस मैराथन को लेकर खेल विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके साथ-साथ खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग में खिलाड़ियों व आमजन द्वारा अपना पंजीकरण करवाया गया है। इस मैराथन के लिए पुरुष और महिला वर्ग के लिए रुट प्लान भी तैयार कर लिया है। मैराथन में पुरुषों के लिए 10 किलोमिटर और महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ होगी।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत 28 नवंबर को होने वाली मैराथन में पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ होगी। इस दौड़ की शुरूआत ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग से होगी। यहां से प्रतिभागी ब्रह्मसरोवर के दक्षिण द्वार से निकलकर बीआर इंटरनेशनल चौक, ब्रह्मानंद चौक, सुंदरपुर फ्लाई ओवर, शहीदी उधम सिंह चौंक, डीसी व एसपी निवास, द्रोणाचार्य स्टेडियम के सामने से होते हुए नए बस स्टैंड पिपली रोड पर पहुंचेंगे, यहां से प्रतिभागी मोहन नगर पुल से होते हुए पुराने बस स्टैंड, छटी पातशाही गुरुद्वारा पैनोरमा, अर्जुन चौंक, केडीबी कार्यालय के सामने से होते हुए ब्रह्मसरोवर के मुख्य द्वार के अंदर से पुरुषोत्तमपुरा बाग तक पहुंचेंगे।



जानकारी देते उपायुक्त मुकुल कुमार

**पहले 10वें स्थान तक के धावकों को मिलेगा नगद पुरस्कार**

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की तरफ से मैराथन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। इस मैराथन को यादगार बनाने का हर सभंव प्रयास किया जाएगा। इस मैराथन को भी आजादी के अमृत महोत्सव के साथ जोडकर आयोजित किया जाएगा। इस मैराथन में महिला व पुरुष वर्ग के दो वर्ग बनाए गए है। प्रत्येक वर्ग में पहले 10 स्थानों पर आने वाले धावकों को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार की राशि 31 हजार रुपए से लेकर 2100 रुपये तक तय की गई है। उपायुक्त ने कहा कि गीता मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाले व्यक्ति को 31-31 हजार रुपए, द्वितीय को 21-21 हजार रुपये, तृतीय को 11-11 हजार रुपये और उसके बाद दसवें स्थान तक आने वाले व्यक्ति को 2100-2100 रुपये का इनाम दिया जाएगा।

**महिला वर्ग की दौड़ का रूट**

**महिला** वर्ग की दौड़ 5 किलोमीटर की होगी, यह दौड़ भी पुरुषोत्तमपुरा बाग से शुरू होकर ब्रह्मसरोवर के दक्षिण द्वार से अनाज मंडी चौंक होते हुए सभी प्रतिभागी डीएन कालेज के आगे से निकलकर रेलवे रोड़ पर पहुंचेंगे, इसके बाद सभी महिला प्रतिभागी छटी पातशाही गुरुद्वारा, पैनोरमा, अर्जुन चौक, केडीबी कार्यालय के सामने से होते हुए ब्रह्मसरोवर के मुख्य द्वार के अंदर से पुरुषोत्तमपुरा बाग तक पहुंचेगी।

# समाज को आईना दिखाने का काम करता है मीडिया: राजेश



**राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह में राजेश कुमार को सम्मानित करते हुए मुख्यतिथि व अन्य**

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** सेना में वीर योद्धा नायक कली राम खिप्पल की याद में आयोजित राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह में बाबैन प्रेस क्लब के प्रधान एवं रोटरी क्लब बाबैन के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार को राष्ट्रीय सम्मान से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा एनसीबी मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि मीडिया कर्मी का जीवन कठिनाइयों से भरा होने के बावजूद भी वे अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना में जब हर कोई अपने घरों में कैद हो गया था, उस वक्त भी पत्रकारों ने अपनी डयूटी का निर्वहन निडरता के साथ किया। कोरोना काल में पत्रकारों द्वारा दी गई सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता के साथ कलम चलानी चाहिए क्योंकि पत्रकार की कलम से निकले हर शब्द का असर समाज में होता है। समारोह में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक, सैनिक कली राम खिप्पल की धर्मपत्नी मूर्ति देवी और स्वामी सचिदानंद भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के वैश्विक गीता पाठ से विदेशी भी जुड़ेंगे

### आस्ट्रेलिया, मॉरीशस, यूके, कनाडा के नागरिक रहेंगे ऑनलाइन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कोरोना** से तनावग्रस्त पूरी दुनिया में गीता वाणी नई ऊर्जा भरेगी। मार्गशीर्ष की शुक्ल पक्ष की एकादशी प्रतिपदा को विश्व भर में गीता वाणी की गूंज सुनाई देगी। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन अवसर 14 दिसंबर को वैश्विक गीता पाठ का आयोजन होगा।

इस वैश्विक गीता पाठ में देश ही नहीं विदेशी सरजमीं पर भी गीता के श्लोक गुंजायमान होंगे। कोरोना काल बीतने के बाद भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से हजारों वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र ज्योतिसर की पावन धरा से दिया गया विश्व कल्याण का संदेश अब अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जरिये जन-जन तक पहुंचेगा। गीता वाणी को आमजन तक पहुंचाने में स्कूली बच्चों का भी अहम योगदान रहेगा। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में वैश्विक गीता पाठ का मुख्य कार्यक्रम होगा और हर जिले से ऑनलाइन के जरिये स्कूली विद्यार्थी जुड़ेंगे। इसके साथ ही विदेशों में भी 14 दिसंबर को वैश्विक गीता की गूंज सुनाई देगी। गीता पाठ में प्रमुख रूप से ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, कनाडा व यूके सहित कई अन्य देशों के नागरिक जुड़ेंगे। वैश्विक गीता पाठ में 55 हजार स्कूली विद्यार्थी 18 श्लोकों का उच्चारण करेंगे। प्रदेश के हर जिले से 50 स्कूल हिस्सा लेंगे। शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को गीत पाठ में हिस्सा लेने वाले स्कूलों का चयन 30 नवंबर तक चयन करने के निर्देश दिए हैं। गीता पाठ के साथ स्कूली स्तर पर निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

### पवित्र ग्रंथ गीता ने मेरे जीवन को कैसे बदला पर 500 शब्द लिखने पर मिलेगा सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** पवित्र ग्रंथ गीता ने मेरे जीवन को कैसे बदला और मैंने पवित्र ग्रंथ गीता से क्या सीखा विषय पर 500-500 शब्दों का सबसे अच्छा निबंध लिखने पर विद्यार्थी को सम्मानित किया जाएगा। इन विषयों के साथ-साथ आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर भारत की स्वतंत्रता में पवित्र ग्रंथ गीता का महत्व विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता को भी विशेष तौर पर विषय रखा गया है। इस विषय पर भी 500 शब्द का अच्छा निबंध लिखने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के माध्यम से शिक्षा विभाग सम्मानित करेगा। इस निबंध लेखन के साथ-साथ इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन आफलाइन प्रणाली से होगा।

# किसानों की सभी लंबित मांगों को पूरा करे सरकार: दीपेंद्र सिंह हुड्डा

## एमएसपी पर कानून संभव नहीं का बयान सीएम का या पीएम का, स्पष्ट करें मुख्यमंत्री

### कहा, 1948 में चौ रणबीर सिंह के प्रस्ताव पर शुरू हुई थी एमएसपी प्रणाली

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर कानून बनाने को लेकर सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा दिए गए बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल, सीएम ने विगत दिवस नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद बयान दिया था कि एमएसपी पर कानून बनाया जाना संभव नहीं है।


इस बयान पर सीएम से जवाब मांगते हुए दीपेंद्र ने कहा, मुख्यमंत्री यह स्पष्ट करें कि ये उनके खुद के विचार हैं या फिर प्रधानमंत्री जी के। शनिवार को चंडीगढ़ से जारी



बयान में दीपेंद्र ने कहा, हरियाणा की भाजपा-जेजेपी गठबंधन सरकार तो पहले भी तीन कृषि कानूनों की वापसी नहीं होने की बात कहती आई है।

दीपेंद्र ने किसानों की सभी लंबित मांगों को तुरंत पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान अभी तक जान गंवा चुके 700 से अधिक किसानों के परिवारों से सरकार माफी मांगे और संसद में उन्हें श्रद्धांजलि दे। दीपेंद्र ने कहा, 'मैं खुद शीतकालीन सत्र में किसानों की लंबित मांगों को पूरा करने तथा जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि देने का मुद्दा उठाऊंगा'। उन्होंने कहा कि आज किसान जिस एमएसपी गारंटी के कानून की लड़ाई लड़ रहा है, उसकी मांग सबसे पहले 23 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में स्व् चौ रणबीर सिंह ने उठाई थी। यहां बता दें कि स्व रणबीर सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के दादा थे। दीपेंद्र का कहना है कि किसानों के हक में दिए गए स्व रणबीर सिंह के प्रस्ताव के बाद ही एमएसपी प्रणाली का जन्म हुआ। शीतकालीन सत्र में किसानों की मांगों के अनुरूप एमएसपी गारंटी कानून बनाने सहित अन्य मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी की गारंटी से कम में कोई खरीद होने पर दंड का कानूनी प्रावधान होना चाहिए।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### लॉजिक

गम की रातों में उम्मीद का चिराग कहाँ होता है
दिल के जख़्मों का जिस्मों पर कभी दाग कहाँ होता है
किसी लॉजिक को दिल आखिर समझे भी तो कैसे
क्योंकि दिल के पास समझदार दिमाग कहाँ होता है

# भाजपा भी सपा के नक्शे कदम पर चल रही है : मायावती

## बसपा प्रमुख ने ट्वीट किया, एक दलित परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या अति-दु:खद एवं शर्मनाक

**एजेंसी।** लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रयागराज में एक दलित परिवार के चार लोगों की हत्या को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा भी समाजवादी पार्टी (सपा) के नक्शेकदम पर चल रही है। वहीं सपा अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना को भाजपा सरकार पर एक और बदनुमा दाग बताया।

बसपा प्रमुख ने शनिवार की सुबह ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभी हाल में दबंगों द्वारा की गई एक दलित परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या अति-दु:खद एवं शर्मनाक है। यह घटना भी सरकार की लचर कानून-व्यवस्था को दर्शाती है। ऐसा लगता है कि इस मामले में भाजपा भी अब सपा सरकार के ही नक्शेकदम पर चल रही है।

मायावती ने ट्वीट किया, इस घटना के बाद सबसे पहले पहुंचे बाबूलाल भांवरा के नेतृत्व वाले बसपा के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रयागराज में दबंगों का जबरदस्त आतंक है, जिसके कारण ही यह घटना हुई। बसपा की मांग है कि सरकार सभी दोषी दबंगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करे।

सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को मायावती के ट्वीट के कुछ देर बाद ही इस घटना पर ट्वीट किया, इलाहाबाद (प्रयागराज) के फाफामऊ में दबंगों द्वारा चार दलितों की हत्या दलित विरोधी भाजपा सरकार पर एक और बदनुमा दाग है। घोर निंदनीय। उन्होंने कहा, उम्मीद है ये अपराधी बिना चश्मे के भी दिख जाएंगे। यादव ने इस ट्वीट के जरिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पिछले दिनों दिए गए एक बयान पर भी तंज कसा।

शाह ने कुछ दिन पहले लखनऊ में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा था, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का बुरा हाल देखकर मेरा तो खून खौल जाता था, पहले की सरकार के जमाने में बच्चियां घर से बाहर नहीं निकल सकती थीं, हर जिले में दो-तीन बाहुबली होते थे लेकिन आज दूरबीन लेकर ढूंढता हूं तो भी कहीं कोई बाहुबली दिखाई नहीं देता है।

गौरतलब है कि प्रयागराज के एक गांव में बुधवार की रात एक दलित परिवार के चार लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

### सपा राज में उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे : केंद्रीय मंत्री

**लखनऊ।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लक्ष्य करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सपा राज में उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे और हमारे (भाजपा सरकार) राज में दंगल होते हैं। उन्होंने दावा किया, अखिलेश भाई सुनो, तुम दंगे कराते हो और हम दंगल कराते हैं तो क्या बुराई है। इसके पहले उन्होंने बागपत के बड़ौत में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ में अपने संबोधन में आरोप लगाया, अगर खेलों में आगे बढ़ने का मौका दे रहे तो क्या बुराई है, ये अखिलेश यादव कहता है कि ये सांसद खेल महाकुंभ कराते हैं, अरे, अखिलेश भाई सुनो, तुम दंगे कराते हो और हम दंगल कराते हैं तो क्या बुराई है।

कोविड के नए स्वरूप के खतरे को देखते हुए

# सरकार टीकाकरण के प्रति गंभीर हो जाए : राहुल गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कहा, अब तक देश में सिर्फ 31.19 प्रतिशत आबादीको ही टीके की दोनों खुराक दी गई**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना के नए स्वरूप को गंभीर खतरा करार देते हुए शनिवार को कहा कि अब केंद्र सरकार को सभी देशवासियों का टीकाकरण करने के प्रति गंभीर हो जाना चाहिए। उन्होंने ट्विटर पर एक चार्ट भी साझा किया और कहा कि अब तक देश में सिर्फ 31.19 प्रतिशत आबादी को ही टीके की दोनों खुराक दी गई है।

राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, कोविड का नया स्वरूप गंभीर खतरा है। इस समय यह बहुत जरूरी है कि भारत सरकार हमारे देशवासियों को टीके की सुरक्षा प्रदान करने के लिए गंभीर हो जाए। टीकाकरण के खराब आंकड़ों को एक व्यक्ति की तस्वीर के पीछे लंबे समय तक नहीं छिपाया जा सकता। उल्लेखनीय है कि देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की कुल 120.96 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

इन सबके बीच, दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के एक नए स्वरूप के आने से कई देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं और उन्होंने बचाव के उपाय करने आरंभ कर दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक समिति ने कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप को ओमीक्रॉन नाम दिया है और इसे बेहद संक्रामक चिंताजनक स्वरूप करार दिया है। कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप के सामने आने के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, रूस और कई अन्य देशों के साथ यूरोपीय संघ ने अफ्रीकी देशों से लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र में वाहन की चपेट में कार सवार तीन लोगों की मौत

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में शनिवार तड़के एक भारी वाहन की चपेट में आकर कार के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि दुर्घटना सागर शहर के बाहरी इलाके बहरिया थाना क्षेत्र के सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर तड़के करीब दो बजे हुई। हादसे में पुष्पेंद्र राजपूत (30), अभिनव तिवारी (30), और सूरज गोरखा (29) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि कार एक अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरु कर दी है।

### जेरक्टांग से मध्य जलडमरूमध्य के बीच काफिला बहाल हो

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के सांसद कुलदीप राय शर्मा ने केंद्रशासित प्रदेश के मुख्य सचिव से जेरकटांग से मध्य जलडमरूमध्य के लिए सुबह छह बजे के काफिले को बहाल करने और काफिले में वाहनों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया। जेरकटांग से मध्य जलडमरूमध्य की यात्रा करनेवाले पर्यटक या लोगों को एक काफिले में पुलिस की रक्षा में जाना पड़ता है क्योंकि वाहन जारवा जनजाति आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कांग्रेस सांसद ने शुक्रवार को कहा कि बारतांग द्वीप में पर्यटन उद्योग से जुड़े बेरोजगार युवकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जेरकटांग से सुबह आठ बजकर 30 मिनट से रवाना होने वाले काफिले में सिर्फ 90 वाहनों को जाने की अनुमति है, जिस वजह से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्य जलडमरूमध्य से जेरक्टांग के लिए सुबह छह बजकर 30 मिनट, इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजकर 30 मिनट और अपराह्न दो बजकर 30 मिनट पर तीन काफिले हैं लेकिन जेरक्टांग से मध्य जलडमरूमध्य के लिए दो ही काफिले हैं, जबकि जेरक्टांग की तरफ से यात्रियों और पर्यटकों का दबाव ज्यादा है।

### आपात स्थिति में नागपुर हवाई अड्डे पर उतरा विमान

**नागपुर।** बेंगलुरू से पटना जा रहे गोएयर के एक विमान के इंजन में खराबी आ जाने के कारण शनिवार को विमान नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विमान पूर्वाह्न सवा 11 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की। हवाई अड्डे के निदेशक आबिद रूही ने पीटीआई-भाषा को बताया, गोएयर की उड़ान के पायलट ने नागपुर एटीसी से संपर्क कर बताया कि विमान के एक इंजन में समस्या आ रही है और उसने नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में विमान को उतारने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि चालक दल के सदस्यों के अलावा विमान में 139 यात्री सवार थे। रूही ने बताया, हमने इसे पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित करके सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं, जिसमें रनवे, दमकल, डॉक्टर, एम्बुलेंस उपलब्ध कराना और पुलिस के साथ समन्वय की आवश्यकता शामिल है। सौभाग्य से विमान सुरक्षित तरीके से उतरा। उन्होंने कहा कि यात्री गोएयर टर्मिनल पर इंतजार कर रहे हैं और उनके लिए आगे की व्यवस्था की जा रही है।

### दो एस्टेट डेवलपरों पर छापेमारी में नकदी और आभूषण मिले

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करीब दो हफ्ते पहले पंजाब के लुधियाना के दो रियल एस्टेट डिवेलपर्स पर छापेमारी के बाद चार करोड़ रुपये से ज्यादा के आभूषण और नकदी बरामद की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को बताया कि छापेमारी 16 नवंबर को दो समूहों के 40 परिसरों में की गई थी। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि समूह के खिलाफ कार्वाई के बाद संपत्तियों के लेन-देन पर बेहिसाबी नकदी की रसीद को लेकर सामने आई। उसने कहा, कुछ संपत्तियों के लिए बिक्री के समझौते (स्थानीय भाषा में बयाना के रूप में जाना जाता है) की प्रकृति के दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों से संकेत मिलता है कि भूखंडों के लिए बिक्री के समझौते को भूखंड के पंजीकृत बिक्री विलेख में बताए गए प्रतिफल की तुलना में बहुत अधिक राशि या दर पर किया गया है। इसने दावा किया कि कागज, कुछ संपत्ति लेनदेन के लिए धन की प्राप्ति की गणना दिखाने वाली एक्सेल शीट, सॉफ्ट डेटा, संबंधित व्यक्तियों के मोबाइल फोन से चैट आदि के रूप में अपराध साबित करने वाले दस्तावेज बरामद किए गए। जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्तियों में से एक के आवासीय घर के निर्माण पर बेहिसाबी नकदी खर्च की गई है। इसने कहा, एक समूह में, भूमि के विक्रेताओं को किए गए भुगतान आदि के संबंध में स्रोत पर कर कटौती के प्रावधानों के अनुपालन में चूक का पता चला है। बयान में कहा गया कि छापेमारी में करीब दो करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी के अलावा करीब 2.30 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा और आभूषण बरामद हुए हैं जिनकी रसीदें नहीं मिली हैं।

### मंत्री ने उच्च जाति की महिलाओं पर की टिप्पणी पर खेद जताया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने अपने बयान समाज में काम करने के लिए उच्च जातियों की महिलाओं को घरों से बाहर निकाला जाना चाहिए पर खेद व्यक्त किया है। मंत्री के इस बयान से एक विवाद उत्पन्न हो गया था। हालांकि मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि अपने भाषण में स्थानीय भाषा और हिंदी के मिश्रित उपयोग के कारण उनके बयान से कुछ गलतफहमी हुई है। बुधवार को अनूपपुर जिले में एक समारोह में मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने शुक्रवार को यहां मंत्री के सरकारी निवास के पास विरोध प्रदर्शन किया और मंत्री का पुतला जलाया। अपनी टिप्पणी पर रुख साफ करते हुए मंत्री ने एक बयान जारी कर कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में अपने संबोधन में राजपूतों या समाज के किसी अन्य वर्ग को चोट पहुंचाने का उनका कोई इरादा नहीं था। उन्होंने दावा किया कि उनके कुछ वाक्यों का गलत अर्थ निकाला गया। सिंह ने कहा, जिनके पास मेरे भाषण की रिकॉर्डिंग है। वे यदि मेरे भाषण को ध्यान से सुनेंगे तो मुझसे सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि अपने निर्वाचन क्षेत्र में आमतौर पर वह लोगों से हिंदी और स्थानीय बोली सहित मिश्रित भाषा में बात करते हैं। इस संबोधन में भी उन्होंने इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, इस तरह की अप्रिय स्थिति शुद्ध हिंदी नहीं बल्कि मिश्रित भाषा के कारण पैदा हुई होगी। मंत्री ने कहा कि अगर उच्च वर्ग की कुशल और शिक्षित महिलाएं काम के लिए आगे नहीं आती हैं तो पिछड़े समाज की महिलाएं किसका अनुसरण करेंगी और प्रेरणा लेंगी। यदि मेरे बयान से राजपूतों या किसी अन्य वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। अनूपपुर जिले में महिलाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा था, बड़े लोग (उच्च जाति) ठाकुर और कुछ अन्य बड़े लोग अपनी महिलाओं को घरों में रखते हैं और उन्हें बाहर नहीं जाने देते जबकि हमारे गांवों में (समाज के निचले तबके की) महिलाएं खेत और घर का काम करती हैं।

# आरएमएल, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग के रेजिडेंट डॉक्टरों का नीट काउंसलिंग में देरी को लेकर प्रदर्शन

**एजेंसी ।** नई दिल्ली

**तीन** केंद्रीय अस्पतालों-आरएमएल, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग-के रेजिडेंट डॉक्टरों ने नीट-पीजी 2021 काउंसलिंग आयोजित करने में बार-बार हो रही देरी के विरोध में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सेवाएं शनिवार को रोक दीं।

यह कदम फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) द्वारा 27 नवंबर से अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं को रोक देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आह्वान के बाद उठाया गया है। राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने अस्पताल प्रशासन को लिखे पत्र में कहा, जारी कोविड-19 महामारी के कारण, नीट पीजी 2021 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश अनिश्चित काल के लिए विलंबित हो गया है। रेजिडेंट डॉक्टर पिछले डेढ़ वर्षों में कोविड और गैर-कोविड दोनों सेवाओं को अथक रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से थक गए हैं। इसमें कहा गया, वे पहले से ही विलंबित नीट पीजी 2021 काउंसलिंग के मामले में उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही के सकारात्मक परिणाम के लिए आज तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, उन्हें शारीरिक और मानसिक संकट से कोई राहत नहीं मिली है और अदालत की अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2022 को निर्धारित है।

पत्र में कहा गया, इस बार-बार की देरी और काउंसलिंग टलने के खिलाफ प्रदर्शन दर्ज करने के लिए हम एबीवीआईएमएस और डॉ. आरएमएल अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने रविवार की ओपीडी सेवाओं सहित, शनिवार 27 नवंबर से बाह्य मरीज विभाग (ओपीडी) सेवाएं रोकने का फैसला लिया है। चिकित्सकों के संघों ने सरकार और शीर्ष अदालत से नीट पीजी काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाने और अदालती कार्यवाही को तेज करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

# वायु सेना प्रमुख मिस्र की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी रविवार को मिस्र की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने कहा कि वह 28 नवंबर से दो दिसंबर तक काहिरा में होने वाली मिस्र वायु शक्ति संगोष्ठी और मिस्र रक्षा प्रदर्शनी (एडेक्स) में भाग लेने के लिए देश की यात्रा करेंगे। वायु सेना ने एक बयान में कहा, वायु सेना अध्यक्ष (सीएएस) मिस्र के वायु सेना कमांडर के निमंत्रण पर वायु शक्ति संगोष्ठी में भाग लेंगे। 28 नवंबर को नए और गैर-संगठित खतरों का सामना करने में रणनीतिक वायु आसूचना विषय पर एक महत्वपूर्ण भाषण देंगे। इसमें कहा गया है कि एडेक्स मिस्र के सशस्त्र बलों द्वारा पूरी तरह से समर्थित है और प्रत्यक्ष प्रदर्शन और स्थिर प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को भूमि, समुद्र और वायु में नवीनतम तकनीक, उपकरण और प्रणाली से अवगत कराता है।

# एससीबी महाविद्यालय के पूर्व छात्र दुनिया के हर कोने में ओडिशा के दूत हैं : पटनायक

**एजेंसी।** भुवनेश्वर



**ओडिशा** के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि कटक स्थित श्रीराम चंद्र भंज (एससीबी) चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मानवता की जो सेवा कर रहा है, वह बेमिसाल है और इससे शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र अतुलनीय हैं।

पटनायक ने एससीबी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, मेरा यह सपना है कि बेहतर चिकित्सा के लिए ओडिशा के किसी व्यक्ति को बाहर नहीं जाना पड़े। हम एससीबी में सर्वश्रेष्ठ सेवाएं मुहैया कराएंगे। एससीबी ने 75 वर्ष तक हमारा सहयोग किया है, अब इसे वापस लौटाने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, मेरा सपना है कि एससीबी को एम्स प्लस संस्थान में तब्दील किया जाए। उसके पास चिकित्सा की अत्याधुनिक तकनीक हो और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की सर्वश्रेष्ठ सेवा यहां मुहैया कराई जाए। ओडिशा के लोग इसके हकदार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा को आज कई बड़ी उपलब्धियों के लिए जाना जाता है, लेकिन एक समय ऐसा था, जब ओडिशा का इतना नाम नहीं था। उन्होंने कहा कि उस दौर में भी उत्कृष्टता की किरण-बड़ा डॉक्टर खाना (बड़ा अस्पताल) गरीबों एवं अमीरों दोनों को किफायती एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के पेशेवर रवैए और चिकित्सकों की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि एससीबी से शिक्षा प्राप्त करने वाले पूर्व छात्र दुनिया के हर कोने में ओडिशा के दूत हैं। एससीबी के उड़िया चिकित्सकों ने देश और दुनिया भर में निस्वार्थ सेवा की भावना को आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा में 96 लाख परिवारों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने वाली हाल में शुरू बीएसकेयू (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना), आठ नए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना और कोविड-19 चुनौती से निपटने के लिए उठाए गए कदम ओडिशा के स्वास्थ्यसेवा क्षेत्र में बदलाव की उनकी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस बदलाव में एससीबी की एक अहम भूमिका होगी और यह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा से जुड़े देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल होगा। पटनायक ने इस संस्थान के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव को श्रद्धांजलि भी थी।

# विपक्षी नेताओं के बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए : योगी

## यूपी में 450 करोड़ के एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास कर कहा

**एजेंसी।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग बार-बार रंग बदलते हैं। इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोंडा जिले के बलरामपुर चीनी मिल परिसर, मैजापुर, में 450 करोड़ रुपये की लागत से 65.61 एकड़ में बनने वाले एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास करने के बाद एक समारोह यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, ये लोग जातिवाद, क्षेत्रवाद, बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाते थे, दंगे करवाते थे, इनके दोहरे चरित्र में आप लोग कभी मत आना, इनके बहकावे में कभी मत आना, इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए, ये लोग बार-बार रंग बदलते हैं।

उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आज एशिया के सबसे बड़े एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास हो रहा है, बीजापुर चीनी मिल क्षमता को भी बढ़ाया गया है। यहां पर 15 मेगावाट बिजली भी बनाई जाएगी। इन कार्यों के लिए जनता को बधाई देते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

उन्होंने अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की चर्चा करते हुए कहा, अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने के लिए किसने रोका था। कांग्रेस को किसने रोका, बुआ (मायावती) को किसने रोका और बबुआ (अखिलेश यादव) को किसने रोका। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन के बाद बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जोड़ी को बुआ-बबुआ का नाम मिला था।

योगी ने कहा, इन्हें तो पूरा मौका मिला था लेकिन उनकी सरकारों में भाई-भतीजे के लिए काम होता था। उनकी सरकारों में अपना-पराया था। जो आस्था का सम्मान करना जानते हैं, वह लोग अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा, ये जो दंगाई हैं, जिन्ना के अनुयाई हैं, ये गन्ने की मिठास को क्या समझ पाएंगे। याद करिए जिन आतंकवादियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला किया था, उन आतंकवादियों के मुकदमे को बड़ी बेशर्मी के साथ वापस लेने का कार्य पिछली सरकार ने किया।

### केरल में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी नेता को मिलेगा घर और मानदेय

**वायनाड (केरल)।** केरल पुलिस के समक्ष पिछले महीने आत्मसमर्पण करने वाले शीर्ष माओवादी नेता लिजेश को जल्द ही घर के साथ मानदेय व नौकरी मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला पुनर्वास समिति ने सरकार से लिजेश को आवास, नौकरी, मानदेय और जीविकोपार्जन के अन्य साधन राज्य सरकार द्वारा 2018 में घोषित आत्ममसर्पण सह पुनर्वास पैकेज के तहत देने की अनुशंसा की है।

पुलिस ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि पैकेज के तहत मवाओवादी संगठन में शामिल व्यक्ति के हिंसा छोड़ मुख्यधारा में लौटने के मामले में अधिकारी उदारवादी रुख अपनाएंगे। वायनाड जिले के पुलिस प्रमुख अरविंद सुकुमार ने वायनाड के जंगलों में सशस्त्र विद्रोह कर रहे लोगों से हथियार छोड़कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित संगठनों के सदस्य जिला पुलिस प्रमुख, किसी सरकारी अधिकारी या स्थानीय शासन निकाय से इस संबंध में संपर्क कर सकते हैं।

# अदालत में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का निहत्था होना चिंता का विषय : न्यायाधीश

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने अभियोजन नायब कोर्ट यानी अदालत में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के अदालतों में निहत्थे आने को चिंता का विषय बताया है। अदालत ने कहा कि नायब कोर्ट का ऐसे समय में अदालतों में निहत्थे आना और भी बड़ी चिंता का विषय है, जब उच्चतम न्यायालय ने भी निचली अदालत के न्यायाधीशों को सुरक्षा संबंधी खतरा होने पर संज्ञान लिया है और पुलिस ने इस संबंध में परिपत्र जारी किए हैं।

नायब कोर्ट उस पुलिसकर्मी को कहते हैं, जो स्थानीय पुलिस थाने, जेल प्राधिकारियों और उस विशेष इलाके में अधिकार क्षेत्र रखने वाली अदालत के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करता है। वे अदालत के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए किसी मामले के संबंध में पुलिस अधिकारियों को दिए गए निर्देशों या जारी समन का रजिस्टर तैयार करते हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) सोनू अग्निहोत्री ने बिना अनुमति के अभियोजन नायब कोर्ट के अदालत से चले जाने पर गौर करते हुए यह टिप्पणी की।

बिना अनुमति लिए चले जाने के बारे में सवाल किए जाने पर नायब कोर्ट ने न्यायाधीश से कहा कि वह अदालत का निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) नहीं है और उसकी ड्यूटी अतिरिक्त लोक अभियोजक के साथ ही समाप्त हो जाती है। न्यायाधीश ने 24 नवंबर के अपने आदेश में कहा, अभियोजन नायब कोर्ट का रवैया अजीब प्रतीत होता है, क्योंकि जब तक अदालत में काम-काज जारी है, तब तक किसी अत्यावश्यक आदेश को पहुंचाने जैसी किसी भी सेवा की आवश्यकता पड़ सकती है। वह अदालत से चला गया। उन्होंने कहा, नायब कोर्ट के कर्तव्यों संबंधी दस्तावेज मंगाया जाए।

# गिर में शेर सफारी कम से कम होनी चाहिए, इंसानों-जानवरों का संपर्क घटाएं : उच्च न्यायालय

**गुजरात हाईकोर्ट ने कहा, एशियाई शेरों को शांति से रहने दिया जाना चाहिए**

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने शेर सफारी के लिए गिर जंगलों में पर्यटकों की भीड़ जुटने पर चिंता जताते हुए कहा है कि एशियाई शेरों को शांति से रहने दिया जाना चाहिए तथा इंसानों और बिल्लियों की प्रजाति के इस विशालकाय जानवर के बीच संपर्क घटाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति जेपी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर मेहता की खंडपीठ ने इस संबंध में दूसरे देशों द्वारा अपनाए गए कदमों का अध्ययन करने के बाद इस मामले में सरकार से नीति बनाने के लिए कहा।

गुजरात के गिरनार अभयारण्य में प्रस्तावित पर्यटन क्षेत्र का विरोध करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि गिर अभयारण्य में सफारी गतिविधियां न्यूनतम होनी चाहिए और सरकार को मनुष्यों और जानवरों के बीच संपर्क को कम करने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आपको इससे क्या मिलेगा? उन्हें शांति से रहने दें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनका मानना है कि इंसानों को कभी भी जानवरों के साम्राज्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, शेर और शेरनियों को शांति से रहने दें, आप उन्हें क्यों परेशान करते हैं? अगर किसी को उन्हें देखने की इच्छा है तो वे चिड़ियाघर जा सकते हैं। प्रकृति में हस्तक्षेप न करें। उन्होंने कहा कि ज्यादा हस्तक्षेप से शेरों को मजबूरन आबादी क्षेत्रों की तरफ आना पड़ेगा।

एक करतब के लिए एक शेर को एक जीवित गाय से फुसलाने की हालिया खबर का हवाला देते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बड़ी बिल्लियों के शिकार के कौशल को कम कर देंगे, और फिर वे मनुष्यों के लिए एक बड़ी समस्या पैदा करेंगे। सरकार ने दलील दी कि सफारी में इस्तेमाल किए जाने वाले शेर अनिवार्य रूप से पिंजरे में बंद जानवर होते हैं, जो पहले ही अपना शिकार कौशल खो चुके होते हैं।

### दुधवा में 20 दिसंबर से बाघों की गणना शुरू होने की संभावना

**लखीमपुर खीरी ।** दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) में बाघों की गणना 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। डीटीआर के क्षेत्र निदेशक संजय पाठक ने शनिवार को बताया कि बाघों और अन्य जानवरों की गणना का कार्य पहले 20 अक्टूबर से शुरू होना था, लेकिन दुधवा में भारी बाढ़, बेमौसम बारिश और बनबसा बैराज से शारदा नदी में अप्रत्याशित रूप से पानी के भारी बहाव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।उन्होंने बताया कि बाघों के साथ-साथ जंगली हाथियों और अन्य मांसाहारी और खुर वाले जानवरों की संख्या का पता लगाने का कार्य 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणना का काम दक्षिण खीरी वन मंडल के दुधवा, किशनपुर, दुधवा बफर जोन, मोहम्मदी और गोला रेंज, कतर्नियाघाट (बहराइच) और पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) में एक साथ किया जाएगा। पाठक ने बताया कि डेटा ऑपरेटरों का एक प्रशिक्षण सत्र 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, क्योंकि इस साल गिनती का काम एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ऐप के जरिए किया जाएगा और पहले की तरह मैनुएल (हाथ से) जानकारी नहीं भरनी होगी। उन्होंने कहा, आंकड़ों की सटीकता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए, मास्टर प्रशिक्षकों (18 वन प्रभागों के 36 वन अधिकारियों) का प्रशिक्षण छह और सात दिसंबर को दुधवाकतर्नियाघाट में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ये मास्टर-प्रशिक्षक आकलन कार्य में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा, कैमरा ट्रैप और क्षेत्र पर सर्वेक्षण के माध्यम से आठ दिनों तक चलने वाले गणना के काम के लिए उपयुक्त स्थानों पर लगभग 2,600 कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें दुधवा और कतर्नियाघाट के ब्लॉक की गिनती के लिए 1,340 कैमरे और शेष कैमरे अन्य ब्लॉक में लगाए जाएंगे। पाठक ने कहा, आठ दिनों तक आकलन कार्य जारी रहेगा और इस दौरान मांसाहारी, खुर वाले जानवरों और हाथियों का सर्वेक्षण किया जाएगा।

# दिसंबर के अंत में फिर ग्रेनो आएंगे पीएम मोदी मेडिकल पार्क समेत कई प्रोजेक्टों का उद्घाटन



- गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ठीक एक महीने बाद एक बार फिर ग्रेटर नोएडा का दौरा करेंगे। अभी तारीख पूरी तरह फ इनल नहीं है, लेकिन संभावित तिथि 25 दिसंबर बताई जा रही है। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस है।

भारत सरकार इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री एक साथ कई बड़े प्रोजेक्ट की नींव ग्रेटर नोएडा में रखेंगे। इनमें उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क भी शामिल है। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-28 में 350 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार और यमुना अथॉरिटी का यह संयुक्त उपक्रम है। इसके लिए राज्य सरकार ने करीब एक साल पहले यमुना अथॉरिटी को नोडल एजेंसी घोषित किया था।

इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार 100 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। उत्तर प्रदेश सरकार जमीन की कीमत, स्टाम्प ड्यूटी और बिजली की दरों में आवंटी कंपनियों को छूट देगी।

इस प्रोजेक्ट की नींव रखने के लिए प्रदेश सरकार और यमुना अथॉरिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर ग्रेटर नोएडा बुला रहे हैं। आपको बता दें कि 2 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेवर आए थे। उन्होंने दुनिया के चौथे सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास किया है।

## नए साल पर खुलेगा पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों पर ज्यादा जोर डाला जा रहा है। अब इलेक्ट्रॉनिक वाहन चलाने वालों के लिए खुशी की खबर सामने आ रही है। ग्रेटर नोएडा में बहुत ही जल्द पहला इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि जनवरी 2022 के दूसरे हफ्ते में ग्रेटर नोएडा में पहला इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग स्टेशन खुल जाएगा। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन लगाने वाली कंपनी कनवर्जेसन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के बीच में करार हो चुका है। यह कंपनी ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के चार्जिंग के लिए 100 चार्जिंग स्टेशन खोलेगी। इसके लिए ग्रेटर नोएडा में कहां पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे, उसकी तलाश की जा रही है। खासतौर पर यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे इलेक्ट्रॉनिक वाहन चेकिंग सेंटर खोले जाएंगे। इसके अलावा शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स सेंटर और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। खासतौर पर इसके लिए एक वेबसाइट बनाई जाएगी। जिसमें सभी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी होगी। इसके अलावा आप गूगल के माध्यम से भी चार्जिंग स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी तक की मिली जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहन को चार्जिंग के लिए शुल्क लगभग तय हो चुका है। लोटेंशन लाइन के लिए 4.5 रुपए प्रति यूनिट और हाईटेंशन लाइन के लिए 5 रुपए प्रति यूनिट की दर होगी। यह भारत में सबसे कम मूल्य है। इसी के साथ चार्जिंग सुविधा के आधार पर भी सर्विस चार्ज को जोड़ा जा सकता है।

## इंटरनेशनल ऑप्टिकल फेयर का उद्घाटन

- गौतमबुद्ध ने बनाई विश्वस्तरीय पहचानः नागरिक उड्डयन मंत्री

*नोएडा। नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में शनिवार से तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल ऑप्टिकल फेयर शुरू हुआ। इसका विधिवत उद्घाटन उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने की। इस अवसर पर भाजपा विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे।*

*नंद गोपाल गुप्ता ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि मौजूदा समय में आप्टीकल उद्योग देश में करीब 20 हजार करोड़ का है लेकिन यह कारोबार पूरी तरह से चीन, जापान, कोरिया, यूरोप से आने वाले फिनिश गुड्स पर निर्भर है। उन्होंने यहां के उद्योगपतियों से अपील किया कि वे इस कारोबार को स्वालंबी बनाएं। वहीं, ऑप्टिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने कहा कि उत्पादन इकाई संचालित करने के लिए कच्चा माल से लेकर प्लांट एंड मशीनरी पर आयात शुल्क अधिक है।*

*इस कारण देश में यह उत्पाद उद्योग के रूप में विकसित नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था लगातार प्रयास कर रहा है कि सरकार यदि कर के नियमों में थोड़ा सा संशोधन कर दे तो आयातित उद्योग के उत्पादन में तब्दील किया जा सकता है।*

गालंद में बनेगा डंपिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके से होगा कूड़े का निस्तारण

## निगम दुकानों में किराये की बढ़ोत्तरी टली

पायनियर समाचार सेवा। गजियाबाद

नगर निगम बोर्ड की बैठक में शुक्रवार को कई प्रस्ताव को लेकर हंगामा हुआ, जिसके चलते नगर निगम सदन को के प्रस्ताव स्थगित करने पड़े। कुल मिलाकर 28 प्रस्ताव इस बैठक में रखे गए थे। जिसमें नगर निगम की दुकानों का किराया 11 गुना बढ़ाए जाने वाला प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया, जबकि गालंद में डंपिंग ग्राउंड के बजाय सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव पास किया गया।

वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर पार्षदों में जमकर हंगामा हुआ। कई बार मेयर और नगर आयुक्त को पार्षदों को समझाना पड़ा। नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में महापौर आशा शर्मा के अध्यक्षता में यह बैठक शुरू हुई। बैठक में कुल 28 प्रस्ताव रखे गए जिनमें ज्यादातर पास कर दिए गए।

बैठक में नगर निगम की दुकानों का किराया किराया 11 गुना बढ़ाए जाने को लेकर पार्षद राजीव शर्मा जहां नगर निगम मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए। वही बैठक में मौजूद पार्षदों में भी इस प्रस्ताव को स्थगित करने का सुझाव दिया। जिसके बाद यह प्रस्ताव फ़िलहाल अप्रैल माह तक स्थगित कर दिया गया।

हालांकि नगर निगम प्रशासन ने कहा कि अब सभी दुकानदारों को अपना मूल आवंटन पत्र दिखाना होगा और यह साबित करना होगा कि दुकान पर वही असली मूल आवंटित है जो दुकानदार मूल आवंटन पत्र नहीं लिखा सकेगा उसे नगर निगम प्रीमियम वसूलेगा। दूसरा मामला गाल में डंपिंग ग्राउंड बनाने का रहा।

इसको लेकर सहमति बनी कि डंपिंग ग्राउंड नहीं बल्कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएग, जिसमें वैज्ञानिक तरीके से कूड़े का निस्तारण होगा इसको लेकर कहा गया कि अब इसको डंपिंग ग्राउंड न कहकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की संज्ञा दी जाएगी। वही विकास कार्यों को लेकर पार्षदों में काफी हंगामा हुआ।

जिसके बाद नगर निगम नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जो कार्य अधूरे हैं उन्हें दिसंबर से पहले पहले उनके टेंडर छोड़ दिए जाएंगे और जल्द से जल्द 5 करोड़ तक के काम पूरे कर दिए जाएंगे। इस बैठक में 12 सौ करोड़ रुपए का बजट भी पास कर दिया।



सदन में उपस्थित मेयर आशा शर्मा व अन्य अधिकारीगण।

### हंगामेदार रहा नगर निगम का सदन

नगर निगम सदन की बजट पर चर्चा के दौरान जबरदस्त हंगामा हुआ। कुछ पार्षदों ने यहां तक कहा कि उनके रबड की स्टांप न समझा जाए, जो केवल बजट पर हस्ताक्षर करने तक ही सीमित है। वहीं बीजेपी के पार्षद एसके माहेवरी ने सदन में कागज लहराते हुए कहा कि किसी पार्षद विशेष के वार्ड में तीन करोड किसी वार्ड में 60 लाख का भी काम न होना दुर्भाग्य पूर्ण है। ये भेदभाव बर्दास्त नहीं किया जाएगा। वहीं इंदिरापुरम के शिप्रा सन सिटी से बीजेपी के पार्षद ने खुला आरोप लगाया कि निगम के अफसर नहीं चाहते इंदिरापुरम जीडीए से निगम को हैंड ओवर हो। इसी लिए प्रक्रिया को चार साल से कागजों तक सीमित किया गया है।



### व्यापारियों ने दिया धरना

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा 1702 दुकानों का किराया 11 गुना करने सम्बन्धी प्रस्ताव के विरोध में शहर के व्यापारी सड़क पर आ गए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने घंटाघर पर धरना दिया। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने भी आश्वासन दिया है कि किसी भी हाल में यह आदेश को पारित नहीं करा जाएगा। वही उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद के नेतृत्व में निगम मुख्यालय पर धरना दिया। उनके साथ महामंत्री अशोक चावला, राकेश स्वामी समेत अनेक व्यापारी शामिल थे।



## संक्षिप्त समाचार



वेन को हरी झंडी देखकर शुभारंभ करते डीएम।

### इवीएम व वीवीपैट मशीन के बारे में दी जानकारी

**गाजियाबाद।** विधान सभा निर्वाचन-2022 के मद्देनजर अधिक से अधिक मतदाताओं का पंजीकरणकराए जाने के लिए मतदाता जागरूकता के लिये वैन रवाना की गई। जिसके शुभारभ जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इवीएम व वीवीपैट मशीन के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये रवाना किया गया। मुख्य विकासअधिकारी अस्मिता लाल,एसडीएम सदर सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहें।

### सुविधाओं की मांग को लेकर वेब सिटी में प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** वेब सिटी में सुविधाओं के अभाव को लेकर व रखरखाव के नाम पर अवैध वसूली करने के खिलाफ वेब सिटी के आवंटियों ने जमकर हगामा काटा और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मनोज यादव ने बताया कि वेब सिटी के बिल्डर्स मेंटीनेंस के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। पैसा न देने पर धमकी देते हैं और जब से वेब सिटी बनी है तब से लेकर आज तक मेंटीनेस के नाम पर कोई सुविधा स्थानीय निवासियों को नहीं मिली है। वेब सिटी के अन्दर मोबाइल नेटवर्क ज्यादातर निवासियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीने के पानी की कोई उचित व्यस्था नहीं है। सुरक्षा व बच्चों के खेल कूद का कोई प्रबंध नहीं है। बिल्डर्स की मनमानी से परेशान होकर सभी रेजीडेंन्टस ने वेब सिटी पर प्रर्दशन किया। इस मौके पर गोपी चन्द, देविन्द्र शर्मा, नवीन कुमार, फौजिन्द्र यादव, अतुल प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।



### बालकनी में खेल रही बच्ची की गिरकर मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-75 में स्थित एक सोसाइटी में खेलते समय साढे 3 वर्ष की बच्ची दसवीं फ्लोर से नीचे गिर गई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर.49 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-75 के एक सोसायटी में रहने वाले व्यापारी जयप्रकाश चैलानी कि साढे 3 वर्षीय बेटी बीती रात को अपनी मां के साथ अपने फ्लैट के बालकनी में खेल रही थी। बच्ची की मां किसी काम से उसको बालकनी में अकेला छोड़ कर घर के अंदर चली गई। इसी बीच बच्ची खेलते हुए बालकनी से नीचे गिर गई और इस घटना में बच्ची की मौत हो गई है।

### वाद विवाद प्रतियोगिता के 12 छात्र पुरस्कृत

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में संविधान दिवस समारोह में वाद विश्लेषण प्रतियोगिता के 12 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में 30 टीमों में 60 विद्यार्थियों ने भाग लेकर पोस्टरों के माध्यम से देश के चर्चित वादों पर अपनी दलीलें पेश की थीं। परिवार न्यायालय की रिटायर्ड मुख्य न्यायाधीश बिमला कुमारी समारोह की मुख्य अतिथि थीं। रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार एवं रिटायर्ड अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महावीर सिंघल ने कानून की बारीकियों पर प्रकाश डाला। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। एलएलबी के छात्र आरपी सिंह, शीतू पांडे, उत्कर्ष, प्रगति आदि ने संविधान की विशेषताएं बतातीं कविताएं और विचार प्रस्तुत किये। मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी समारोह में उपस्थित रहे। संचालन अमित पाराशर ने किया।

## नोएडा जेल में बंद विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

- प्रेमिका का शादी तय होने पर था परेशान

पायनियर समाचर सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के लुक्सर जेल में बंद एक कैदी ने जेल की रसोई घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक जनपद अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी क्षेत्र से 10 वर्ष पूर्व डकैती और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

3 वर्ष पूर्व वह अलीगढ़ जेल से ट्रांसफर होकर गौतमबुद्ध नगर जेल में आया था। जेल के अधिकारियों अनुसार मृतक की प्रेमिका की शादी तय हो गई थी। इस बात से वह अवसाद में था।



लुक्सार जेल के सुपरिटेंडेंट अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र से 10 वर्ष पूर्व डकैती और हत्या के मामले में गिरफ्तार कैदी कुलदीप उर्फ दीपू वर्ष 2018 में जनपद अलीगढ़ जेल से ट्रांफर होकर गौतमबुद्ध नगर जेल में आया था।

कुलदीप की एक प्रेमिका थी, जो लगातार जेल पर उससे मिलाई करने आती थी। कुलदीप अपनी जमानत कराने में विफल रहा और उसकी प्रेमिका के घर वालों ने उसकी शादी वर्ष 2022 के जनवरी माह में किसी और से तय कर दी।

### लिव इन में रह रही युवती ने किया सुसाइड

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के हरौला गांव में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती ने बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके पार्टनर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका बिहार के पटना जनपद की रहने वाली थी। पुलिस ने मृतिका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मूल रूप से जनपद पटना की रहने वाली कुमारी बॉबी राज 23 वर्ष हरौला गांव के अमित शुक्ला के मकान में किराए पर रहती थी।

## घायल सब इंस्पेक्टर के हालचाल लेने पहुंचे डीसीपी अमित चौधरी

- बाइक सवार दो बदमाशों ने मारी थी गोली, मुठभेड़ के बाद एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

घायल सब इंस्पेक्टर का हाल-चाल जानने के लिए डीसीपी अमित कुमार अस्पताल में पहुंचे। घायल एसआई नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुक्रवार की शाम बिलासपुर चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी दोपहर दो बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। इस वारदात में सब इंस्पेक्टर की जान बाल-बाल बची गई है।

वही पुलिस ने शुक्रवार देर शाम मुठभेड़ में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोपहर को बिलासपुर चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अंकुर चौधरी चेकिंग कर रहे थे। बाइक सवार बदमाशों को अंकुर ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।

## गौर बिल्डर और निवासियों की हुई बैठक, कई मुद्दों पर बनी सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी के फर्स्ट एवेन्यू में पानी का अलग कनेक्शन लगाने को बिल्डर राजी हो गया है। सोसाइटी के रखरखाव से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान करेगा। फ्लैट निवासियों की मांग पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से हुई बैठक में इन मसलों पर सहमति बन गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर फ्लैट खरीदारों की बिल्डर से जुड़ी समस्या को हल करने के लिए लगातार बैठकें हो रहीं हैं। प्राधिकरण के बिल्डर सेल के ओएसडी संतोष कुमार के नेतृत्व में हुई बैठक में फर्स्ट एवेन्यू ने खरीदारों ने कई समस्याएं सामने रखीं। निवासियों ने पानी आपूर्ति के लिए का अलग कनेक्शन करने की मांग की।

ओएसडी ने भी हर सोसाइटी के पानी का मीटर अलग करने के निर्देश दिए, जिस पर बिल्डर सहमत हो गया। आईएफ एमएस इंटरेस्ट फ्री मेनटेनेंस एंड सिक्योरिटी चार्जेस के तौर पर जमा रकम भी अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन को वापस करने के लिए भी बिल्डर तैयार हो गया है।

## छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थापना दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

संजय नगर सेक्टर 23 स्थित राम किशन इंस्टीट्यूट परिसर में नेशनल कैडेट कॉर्प्स एनसीसी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर एनसीसी के महत्व को समझाया। आपको बता दें कि 1947 में नवंबर के चौथे रविवार को इस कॉर्प्स का दिल्ली में सबसे पहले गठन किया गया था। इस लम्हें को यादगार बनाने के लिए स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर छात्राओं ने ध्वजारोहण के बाद रंगारंग सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम में कक्षा नौ की छात्रा परी चौधरी ,कक्षा 8 की तान्या चौधरी ,साक्षी चौधरी और सृष्टि वर्मा ने भाग लिया।

इस मौके पर निदेशक डॉक्टर आलोक गर्ग ने कहा कि एनसीसी का देश की सुरक्षा और अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान होता है। सफल संचालन एनसीसी प्रभारी प्रीति चौधरी ने किया।




एनसीसी की छात्राएं सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए।

## नोएडा प्राधिकरण ने निकाली स्वच्छता रैली

- सफाई कर्मचारियों को किया 1100 रुपए से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के 12 स्थानों पर स्वच्छता रैली और भंडारे का आयोजन किया गया है। इस स्वच्छता रैली का आयोजन नोएडा के सबसे स्वच्छ शहर और गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने के उपलक्ष में किया गया है। इस रैली के जरिए सफाई कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन जन्म स्वच्छता विभाग के सभी जोन संविदाकरो, मैकेनिकल शिपिंग एजेंसी, डोर टू डोर एजेंसी, और 2.5 प्रतिशत संविदाकरो के माध्यम से आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली की शुरूआत सभी के द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर की गई। शपथ लेने के बाद उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के समाप्त होने के बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भोजन किया।



रैली के दौरान अपने आसपास सफाई रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छता रैली का आयोजन मैसर्स एजी इन्वायरो कार्यालय सैक्टर.08, स्टेडियम सैक्टर.21ए, मैसर्स चैन्नई एएसडब्लू कार्यालय, सैक्टर.33, सैक्टर.39 बारात घर, सैक्टर.46 बारात घर, सैक्टर.63 बारात घर, सैक्टर.105 बारात घर, सैक्टर.125, सैक्टर.135 बारात घर, ग्राम पर्थला, नगली शाहपुर और सुलतानपुर में किया गया। आपको बता दें कि इससे पहले नोएडा प्राधिकरण द्वारा सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों के काम की सराहना की गई। साथ ही प्राधिकरण ने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए 1100 रुपए की धनराशि सभी सफाई कर्मचारियों को देने की घोषणा की थी। जिसका वितरण स्वच्छता रैली के दिन किया गया। इस धनराशि का वितरण सभी संविदाकारों और एजेंसियों द्वारा सभी स्वच्छता कर्मियों को किया गया। स्वच्छता रैली में विभिन्न आरडब्लूए द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के अपर अधिकारी प्रवीण मिश्र, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्दुप्रकाश सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं नोएडा एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष कुशल पाल सिंह द्वारा सैक्टर.8 एवं सैक्टर.21ए स्टेडियम के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

## विधायक ने दिव्यांग बच्चों को दिए निशुल्क सहायक उपकरण



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ब्लॉक संसाधन केंद्र मुरादनगर परिसर में विधायक अजीतपाल त्यागी ने एक शिविर में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए। ये सभी उपकरण एलिम्को कानपुर नामक संस्था ने उपलब्ध कराए हैं। खास बात यह है कि 6 से 14 वर्ष कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इनमें पचपन दिव्यांग बच्चों को 89 उपकरण, जिसमे नो ट्राइ साइकिल ,12 व्हील चेयर 2सीपी चेयर 12 एमआर किट 10 बैसाखी 38 सुनने की मशीन एक ब्रेलसलेट शामिल है। इस मौके पर जिला समन्वयक गौरव त्यागी ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में बच्चों के दिव्यांगता मापन हेतु प्रत्येक ब्लॉक में पहले शिविर लगाया जाता है। उसके पश्चात और आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए ताकि शिक्षित होने में इन्हे कोई परेशानी ना हो। इसी क्रम में विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि समाज के इस महत्वपूर्ण वर्ग के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हुए यह एक अच्छा आयोजन है।

# अक्षर-अश्विन की फिरकी के दम पर

# भारत ने न्यूजीलैंड पर कसा शिकंजा

एजेंसी। कानपुर



**बाएं** हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के पांच विकेट की मदद से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड को पहली पारी में 296 रन पर आउट करके बढ़त ले ली। हालांकि, दूसरी पारी में मेजबान ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का विकेट जल्दी गंवा दिया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत का स्कोर एक विकेट पर 14 रन था और कुल बढ़त 63 रन की हो गई है। गिल दूसरे ही ओवर में एक के स्कोर पर काइल जैमीसन का शिकार हुए। चेतेश्वर पुजारा नौ और मयंक अग्रवाल चार रन बनाकर खेल रहे थे।

तीसरे दिन का खेल भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय एक विकेट पर 196 रन था, लेकिन बाद में नौ विकेट सौ रन के भीतर गिर गए। अक्षर ने दूसरे सत्र में उम्दा गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया था। उन्होंने आखिरी सत्र में भी दो विकेट लिए। भारत को मैच में लौटाने का श्रेय वैसे उमेश यादव को जाता है, जिन्होंने लंच से ठीक पहले केन विलियमसन को सस्ते में आउट करके मेजबान को राहत दिलाई थी। अक्षर ने 34 ओवर में 62 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरे सत्र में 13 रन के भीतर रोस टेलर (11), हेनरी निकोल्स (दो) और टॉम लाथम (282 गेंद में 95 रन) को पवेलियन भेजा। आखिरी सत्र में उन्होंने टॉम ब्लंडेल (13) और टिम साउदी (पांच) को बोल्ड किया। अश्विन ने 42.3 ओवर में 82 रन देकर तीन विकेट लिए। रविंद्र जडेजा ने रचिन रविंद्र (13) को आउट किया। इससे पहले उमेश ने दूसरी नई गेंद से कामयाबी हासिल की और आफ स्टम्प पर जाती उनकी गेंद पर विलियमसन चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। उन्होंने 64 गेंदें खेलकर 18 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 68 रन जोड़े।

सलामी बल्लेबाज विल यंग पहले टेस्ट शतक से चूक गए और 218 गेंद में 89 रन बनाने के बाद अश्विन का शिकार हुए। विलियमसन क्रीज पर आने के बाद से सहज नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि रविंद्र जडेजा को दो चौके लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। अश्विन ने यंग को स्थानापन्न विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों लपकवाया। यंग और लाथम ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यंग ने अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 15 चौके लगाए। वहीं लाथम ने फ्रंटफुट पर शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। दूसरे सत्र में अक्षर ने शानदार गेंदबाजी की और बेहद खूबसूरत गेंद पर टेलर को आगे बढ़कर खेलने को मजबूर किया, जिनका कैच विकेट के पीछे श्रीकर भरत ने लपका। निकोल्स स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। वहीं लाथम को भी आगे बढकर खेलने का खामियाता भुगतना पड़ा और भरत ने स्टम्पिंग करने में चूक नहीं की। पहले सत्र के दौरान अश्विन और अंपायर नितिन मेनन के बीच बहस भी हुई। इससे पहले अश्विन जब विलियमसन को गेंदबाजी कर रहे थे तो उनके फॉलोथ्रू को लेकर मेनन ने ऐतराज जताया। अश्विन फॉलोथ्रू में डेंजर एरिया में जा रहे थे और अंपायर ने उन्हें कई बार टोका। अंपायर का कहना था कि वह सामने आएंगे तो उन्हें फैसले लेने में दिक्कत होगी क्योंकि कुछ नजर नहीं आएगा। अश्विन और कप्तान अजिंक्य रहाणे से बात करने के बाद मामला सुलझ गया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 345 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी**

| | |
|---|---|
| लाथम स्ट सब (केएस भरत) ओ अक्षर पटेल | 95 |
| विल यंग का सब (केएस भरत) बो अश्विन | 89 |
| केन विलियमसन पगबाधा बो यादव | 18 |
| रॉस टेलर का सब बो अक्षर पटेल | 11 |
| हेनरी निकोल्स पगबाधा बो अक्षर पटेल | 02 |
| टॉम ब्लंडेल बो अक्षर पटेल | 13 |
| रचिन रविंद्र बो रविंद्र जडेजा | 13 |
| काइल जैमीसन का अक्षर पटेल बो अश्विन | 23 |
| टिम साउदी बो अक्षर पटेल | 05 |
| विलियम सोमरविले बो अश्विन | 06 |
| एजाज पटेल नाबाद | 05 |

**अतिरिक्त :** 16 रन

कुल योग : 142.3 ओवर में सभी आउट : 296 रन

**विकेट पतन :** 1-151, 2-197, 3-214, 4-218, 5-227, 6-241, 7-258, 8-270, 9-284

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| ईशांत शर्मा | 15-5-35-0 |
| उमेश यादव | 18-3-50-1 |
| रविचंद्रन अश्विन | 42.3-10-82-3 |
| रविंद्र जडेजा | 33-10-57 |
| अक्षर पटेल | 34-6-62-5 |

**भारत दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| मयंक अग्रवाल नाबाद | 4 |
| शुभमन गिल बो जैमीसन | 1 |
| चेतेश्वर पुजारा नाबाद | 9 |
| अतिरिक्त | 0 |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| साउदी | 2 . 1 . 2 . 0 |
| जैमीसन | 2 . 0 . 8 . 1 |
| पटेल | 1 . 0 . 4 . 0 |

**कुल योग :** पांच ओवर में एक विकेट पर 14 रन

**विकेट पतन :** 1-2

### वानखेड़े में भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट के लिए दर्शक होंगे मौजूद

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां तीन दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के दौरान वानखेड़े स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों को ही अनुमति दी जाएगी और मेजबान संघ का कहना है कि वह संख्या बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। वानखेड़े स्टेडियम में 30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि वे इस सीमा को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कराने की कोशिश करेंगे।

अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित आम आदेश के अनुसार अभी तक वानखेड़े टेस्ट के लिए 25 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दी जाएगी। एमसीए उम्मीद लगाए है कि वे 50 प्रतिशत दर्शकों की अनुमति भी दे सकते हैं। इस स्टेडियम में अंतिम टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर 2016 में हुआ था। इस मैच से इस स्थल पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी भी होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल खेल गतिविधियां बंद हो गई थीं।

## कृणाल पंड्या ने बड़ौदा की कप्तानी छोड़ी

एजेंसी। वडोदरा

**मुंबई** इंडियंस और भारत के हरफनमौला खिलाड़ी कृणाल पंड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम की बेहद खराब अभियान के बाद बड़ौदा के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया है। बड़ौदा क्रिकेट संघ के अजीत लेले ने एजेंसी को बताया कि कृणाल ने शुक्रवार को राज्य निकाय को अपने फैसले से अवगत कराया लेकिन टीम की नेतृत्व की भूमिका छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया।

लेले ने कहा, वह एक खिलाड़ी के रूप में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले से बोर्ड अध्यक्ष को अवगत करा दिया हैं। उनके उत्तराधिकारी का नाम चयनकर्ताओं की कल की बैठक के बाद होगा। इस 30 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए पांच वनडे और 19 टी-20 मैच खेले हैं। अगले महीने शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए केदार देवधर कप्तान के पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। बड़ौदा सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में एक जीत और चार हार के साथ टीम ग्रुप बी में चार अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रही। इंडियन प्रीमियर लीग (ईपीएल) के नियमित खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने पिछले साल कृणाल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बड़ौदा टीम का साथ छोड़ दिया था। वह अब राजस्थान के लिए खेलते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हार के बाद मनप्रीत-हरमनप्रीत की उत्सावर्धक बातों से जूनियर हॉकी टीम में भरा जोश

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह और स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की उत्साहवर्धक बातों ने यहां एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्वकप के अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के खिलाफ निराशाजनक हार के बाद गत चैंपियन भारतीय टीम के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में मदद की। गत चैंपियन भारत को इस बार भी खिताब का दावेदार माना जा रहा है लेकिन टूर्नामेंट के पहले मैच में फ्रांस से 4-5 से हारने के बाद टीम ने कनाडा के खिलाफ शानदार वापसी की और 13-1 की बड़ी जीत दर्ज की।

### 'उम्मीद है कि भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा'

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला फरहान बेहार्डिएन को उम्मीद है कि नए कोरोना वायरस वैरिएंट के कारण भारतीय टीम का अगले महीने का दौरा रद्द नहीं होगा क्योंकि उनके देश के युवा क्रिकेटरों को इस श्रृंखला की बहुत जरूरत है। भारतीय टीम को जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी-20 मैच खेलने हैं। नए कोरोना वैरिएंट के चलते दौरा खटाई में पड़ता दिख रहा है। बीसीसीआई का कहना है कि श्रृंखला पर कोई भी फैसला सरकार की सलाह के आधार पर लिया जाएगा। बेहार्डिएन ने ट्वीट किया, उम्मीद है कि दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट खेलने वाला देश अगले महीने हमारे देश का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों की अगली पीढी को इसकी सख्त जरूरत है। समझा जाता है कि बीसीसीआई अगले कुछ दिन में इस बारे में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से बात करेगा। कोरोना के नए वैरिएंट बी .1.1.529 से दुनिया भर में दहशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ओमिक्रोन नाम दिया है। नए वैरिएंट का असर यहां खेलों पर पड़ता दिख रहा है। नीदरलैंड ने सेंचुरियन में वनडे श्रृंखला छोड़ दी है। वहीं यहां होने वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्वकप पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है। यह टूर्नामेंट पांच से 16 दिसंबर तक होना है।

### ग्लैडिएटर्स ने अबूधाबी टी-10 लीग में चौथी जीत दर्ज की

**अबूधाबी।** श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के शानदार प्रदर्शन के दम पर डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अबूधाबी टी-10 लीग में चेन्नई ब्रेव्स को पांच विकेट से हराकर चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम पहली पारी में 57 रन ही बना सकी। हसरंगा ने दो ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में डेक्कन ने भी रन बनाने की हड़बड़ी में शुरुआती विकेट गंवा दिए। खराब क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हालांकि चेन्नई को भुगतना पड़ा। डेविड वीसे और आंद्रे रसेल ने छठे ओवर में डेक्कन को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। यह चेन्नई की इस सत्र में छठी हार है और अभी तक उसके नाम एक भी जीत दर्ज नहीं है।

### इटली और पुर्तगाल विश्वकप प्लेआफ में एक ही ड्रा में

**जिनेवा।** कतर में 2022 में होने वाले फुटबॉल विश्वकप में या तो इटली की टीम खेलेगी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन इटली और पूर्व चैंपियन पुर्तगाल को शुक्रवार को निकाले गए प्लेआफ ड्रॉ में एक ही वर्ग में रखा गया है यानी एक का बाहर होना तय है। इटली को मार्च में प्लेआफ सेमीफाइनल में नॉर्थ मेसेडोनिया से खेलना है। इसके विजेता का सामना विश्वकप में जगह बनाने के लिए पुर्तगाल या तुर्की से होगा। चार बार की चैंपियन इटली 2018 विश्वकप नहीं खेल सकी थी और 1958 के बाद पहली बार क्वालीफाई नहीं कर पाई। अब उसे लगातार दूसरी बार विश्वकप से बाहर होने से बचने के लिए 2016 यूरो चैंपियन पुर्तगाल को हराना पड़ेगा। इटली के कोच राबर्टो मंचिनी ने कहा, यह अच्छा ड्रॉ नहीं है और बेहतर हो सकता था। हम पुर्तगाल से खेलने से बचना चाहते थे जैसे वे हमसे खेलना नहीं चाहते होंगे। रोनाल्डो 2006 के बाद सारे विश्वकप खेले हैं और खिताब जीतने का यह उनके पास आखिरी मौका है। बारह टीमों के ड्रॉ में स्कॉटलैंड का सामना उक्रेन से होगा और विजेता टीम वेल्स या आस्ट्रिया से खेलेगी। रूस का सामना पोलैंड से होगा और फाइनल में स्वीडन या चेक गणराज्य से टक्कर होगी। छह प्लेआफ सेमीफाइनल 24 मार्च से खेले जाएंगे। तीन फाइनल उसके पांच दिन बाद होंगे। तीन विजेता कतर में 2022 में होने वाले विश्वकप की 32 टीमों में शामिल होंगे।

### महिलाओं की चैलेंजर ट्रॉफी चार दिसंबर से विजयवाड़ा में

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार खिलाड़ियों जैसे शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना को शनिवार को चैलेंजर ट्राफी के लिए आराम दिया गया है जो चार दिसंबर से भारत ए और भारत बी की भिड़ंत के साथ शुरू होगी। चार टीम के टूर्नामेंट के सभी मैच विजयवाड़ा में खेले जाएंगे जो नौ दिसंबर को समाप्त होगा। भारत ए की अगुआई स्नेह राणा और भारत बी की अगुआई तानिया भाटिया करेंगी। भारत सी की कप्तान शिखा पांडे होंगी जबकि भारत डी का नेतृत्व पूजा वस्त्राकर करेंगी। भारत सी और भारत डी टीम के बीच पहला मैच भी चार दिसंबर को ही होगा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य स्टार खिलाड़ियों में हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स भी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी। ये सभी खिलाड़ी आस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग में खेली थीं। भारत डी की टीम में 13 खिलाड़ी हैं जबकि अन्य तीन टीम में 15-15 खिलाड़ियों को चुना गया है।

## खुद को सीमित ओवरों का विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर कभी नहीं देखा था: अक्षर

कुशान सरकार। कानपुर



**अपनी** शुरुआती सात टेस्ट पारियों (चार मैच) में 32 विकेट झटकने वाले अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी सफलता का राज, खेल में उनके कौशल का लुत्फ उठाना है और उन्हें टी-20 विशेषज्ञ नहीं कहा जा सकता है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 62 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारतीय टीम मैच में वापसी करने में सफल रही। महज सात पारियों में उन्होंने पांचवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने भले ही स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंदबाजी की हो लेकिन यह किसी अविश्वसनीय उपलब्धि की तरह है।

गुजरात के इस गेंदबाज ने कहा, जब भी मैंने प्रथम श्रेणी या भारत ए खेला हूं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मैंने खुद को कभी भी सफेद गेंद (सीमित ओवर का प्रारूप) के विशेषज्ञ के रूप में नहीं देखा है। उन्होंने कहा, यह सब बातें दिमाग में होती है कि आप खुद को क्या समझते हैं। एक सफेद गेंद विशेषज्ञ या लाल गेंद (टेस्ट) विशेषज्ञ। मुझे हमेशा से यह विश्वास था कि जब भी मौका मिलेगा मैं अच्छा करूंगा। उन्होंने ने कहा, मैं टीम के सदस्यों को मुझ पर विश्वास करने का श्रेय दूंगा और मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने में सक्षम रहा हूं। टीम में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दो विश्व स्तरीय स्पिनर की मौजूदगी में अतिरिक्त दबाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब भी मैं मैदान पर जाता हूं, मैं अपनी ओर से पूरा जोर लगता हूं। मैं यह नहीं सोचता कि अश्विन भाई और जड्डू हैं या नहीं, मैं बस खेल का लुत्फ उठाता हूं। अक्षर ने कहा, जब मेरे हाथ में गेंद होती है, तो मैं बस कोशिश करता हूं कि अपनी गेंदबाजी का आनंद लूं। पिच को समझने की कोशिश करता हूं और उसी के अनुसार योजना बनाता हूं। भारत- न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के खेल के बाद की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिच में ज्यादा दरार नहीं है और बहुत कम ऐसी गेंद हो रही जो ज्यादा स्पिन हो रही हो या कम उछाल ले रही हो। उन्होंने कहा, हमारे बल्लेबाज मैदान पर मौजूद थे और उनका आकलन था कि पिच की दरारें ज्यादा नहीं खुली हैं और केवल चुनिंदा गेंद ही कुछ स्पिन हो रही है।

### ओलंपिक में मुक्केबाजी का भविष्य बचाने के लिए कुई सुधार करेगा एआईबीए

**लुसाने।** ओलंपिक खेल के रूप में मुक्केबाजी का भविष्य बचाने के लिए निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) ने एक स्वतंत्र समूह द्वारा सुझाए गए महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दे दी है, जिनमें अगले साल जून तक चुनाव कराना, महासचिव की भूमिका को बढ़ाना और आईओसी से बिगड़े रिश्तों को सुधारने के लिए संपर्क अधिकारी की नियुक्त करना शामिल है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2019 में एआईबीए को निलंबित कर दिया था और टोक्यो ओलंपिक में मुक्केबाजी स्पर्धा एक कार्यसमूह के मार्फत कराई थी। आईओसी ने कहा था, एआईबीए के प्रशासन, वित्त, रैफरिंग और जजिंग को लेकर चिंताएं बरकरार है।

## नए कोविड वैरिएंट के आने के बाद महिला विश्वकप क्वालीफायर रद्द

एजेंसी। दुबई



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफ्रीकी क्षेत्र में कोविड-19 के नए स्वरूप का पता चलने के बाद अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्वकप के लिए हरारे में चल रहे क्वालीफायर शनिवार को रद्द कर दिए, जिससे रैंकिंग के आधार पर पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश ने क्वालीफाई किया। दक्षिण अफ्रीका में नए स्वरूप के पता चलने के बाद दुनिया भर में डर पैदा हो गया है, जिससे कई अफ्रीकी देशों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं।

आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट को रोकने का फैसला उसकी इस चिंता के आधार पर लिया गया है कि ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ने के बाद इसमें भाग लेने वाली टीमें वापस कैसे लौटेंगी। यह फैसला नौ टीमों के शुरुआती लीग चरण के टूर्नामेंट के दौरान लिया गया है, जिससे न्यूजीलैंड में होने विश्वकप 2022 विश्वकप के लिए अंतिम तीन क्वालीफायर के साथ आईसीसी महिला चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए दो अतिरिक्त टीमों का फैसला होता। आईसीसी ने एक बयान में कहा, क्वालीफायर पर फैसला अब टीम रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा जैसा की टूर्नामेंट खेलने की शर्तों में जिक्र किया गया है। इसलिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज अब न्यूजीलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में क्वालीफाई करेंगी। शनिवार को तीन से दो निर्धारित मैचों का खेल - जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान और अमेरिका बनाम थाईलैंड - शुरू हो गया था, लेकिन दिन का तीसरा मैच वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच नहीं कराया जा सका क्योंकि श्रीलंकाई टीम के सहयोगी कर्मचारी का एक सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया।

### सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टर, शिव ने जूनियर एवं युवा वर्ग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** हरियाणा के सरबजोत सिंह ने अपने छोटे से कॅरियर में पहली बार पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब शनिवार को अपने नाम किया, जबकि युवा सनसनी सौरभ चौधरी यहां चौथे स्थान पर रहे।

सरबजोत 24 निशाने के फाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले अपने राज्य के साथी शिव नरवाल से 0.5 अंकों से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने 10 और 10.5 के स्कोर से यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में 242.3 अंक जुटाकर विजई हुए। शिव ने इस दौरान 10.1 और 9.3 अंक का स्कोर किया। वह 241.7 अंक के साथ रजत पदक जीते। दिल्ली के हर्ष गुप्ता (221.2) तीसरे जबकि शीर्ष रैंकिंग और एशियाई चैम्पियन सौरभ 200.9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। शिवा ने हालांकि जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में सौरभ चौधरी को 0.2 अंक के मामूली अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।


### बल्लेबाज यंग ने स्पिनरों से निपटने के लिए स्टीड को श्रेय दिया

**कानपुर।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शनिवार को भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी की मुश्किल परिस्थितियों में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 89 रन की पारी खेली और स्पिन खेलने की कला सिखाने के लिए अपने कोच गैरी स्टीड को श्रेय दिया।

यंग (29 वर्ष) ने अपनी पारी के दौरान 14 बार गेंद सीमारेखा के पार कराई। उन्होंने कहा कि स्टीड के साथ अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों में की गई कड़ी मेहनत ने उन्हें स्पिन गेंदों का डटकर सामना करने में मदद की। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, तीन या चार साल हो चुके हैं। मैंने उनसे कुछ साथी खिलाड़ियों के साथ भारत में स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने की कला के बारे में सीखा था। यंग ने कैंटरबरी क्रिकेट क्लब के साथ अपनी ट्रेनिंग की याद करते हुए कहा, एक समय ऐसा भी था जब गैरी और मैं करीब दो हफ्ते तक ट्रेनिंग कर रहे थे और इसमें से एक ड्रिल ऐसी थी कि मुझे फ्रंट पैड के बिना ही स्वीप करना था।

## पहलवान रितु फोगाट एमएमए फाइनल में स्टैम्प फेयरटेक्स का सामना करेंगी

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** की पहलवान रितु फोगाट तीन दिसंबर को वन विमेंस एटम वेट (48 किग्रा वर्ग) वर्ल्ड ग्रां प्री चैंपियनशिप (मिक्स्ड मार्शल आर्ट) फाइनल में किक-बॉक्सिंग विश्व चैंपियन थाईलैंड की स्टैम्प फेयरटेक्स से भिड़ेंगी। फेयरटेक्स मॉय थाई की पूर्व विश्व चैंपियन भी हैं। मॉय थाई भी मार्शल आर्ट का एक रूप है जिसकी उत्पत्ति थाईलैंड में हुई थी। इसे आठ अंगों की कला कहा जाता है।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज रितु ने कहा कि वह सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में 48 किग्रा वर्ग के अपने आगामी मुकाबले की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। यहां जारी विज्ञप्ति में रितु ने कहा, भारत से अब तक कोई महिला एमएमए चैंपियन नहीं बनी है और अब मेरे पास इस स्थिति को बदलने और वैश्विक मंच पर भारतीय महिला को पहचान दिलाने का मौका है। मैं भारत को गौरवान्वित करने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा, मैं बहुत लंबे समय से फाइनल के लिए तैयारी कर रही हूं और मैंने पिछले दो वर्षों से अनगिनत घंटों तक प्रशिक्षण लिया है। उनके प्रतिद्वंद्वी, फेयरटेक्स को इस भार वर्ग में सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। भारत की 27 साल की खिलाड़ी ने कहा कि कुश्ती के अनुभव के कारण वह थाईलैंड की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फायदे में रहेंगी।

## ओलंपिक पदक विजेता सिंधू इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हारी


### थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रेचानोक इंतोनोन ने हराया

एजेंसी। बाली



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को इंडोनिशया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी रेचानोक ने 54 मिनट में 15-21, 21-9, 21-14 से हराया। यह लगातार तीसरी बार सिंधू की सेमीफाइनल में हार थी। वह पिछले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स और अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हारने से पहले टोक्यो ओलंपिक में भी सेमीफाइनल हार गई थी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का रेचानोक के खिलाफ इस मैच से पहले 4-6 का रिकॉर्ड था। वह पिछले दो मुकाबले भी हारी थी। सिंधू ने अच्छी शुरुआत करते हुए जल्दी ही 8-3 की बढ़त बना ली। रेचानोक ने यह अंतर 9-10 कर दिया और ब्रेक तक सिंधू के पास एक ही अंक की बढत थी। ब्रेक के बाद सिंधू ने लगातार तीन अंक बनाए और रेचानोक को मौका नहीं देकर पहला गेम जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में रेचानोक ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। अगले दस में से नौ अंक भी उसने अपने नाम करके दूसरा गेम जीत लिया। तीसरे गेम में सिंधू ने कई गलतियां की जिसका थाई खिलाड़ी ने फायदा उठाया। सिंधू आखिरी बार स्विस ओपन के फाइनल में पहुंची थी।

### जोकोविच के दम पर सर्बिया ने डेविस कप फाइनल्स में आस्ट्रिया को हराया



**इंसब्रक (आस्ट्रिया)।** शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच ने डेविस कप फाइनल्स में सर्बिया को जीत दिलाई जबकि 40 वर्ष के फेलिसियानो लोपेज ने गत चैंपियन स्पेन को शानदार शुरुआत दिलाई और युवा इतालवी टीम ने 32 बार के चैंपियन अमेरिका को हराया। जोकोविच ने डेनिस नोवाक को 6-3, 6-2 से मात देकर सर्बिया को मेजबान आस्ट्रिया पर 2- 0 से बढ़त दिलाई। वहीं दुसान लाजोविच ने गेराल्ड मेल्जर को तीन सेटों में हराया। डेविस कप एकल मैचों में जोकोविच का विजय अभियान 15 मैचों का हो गया है। वहीं मैड्रिड में ग्रुप ए के मुकाबले में स्पेन को इक्वाडोर पर बढत मिल गई जब लोपेज ने राबर्टो किरोज को 6-3, 6-3 से मात दी। पाब्लो कारेनो बस्टा ने इसके बाद एमिलियो गोमेज को हराया। लोपेज को एकल मुकाबला इसलिए खेलना पड़ा क्योंकि कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण कार्लोस अलकाराज टीम से बाहर हो गए थे। ग्रुप ई में अमेरिका को इटली ने हराया। लोरेंजो सोनेगो ने रीली ओपेलका को 6-3, 7-6 से मात दी जबकि जानिक सिनेर ने जॉन इसनेर को 6-2, 6-0 से हराया। युगल में राजीव राम और जैक सॉक ने फेबियो फोगनिनी और लोरेंजो मुसेती को हराकर स्कोर 2-1 कर दिया।

### भारत टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप महिला युगल, मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में



**ह्यूस्टन।** मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल और मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ऐतिहासिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर है। मनिका और अर्चना कामथ ने हंगरी की डोरा माडाराज और जॉर्जिना पोटा को 11-4, 11-9, 6-11, 11-7 से हराया। अब उनका सामना लक्जेमबर्ग की सारा डे नुटे और शिया लियान नि से होगा। सेमीफाइनल हारने वाले को भी कांस्य पदक मिलेगा।

मिश्रित युगल में मनिका और जी साथियान ने दो गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की कनक झा और चीन के वांग मानयु को हराया। उन्होंने 15-17, 10-12, 12-10, 11-6, 11-7 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना जापान के हारिमोतो तोमोकाजू और हयाता हीना से होगा। साथियान ने कहा, यह शानदार टूर्नामेंट रहा है। मजबूत टीम के खिलाफ हमने अच्छी वापसी की। हम इस लय को कायम रखना चाहेंगे। जापानी जोड़ी के खिलाफ मुकाबला कठिन होगा लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मिश्रित युगल में अचंत शरत कमल और अर्चना को प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की जिया नान युआन और एमैन्युअल लेबेसन ने हराया।

बच्चों के बीच तथा बच्चों और शिक्षकों के बीच समृद्ध चर्चाओं को शामिल करते हुए बच्चों को उनके सीखने के संवाद में सक्षम और हासिल करने में समर्थ के तौर पर देखना।

# डेटा से निर्धारित आकलन बच्चों के सीखने में मदद नहीं कर रहा है

(मार्टिना टैसोन, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न)

बच्चों के जन्म से आठ वर्ष की आयु तक उनके सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक वर्षों की शिक्षा खंडित है। यह दो तरीके से चलती है, पूर्व-अनिवार्य अवधि, जिसे अक्सर बचपन की शिक्षा कहा जाता है, और अनिवार्य स्कूली शिक्षा के पहले तीन साल।

हाल के दिनों में इन तीन वर्षों में ऐसे आकलन पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो संख्यात्मक सूचनाएं निर्मित करता है। शिक्षकों को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता है कि बच्चे मानकों को पूरा कर रहे हैं। इसके विपरीत, पूर्व-अनिवार्य वर्षों में बच्चों को देखने और उनके साथ बातचीत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह चलन इस विश्वास पर आधारित हैं कि सभी बच्चों के पास क्षमताएं होती हैं और वे सक्षम शिक्षार्थी हैं। इन अलग-अलग शिक्षा प्रणालियों के बीच एक खाई पैदा हो गई है। बच्चे पलक झपकते ही खेलने से लेकर परीक्षा देने तक चले जाते हैं। छोटे बच्चों की शिक्षा में यह अचानक परिवर्तन समस्या है। शोध हमें प्रारंभिक वर्षों के बारे में क्या बताता है? प्रारंभिक वर्षों में सर्वोत्तम प्रथाओं पर शोध की 2015 की समीक्षा ने सफल शिक्षण और सीखने के प्रमुख कारकों की पहचान की। समीक्षा ने इन बातों के महत्व पर ध्यान दिया: पूर्व-स्कूली शिक्षा और अनिवार्य स्कूली शिक्षा के बीच एक सहज परिवर्तन।

## खेल-कूद आधारित शिक्षण

बच्चों के बीच तथा बच्चों और शिक्षकों के बीच समृद्ध चर्चाओं को शामिल करते हुए बच्चों को उनके सीखने के संवाद में सक्षम और हासिल करने में समर्थ के तौर पर देखना। ऑस्ट्रेलिया ने प्राथमिक स्कूलों में एक अनिवार्य पाठ्यक्रम और एक राष्ट्रीय मूल्यांकन कार्यक्रम शुरू किया है। समीक्षा में कहा गया है कि इसका मतलब है कि कई शुरुआती वर्षों में शिक्षकों ने स्कूलों में शिक्षण के लिए अधिक औपचारिक और संकीर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। यह छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं है।

एक ओर, शिक्षकों को जन्म से आठ वर्ष तक के बच्चों की आवश्यकताओं को स्वीकार करने की आवश्यकता है। दूसरी ओर, पांच से 12 वर्ष की आयु के बच्चो के लिए, शिक्षकों को पाठ्यक्रम मानकों का आकलन करने और रिपोर्ट देने की आवश्यकता होती है। स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में औपचारिक मूल्यांकन और संख्यात्मक सूचनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब है कि छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर असफल होने का लेबल लगाया जा सकता है। फिनलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में, जिन्हें उच्च प्रदर्शन करने वाले देश के रूप में पहचाना गया है, वहां बच्चे छह या सात साल की उम्र से पहले औपचारिक स्कूली शिक्षा शुरू भी नहीं करते हैं।



## बच्चों को बच्चा बने रहने दें

यह समय स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों को फिर से देखने और यह सुनिश्चित करने का है कि शिक्षकों के पास इस चरण में शिक्षार्थियों की मदद करने के लिए आवश्यक कौशल और समझ है। ये साल एक ऐसा समय होना चाहिए जब बच्चे व्यस्त हों और सीखने के लिए उत्साहित हों, बहुत खुशी का समय हो, और एक ऐसा समय हो जब बच्चों को बच्चे रहने की अनुमति दी जाए।

# वर्क फ्रॉम होम और औरतें

वर्क फ्रॉम होम कल्चर ने उन औरतों के लिए नए दरवाजे खोलें हैं, जिन्होंने पहले परिवार में बच्चों और बूढ़ों को देखने के लिए अच्छे कॅरियर के बावजूद नौकरियां छोड़ी हैं। जॉब्स फॉरहर पोर्टल की एक रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार 300 बड़ी कंपनियों ने ऐसी मेधावी शिक्षित व स्मार्ट औरतों के अवसर देने शुरू किए हैं, जो पहले से खासी ट्रेन की जा चुकी हैं और उन से व्यवहार करना पुरुषों से ज्यादा आसान होता है।

इन औरतों के घर संभालते हुए बाहर के काम करने की डबल आदत पहले से होती है और ये पुरुषों की तरह आलसी और क्रिकेट मैच के लिए टीवी के सामने बैठने वाली भी नहीं हैं। जिनकी योग्यता अच्छी है वे सोप ऊपेरा टाइप की सास बहू धारावाहिकों के चक्कर में भी नहीं रहते। आज की शिक्षित युवा औरतों को अपने व्यक्तित्व की दक्षता ज्यादा होती है। अगर टेक्नोलॉजी ने औरतों को आज भी घर की किचन और बेड से छुटकारा नहीं दिलाया है तो वर्क फ्रॉम होम अवश्य उनके जीवन में क्रांति ला देगा और वर्षों की जम कर की गई पढ़ाई बेकार नहीं जाएगी। बस ऐसी औरतों को यह ध्यान रखना होगा कि वे धर्म के चक्करों में न पड़ें। आजकल कोविड के जमाने में पंडों के जुल्म पर प्रवचन सुनाने शुरू कर दिए हैं, ऑनलाइन दान देना शुरू कर दिया है, ऑनलाइन पाखंडी क्रियाओं का सिलसिला शुरू कर दिया है। पुरुषों के लिए तो धर्म जरूरी है क्योंकि उसी के सहारे वे वर्ण व्यवस्था को वापस रखते हैं। हिंदू-मुस्लिम करके राजनीति करते हैं। नौकरियां मिलने पर घर में ही रहकर औरतें इन पाखंडों से भी बच सकेंगी और अपना खुद का पैसा भी बचा सकेंगी। आज दोहरी इनकम बहुत जरूरी है चाहे बच्चे कम हो। आज हर औरत को कोविड के अचानक प्रहार के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आज वैसे भी चिकित्सा का बोझ भी बढ़ने लगा है क्योंकि सरकार ने चिकित्सा सुविधा से हाथ पूरी तरह खींच लिया है। औरतों की अतिरिक्त कमाई उन के लिए बहुत जरूरी है।



**वर्क फ्रॉम होम तो एक तरह से औरतों के लिए आरक्षित हो जाना चाहिए और हर सरकारी व गैर सरकारी कंपनी को रिजर्वेशन देनी चाहिए।**

वर्क फ्रॉम होम तो एक तरह से औरतों के लिए आरक्षित हो जाना चाहिए और हर सरकारी व गैर सरकारी कंपनी को रिजर्वेशन देनी चाहिए। जरूरी हो तो इसका कानून बनें। औरतें अगर डेटा कनेक्शन खरीदें, मोबाइल खरीदें, लैपटॉप खरीदें तो उन्हें करों में वैसे ही छूट दी जानी चाहिए जैसी स्टैंप ड्यूटी में दी जा रही है जिसके कारण आज बहुत संपत्ति औरतों के हाथ में आने लगी है।

# अपनी तकनीकी योग्यता को उन्नत करें

**कोविड-19 महामारी के बाद व्यवसायों में डिजिटल परिवर्तन आया है। गतिशील आवश्यकताओं के अनुकूल होने के लिए, पेशेवरों को हमेशा नए जमाने की तकनीकें प्राप्त करने की तलाश में रहना चाहिए**

**कोविड**-19 के प्रकोप से दैनिक कार्यों में आई अशांति ने व्यवसायों को निरंतर व्यावसायिक संचालन हेतु डजिटल परिवर्तन करने के लिए प्रेरित किया है। इससे डिजिटल कौशल वाले पेशेवरों की मांग में भारी वृद्धि हुई है। उद्योग की मांगों के अनुसार व्यावसायिक समाधान निर्मित करने व अनुकूलित करने के लिए, पेशेवरों को डेटा साइंस, एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कॅरियर कौशलों के साथ खुद को लैस करने की आवश्यकता है। गतिशील व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुकूल होने के लिए, पेशेवरों को हमेशा इन कौशलों को हासिल करने व आजीवन सीखने के विचार को अपनाने की तलाश में रहना चाहिए। आज, कई एडटेक संगठन अपने प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम गुणवत्ता वाले मुफ्त शिक्षण संसाधन प्रदान कर रहे हैं। बिना किसी लागत के, इन व्यापक रूप से उपलब्ध अल्पावधि-कार्यक्रमों ने लाखों छात्रों और पेशेवरों को सर्वाधिक मांग वाले कौशल सीखने का अधिकार दिया है। इस तरह के कार्यक्रम शिक्षार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं का एक स्वाद प्रदान करते हैं और उन्हें उनके कॅरियर में आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**सही कार्यक्रम चुनें:** लगातार विकसित हो रही डिजिटल दुनिया में सफल होने के लिए, शिक्षार्थियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे पेशेवर जीवन में निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए सक्षम शिक्षण भागीदारों द्वारा प्रदत्त सही कौशल को चुनें। नीचे कुछ पैमाने दिए गए हैं, जो शिक्षार्थियों को एक जानकार निर्णय लेने और सबसे उपयुक्त मुफ्त शिक्षण कार्यक्रम चुनने में मदद कर सकते हैं।

- **चयनित क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसर:** शिक्षार्थियों को बाजार में उपलब्ध उन सभी कॅरियर अवसरों का विश्लेषण करना चाहिए, जो उनकी रुचियों के अनुरूप हों। उन्हें अपने मौजूदा क्षेत्र में उद्योग की आवश्यकताओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए या नए रास्ते तलाशने चाहिए जो अधिक फायदेमंद हों।
- **साख की जांच करें:** यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि किसी भी एडटेक प्लेटफॉर्म द्वारा पेश किए जाने वाले प्रोग्राम साख में एक अत्यंत सुसंरचित पाठ्यक्रम, उद्योग-प्रासंगिक केस स्टडी और लाइव सत्र शामिल होने चाहिए।

**प्लेटफॉर्म के बारे में शोध करें:** विभिन्न एडटेक मंचों द्वारा प्रस्तावित किए गए कार्यक्षेत्र में अनेक पाठ्यक्रमों की तुलना करने का प्रयास करें और अपनी आवश्यकता अनुसार सर्वोत्तम पाठ्यक्रम चुनने का फैसला करें।

- **शिक्षण मंच ग्रेट लर्निंग एकेडमी:** ग्रेट लर्निंग एकेडमी ग्रेट लर्निंग द्वारा एक ऑनलाइन भंडार है, जो महत्वपूर्ण कॅरियर कौशल पर केंद्रित 700 से अधिक कार्यक्रमों में उच्च गुणवत्ता से संरचित शिक्षण सामग्री प्रदान करती है। नीचे सूचीबद्ध कुछ अन्य मंचों के विपरीत, ग्रेट लर्निंग अकादमी स्व-पुस्तक पाठ्यक्रमों के अलावा विशेषज्ञों के साथ मुफ्त लाइव शिक्षण सत्र, कॅरियर मार्गदर्शन और वेबिनार भी प्रदान करती है। मंच का उद्देश्य छात्रों व नौकरीशुदा पेशेवरों को उनकी योग्यता निखार यात्रा शुरू करने का एक मुकाम प्रदान करना है। अकादमी में पेश किए जा रहे शीर्ष कार्यक्रमों में एनालिटिक्स, प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, बिग डेटा और बिजनेस फाइनेंस आदि शामिल हैं।



ये मुफ्त शुरुआती और मध्यवर्ती स्तर के कार्यक्रम उद्योग मामले के अध्ययन, साप्ताहिक लाइव सत्र और कॅरियर की तैयारी सामग्री के साथ मिश्रित हैं। उनका उद्देश्य शिक्षार्थियों को इस बात का स्वाद प्रदान करना है कि इनमें से प्रत्येक कौशल में क्या शामिल होगा, जिससे उन्हें उनकी रुचि के अनुसार कॅरियर बनाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक कार्यक्रम के पूरा होने पर, शिक्षार्थियों को ग्रेट लर्निंग से कोर्स पूरा होने का प्रमाण पत्र दिया जाता है। ग्रेट लर्निंग एकेडमी के कॅरियर बूस्ट सेक्शन पर प्रदान की गई समग्र कॅरियर सहायता व प्रासंगिक नौकरी लिस्टिंग तक पहुंच हासिल कर शिक्षार्थी कॅरियर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। लगभग 300 संगठन कॅरियर बूस्ट पर अपने उद्घाटन-सूची बनाते हैं, जहां शिक्षार्थी योग्यता परीक्षा देने के बाद अपनी पहुंच बना सकते हैं।

- **स्किल्सबिल्ड:** स्किलबिल्ड देश में मौजूदा कौशल की खाई को पाटने के प्रयास में आईबीएम द्वारा पेश किया गया एक मुफ्त डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यह छात्रों, नौकरी चाहने वालों और उद्यमियों को मुफ्त ऑनलाइन शोध व परामर्श सहायता प्रदान करता है, जिसे उनके करियर और व्यवसायों को फिर से बनाने में मदद करने हेतु डिजाइन किया गया है। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, आईबीएम ने ब्लॉकचैन, आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई, 3डी प्रिंटिंग, आदि जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में कुशल श्रमिकों का एक पूल बनाने में मदद करने और ग्रामीण भारत के कार्यबल के बीच कौशल अंतर को पाटने हेतु 30 वैश्विक संगठनों और 11 भारतीय संगठनों के साथ सहयोग किया है। यह प्रोग्राम स्थानीय भाषाओं में, और व्यक्तिगत सलाह के साथ, 3-6 महीने के भीतर नौकरी चाहने वालों को पेशेवर कार्यस्थल की तैयारी व तकनीकी कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **कैंपस के लिए कौरसेरा:** कोविड-19 के प्रकोप के कारण वैश्विक तालाबंदी के दौरान पिछले साल कौरसेरा द्वारा 'कोर्सेरा फार कैम्पस' अभियान की शुरुआत की गई थी। कॉलेज के छात्रों को शिक्षा का निर्बाध प्रवाह प्रदान करने की अप्रत्याशित आवश्यकता को बदलते हुए, कौरसेरा ने उच्च माध्यमिक शिक्षार्थियों को उद्योग-प्रासंगिक कौशल के साथ खुद को लैस करने हेतु मुफ्त पाठ्यक्रम प्रदान करना शुरू कर दिया। वास्तव में, इस मंच के माध्यम से, भागीदार विश्वविद्यालयों को 4,200 से अधिक पाठ्यक्रमों तक पहुंच प्रदान की जाती है, जिन्हें वे अपने पाठ्यक्रम में समेकित रूप से एकीकृत कर सकते हैं।

नामांकित छात्र विभिन्न निर्देशित परियोजनाओं के माध्यम से डेटा विज्ञान, डिजाइन, परियोजना प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग में अपेक्षित कौशल सीखने हेतु प्रमुख विश्वविद्यालयों व येल, गूगल, आईबीएम जैसी कंपनियों से ऑन-डिमांड वीडियो व्याख्यान के माध्यम से जानने में सक्षम होते हैं। शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रमों के पूरा होने पर पेशेवर प्रमाणपत्रों से भी पुरस्कृत किया जाता है।

- **एडएक्स:** एडएक्स के साथ, शिक्षार्थी 140 विश्वस्तरीय कॉलेजों व विश्वविद्यालयों से 2500 से अधिक मुफ्त ऑनलाइन इंटरेक्टिव पाठ्यक्रम चुन सकते हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा स्थापित, एडएक्स कंप्यूटर विज्ञान, व्यवसाय और प्रबंधन, इंजीनियरिंग, भाषा, डेटा विज्ञान और मानविकी में कक्षाएं प्रदान करता है। छात्र विषय, स्कूल या पार्टनर, स्तर (उन्नत के माध्यम से परिचयात्मक) और भाषा के आधार पर पाठ्यक्रम ब्राउज कर सकते हैं।

प्रस्तावित ये सभी कार्यक्रम स्व-गति आधारित हैं और इसलिए, शिक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार सीखने में सक्षम बनाते हैं।

**-लेखक हरि कृष्णन नायर, ग्रेट लर्निंग के सह-संस्थापक हैं।**

